RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 218
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 16 सितंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



इस खूबसूरत जगह पर पूरे साल होती है बारिश पर नहीं आती बाढ़

पेज - 11

# गुजरात में नई कैबिनेट का गठन आज, 1.30 बजे दिलाई जाएगी शपथ

एजेंसी। अहमदाबाद

**गुजरात** में मुख्यमंत्री बदलने के बाद नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण गुरुवार दोपहर 1.30 बजे होगा। इसमें सभी पुराने मंत्रियों को हटाया जाएगा। 27 नए विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की शपथ के 2 दिन बाद बुधवार को मंत्रिमंडल का गठन किया जाना था, लेकिन इससे पहले टीम के कुछ साथी नाराज बताए गए। पहले बुधवार दोपहर 2 बजे होने वाला कार्यक्रम शाम के लिए टाला गया। अब यह गुरुवार को दोपहर 1.30 बजे होगा। भूपेंद्र पटेल की नई टीम को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, डिप्टी सीएम नितिन पटेल नाराज बताए जा रहे हैं।

दरअसल, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल पूरा मंत्रिमंडल नया चाहते हैं। कैबिनेट में महिलाओं की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है। विजय रुपाणी सरकार में शामिल रहे 11 कैबिनेट मंत्रियों में से सिर्फ दिलीप ठाकोर, गणपत वसावा और जयेश राडाडिया को ही नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की उम्मीद है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है भूपेंद्र पटेल नए मुख्यमंत्री हैं, इसलिए उनकी टीम में भी नए सदस्य होंगे। पहले कहा जा रहा था कि उनकी कैबिनेट में कुछ वरिष्ठ मंत्री होंगे, लेकिन अब ऐसा नहीं लग रहा। वहीं जाति और क्षेत्र के समीकरणों को भी ध्यान में रखा जाएगा। कैबिनेट में 22 या 25 सदस्यों को रखने की बजाय 27 सदस्यों का पूरा मंत्रिमंडल गठन करने की उम्मीद है।

## सारे पुराने मंत्री बदलना चाहते हैं भूपेंद्र

गुजरात में मंत्रिमंडल विस्तार से पहले भाजपा में कलह शुरू हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल और मंत्री भूपेंद्र सिंह चुडासमा नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, नाराजगी मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के कैबिनेट विस्तार को लेकर ही है। खबरें ये भी आईं कि नितिन पटेल ने मंगलवार रात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला से भी मुलाकात की। दोनों के बीच लंबी बातचीत भी चली। इसे लेकर भाजपा हाईकमान परेशान है। दरअसल, भूपेंद्र पटेल और नितिन पटेल दोनों ही पाटीदार समाज से हैं। ऐसे में सीएम और डिप्टी सीएम पर एक ही समाज के चेहरे बैठाने से हाईकमान भी बचना चाह रही है। नितिन की नाराजगी यहीं से शुरू होती है। भूपेंद्र सिंह चूडासमा को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। कौशिक पटेल भी खतरे के दायरे में हैं। तीनों ही विजय रुपाणी के करीबी हैं, तो वे भी नाराज ही हैं।



## रुपाणी कैबिनेट के सब दिग्गज होंगे बाहर, 27 विधायक बनेंगे मंत्री

### इन विधायकों को बनाया जा सकता है मंत्री

| | | | |
|---|---|---|---|
| निमाबेन आचार्य | भुज | पंकज देसाई | नडियाड |
| जगदीश पटेल | अमराईवाड़ी | कुबेर डिंडोर | संतरामपुर |
| शशिकांत पंड्या | दीसा | केतन इनामदार | सावली |
| ऋषिकेश पटेल | विसनगर | मनीषा वकील | वडोदरा |
| गजेंद्र सिंह परमार | प्रांतिज | दुष्यंत पटेल | भरूच |
| गोविंद पटेल | राजकोट | संगीता पाटिल | सूरत |
| आरसी मकवाना | महुवा | नरेश पटेल | गणदेवी |
| जीतू वरानी | भावनगर | कनुभाई देसाई | पारदी |

# सीएम मनोहर की तबीयत बिगड़ी, निकले नॉर्मल

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई है। ऐसे में उन्हें बीच में ही काम छोड़ना पड़ा। चेकअप के लिए तुरंत डॉक्टरों को बुलाया गया। जांच में कोई गंभीर समस्या सामने नहीं आई, ऐसे में फिलहाल डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है।

मुख्यमंत्री की तबीयत बिगड़ने के बाद प्रदेश में अलग-अलग चर्चाएं हो रही हैं। सीएम को गुरुवार को गवर्नर से मुलाकात करनी है। दिल्ली जाने का भी कार्यक्रम है। अब उनके बीमार होने के चलते कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री



बुधवार को सिंघु बॉर्डर को खुलवाने को लेकर अफसरों के साथ हाईलेवल मीटिंग लेने वाले थे। मंगलवार को हुई बैठक में किसानों ने एक तरफ का रास्ता खोलने का भरोसा दिया था, जिस पर आगे की रणनीति तय होनी थी। जब उनकी तबीयत खराब हुई उस वक्त वो चंडीगढ़ में परिवार पहचान पत्र की बैठक ले रहे थे।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,723 | 476 |
| निफ्टी | 17,519 | 139 |
| सोना | 46,214 | 438 /10 gm |
| चांदी | 62,140 | 633/ kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 30.00°C
न्यूनतम 24.03°C

## क्विक न्यूज

### भारत ने रूस में एससीओ सैन्य अभ्यास में लिया भाग

**नई दिल्ली।** भारत ने रूस के ओरेनबर्ग क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी सैन्य अभ्यास में भाग लिया है, जिसका आयोजन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तत्वावधान में किया गया है। भारतीय सेना ने कहा कि भारत ने 13 से 25 सितंबर के बीच आयोजित एक्सरसाइज पीसफुल मिशन के छठे संस्करण के लिए 200 कर्मियों की एक टीम भेजी है। उसने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य एससीओ सदस्य देशों के बीच प्रगाढ़ संबंधों को बढ़ावा देना तथा बहुराष्ट्रीय सैन्य टुकड़ियों को कमान देने की सैन्य अधिकारियों की क्षमता को बढ़ाना है।

### हरियाणा भाजपा ने अमरिंदर के खिलाफ किया प्रदर्शन

**रोहतक।** हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा ने बुधवार को पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की उस टिप्पणी को लेकर पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें किसानों को दिल्ली की सीमाओं पर या इस पड़ोसी राज्य में कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन करने का सुझाव दिया गया था। आलोचनाओं के बीच अमरिंदर सिंह ने मंगलवार को किसान संगठनों पर उनकी अपील को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया था। भाजपा कार्यकर्ताओं और उसकी युवा इकाई भाजयुमो के सदस्यों ने कई जगहों पर पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका।

### वोट काटने नहीं उतरी है एआईएमआईएम: ओवैसी

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि वह मुसलमानों का वोट काटने के लिए नहीं बल्कि उन्हें सियासत में हिस्सेदारी दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश विन चुनाव के मैदान में उतर रहे हैं।

## टेलीकॉम सेक्टर पर केंद्र मेहरबान

# बिना मंजूरी हो सकेगा 100 फीसद विदेशी निवेश

### कनेक्शन प्रीपेड से पोस्टपेड करने को नहीं भरना होगा केवाईसी

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में टेलीकॉम और ऑटो सेक्टर्स के क्षेत्र में कई बड़े फैसले किए गए। केंद्र सरकार ने टेलीकॉम सेक्टर के लिए राहत पैकेज को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा टेलीकॉम सेक्टर में ऑटोमैटिक रूट से 100 फीसद विदेशी निवेश को भी मंजूरी मिल गई है। इस सेक्टर में 9 बड़े संरचनात्मक बदलाव करने का फैसला किया है। सरकार ने ऑटो और ड्रोन सेक्टर के लिए 26,058 करोड़ रुपये की पीएलआई स्कीम को भी मंजूरी दे दी है। इसमें से 25938 करोड़ रुपये ऑटो मोबाइल सेक्टर का दिए जाएंगे। 120 करोड़ रुपये ड्रोन इंडस्ट्री को दिए जाएंगे।

केंद्र सरकार ने टेलीकॉम सेक्टर के लिए राहत पैकेज को भी मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने टेलीकॉम सेक्टर में 9 बड़े स्ट्रक्चरल बदलाव करने का फैसला किया है। एजीआर की परिभाषा को बदलते हुए इससे गैर टेलीकॉम रेवेन्यू को बाहर किया जाएगा। एजीआर में ब्याज को कम करके दो फीसद सालाना किया गया है। इसके अलावा इस पर लगने वाली पेनल्टी को भी खत्म कर दिया गया है। इससे टेलीकॉम कंपनियों को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि टेलीकॉम सेक्टर में ऑटोमैटिक रूट से 100 फीसद विदेशी निवेश को मंजूरी दे दी गई है। केवाईसी प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होगी। नया सिम लेते वक्त अब सिर्फ सेल्फ केवाईसी करना होगा। पोस्टपेड से प्रीपेड या प्रीपेड से पोस्टपेड कराने में अब कोई फॉर्म नहीं भरना होगा। इसके लिए डिजिटल केवाईसी मान्य होगा। सिम लेते वक्त दिए गए डॉक्युमेंट्स, जो वेअरहाउस में हैं उन्हें भी डिजिटलाइज्ड किया जाएगा।



अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री

### अब 20 नहीं 30 साल के लिए की जाएगी स्पेक्ट्रम नीलामी

वैष्णव ने बताया कि टेलीकॉम सेक्टर को सभी बकाया के लिए 4 साल का मोरेटोरियम दिया जाएगा। यानी वे अपना बकाया 4 साल के लिए टाल सकते हैं, लेकिन उन्हें इस दौरान बकाया का ब्याज देना होगा। यह व्यवस्था पिछली डेट में नहीं बल्कि अब से लागू होगी। इसके अलावा स्पेक्ट्रम की नीलामी अब 20 साल की जगह 30 साल के लिए की जाएगी। टावर सेटअप करने का प्रॉसेस में कई विभागों के अप्रूवल लगते थे। अब सेल्फ अप्रूवल से काम चल जाएगा। एक ही पोर्टल डीओटी से अप्रूवल मिल जाएगा। लाइसेंस राज खत्म कर दिया गया है। सरकार ने ऑटो और ड्रोन सेक्टर के लिए 26,058 करोड़ रुपये की पीएलआई स्कीम को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट के इस फैसले से ऑटो सेक्टर में नौकरियां बढ़ेंगी। सरकारी अनुमान के मुताबिक 7.6 लाख लोगों को नौकरियां मिलेंगी। इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे ऑटो सेक्टर में अगले 5 साल में 47,500 करोड़ रुपये का नया निवेश आएगा।

### पेप्सिको ने मथुरा में 814 करोड़ रुपये का खाद्य संयंत्र शुरू किया

**नई दिल्ली।** खाद्य और पेय पदार्थ कंपनी पेप्सिको ने बुधवार को कहा कि देश में उसका कारोबार में बदलाव आ रहा है और वह लंबे समय तक देश में निवेश करना जारी रखेगी। कंपनी ने इसी कड़ी में बुधवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में 814 करोड़ रुपये की लागत से तैयार कोसी कलां खाद्य संयंत्र का संचालन शुरू किया। यह देश में विनिर्माण को लेकर उसका सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड निवेश है। पेप्सिको इंडिया के अध्यक्ष अहमद अलशेख ने कहा, भारत की तरह पेप्सिको का कारोबार भी यहां बदल रहा है। हम लंबी अवधि के लिए निवेश करना जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि अपनी तीन दशक पुरानी यात्रा में पेप्सिको देश की सबसे बड़ी खाद्य और पेय कंपनियों में से एक बन गई है।

# कर्ज में डूबी एयर इंडिया के अधिग्रहण के लिए टाटा संस ने लगाई बोली

एजेंसी। नई दिल्ली

**घाटे** में चल रही सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया के अधिग्रहण के लिए टाटा संस ने बोली लगाई है। कंपनी के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। वहीं, डिपार्टमेंट ऑफ इनवेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट (डीआईपीएएम) ने जानकारी दी कि एयर इंडिया अधिग्रहण संबंधी रुचि पत्र मिल गया है। इसी के साथ ये प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस ने सोमवार को समय सीमा समाप्त होने से पहले रुचि पत्र जमा किया। सरकार ने भी साफ कर दिया कि उसे एयर इंडिया अधिग्रहण के लिए कई प्रस्ताव मिले हैं। डीआईपीएएम सचिव तुहिन कांत पांडे ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है।

बता दें कि एयर इंडिया को बेचने की प्रक्रिया जनवरी 2020 में ही शुरू कर दी गई थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसमें लगातार देरी हुई। अप्रैल 2021 में सरकार ने एक बार फिर योग्य कंपनियों से बोली लगाने को कहा। 15 सितंबर बोली लगाने का आखिरी दिन था। साल 2020 में भी टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया के अधिग्रहण को लेकर रुचि पत्र दिया था। सरकार ने 2017 से ही एयर इंडिया की नीलामी के प्रयास शुरू कर दिए थे, लेकिन तब कंपनियों ने रुचि ही नहीं दिखाई थी। अक्टूबर में सरकार ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओएल) के नियमों में ढील दी, जिसके बाद कर्ज में डूबे एयर इंडिया को खरीदने में कुछ कंपनियों ने रुचि दिखाई। नए नियमों के तहत ही कर्ज के प्रावधानों में नरमी बरती गई ताकि स्वामित्व वाली कंपनी को पूरा कर्ज न वहन करना पड़े। 2007 में घरेलू ऑपरेटर इंडियन एयरलाइंस के साथ विलय के बाद से ही एयर इंडिया घाटे में चल रहा है। इस एयरलाइन की स्थापना टाटा ने 1932 में एक मेल करियर के रूप में की थी। अब जो भी कंपनी इसका स्वामित्व हासिल करेगी उसे 4400 घरेलू उड़ानें, देश में 1800 अंतरराष्ट्रीय लैंडिंग और पार्किंग की जगह मिलेगी।



**जनवरी 2020 में शुरू हो गई थी एयर इंडिया को बेचने की प्रक्रिया**

**1932 में एक मेल करियर के रूप में टाटा ने ही की थी इसकी स्थापना**

### 67 साल बाद हो सकती है 'घर वापसी'

अगर टाटा के साथ सरकार का सौदा पक्का हो जाता है तो विमानन कंपनी की 67 साल बाद 'घर वापसी' हो सकती है। टाटा समूह ने अक्टूबर 1932 में टाटा एयरलाइंस के नाम से एयर इंडिया की शुरुआत की थी, जिसे भारत सरकार ने 1953 में अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया था। वर्तमान में एयर इंडिया पर 60,074 करोड़ का कर्ज है, लेकिन अधिग्रहण के बाद खरीदार को 23286.5 करोड़ रुपये ही चुकाने होंगे। शेष कर्ज को विशेष उद्देश्य के लिए बनाए गए एयर इंडिया एसेट होल्डिंग्स लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया जाएगा। इसका मतलब है कि बाकी का कर्ज खुद सरकार उठाएगी।

## दिल्ली सरकार ने पटाखों के भंडारण, बिक्री और उपयोग पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने हर साल दीपावली के दौरान शहर में प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने के मद्देनजर बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों के भंडारण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगा दी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोगों की जिंदगी बचाने के लिए पिछले वर्ष की तरह इस बार भी यह प्रतिबंध लगाना आवश्यक था। उन्होंने ट्वीट किया, पिछले तीन साल से दीपावली के समय दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए पिछले साल की तरह इस बार भी हर प्रकार के पटाखों के भंडारण, बिक्री एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा रहा है, जिससे लोगों की जिंदगी बचाई जा सके।

## 'आरएसएस-भाजपा हिंदू नहीं, ये सिर्फ हिंदू धर्म का इस्तेमाल करते हैं'

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग हिंदू नहीं हैं, ये सिर्फ हिंदू धर्म का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कांग्रेस की महिला इकाई 'अखिल भारतीय महिला कांग्रेस' के स्थापना दिवस समारोह में यह दावा भी किया कि आरएसएस और भाजपा के लोग 'महिला शक्ति' को दबा रहे हैं और भय का माहौल पैदा कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने आगे कहा, मैं बाकी विचारधारों के साथ कोई न कोई समझौता कर सकता हूं, मगर मैं आरएसएस और भाजपा की विचारधारा के साथ कभी समझौता नहीं कर सकता। वे (भाजपा) अपने आप को हिंदू पार्टी कहते हैं और पूरे देश में लक्ष्मी और दुर्गा पर आक्रमण करते हैं। जहां ये जाते हैं, कहीं लक्ष्मी को मारते हैं, कहीं दुर्गा को मारते हैं। ये हिंदू धर्म का प्रयोग करते हैं, ये धर्म की दलाली करते हैं। मगर ये हिंदू नहीं हैं। कांग्रेस नेता के मुताबिक, भाजपा और आरएसएस के लोगों ने पूरे देश में डर फैलाया है, किसान डरे हुए हैं, महिलाएं डरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस महिला शक्ति को दबाता है, लेकिन कांग्रेस का संगठन महिला शक्ति को समान मंच देता है।

## हरियाणा में नर्सिंग सिस्टर अब कहलाएंगी नर्सिंग ऑफिसर

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब नर्सिंग सिस्टर को नर्सिंग ऑफिसर कहा जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा बुधवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई। इसके बाद हरियाणा नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से मुलाकात की। नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार अब केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य सरकार के अस्पतालों में कार्यरत सभी स्टाफ नर्स का पद बदलकर नर्सिंग ऑफिसर किया है। इसी प्रकार नर्सिंग सिस्टर का बदलकर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व मैट्रन का नाम बदलकर चीफ नर्सिंग ऑफिसर किया गया है। नर्सिंग वैलफेयर एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष सुनीता ने बताया, उपरोक्त पदों के तहत फिलहाल लगभग 2200 कर्मचारियों को इन नए पदनामों से पुकारा जाएगा और इनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं।

**हवाई अड्डे से बरामद सोना कुर्क: कोच्चि।** गत वर्ष तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जब्त किए गए 30 किलोग्राम से अधिक सोने को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कुर्क किया। केरल सोना तस्करी मामले में केरल के आईएस अधिकारी व यूएई के वाणिज्य दूतावास के दो पूर्व कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था।

# अभिनेता सोनू सूद पर इनकम टैक्स का छापा

एजेंसी। मुंबई

**बॉलीवुड** एक्टर सोनू सूद के दफ्तर पर इनकम टैक्स (आईटी) विभाग का छापा पड़ा है। आईटी टीम अभी सोनू के मुंबई स्थित दफ्तर पर मौजूद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अकाउंट बुक में गड़बड़ी के आरोपों के बाद आईटी की टीमों ने सोनू सूद और उनकी कंपनियों से जुड़ी 6 जगहों पर सर्वे किया है।

बता दें कि कुछ दिन पहले ही दिल्ली सरकार ने सोनू सूद को स्कूली छात्रों से जुड़े प्रोग्राम का ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। इस दौरान उनके आम आदमी पार्टी में शामिल होने की अटकलें भी चली थीं, लेकिन सोनू ने खुद कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री



अरविंद केजरीवाल के साथ उनकी सियासत पर कोई बात नहीं हुई। सोनू सूद ने कोरोना काल में लगाए गए लॉकडाउन के दौरान सबसे पहले प्रवासियों को उनके घर पहुंचाने का बीड़ा उठाया था। इसके बाद वे लगातार देश भर के लोगों की मदद करते रहे हैं। कई राज्य सरकारों ने सोनू के साथ काम करने के लिए हाथ मिलाया है, जिनमें पंजाब और दिल्ली सरकार शामिल है।

# चिल्ला-चिल्ली गांव में रहस्यमय बीमारी से नौ बच्चों की मौत, दहशत में ग्रामीण

पायनियर समाचार सेवा। पलवल/हथीन

## ग्रामीणों का आरोप डेंगू ले रहा बच्चों की जान, प्रशासन के पास अभी तक नहीं सही रिपोर्ट

**पलवल** के गांव चिल्ली और चिल्ला में तीन सप्ताह के दौरान 14 साल से कम उम्र के नौ बच्चों की मौत हो गई। परिजन इसके पीछे बुखार को कारण बता रहे हैं, जबकि स्वास्थ्य विभाग को अभी कोई ठोस वजह नहीं मिल पाई है। गांव में रहस्यमय बीमारी से हुई मौतों में बाद ग्रामीण दहशत में है, क्योंकि पहले बुखार आता है, फिर प्लेटलेट कम होने से मौत हो जाती है। उधर अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने घर-घर जाकर सर्वे किया तो पिछले 20 दिनों में 7 मौत होने का मामला सामने आया है। वहीं गुरुवार को इस मामले में गांव के लोग विरोध प्रदर्शन कर सकते है। इसका इनपुट सीआईडी की और से हरियाणा सरकार को भेजा गया है। इसको लेकर पलवल प्रशासन की टीम भी सतर्क हो गई है।



उधर, गांव के लोगों और सरपंच का कहना है कि 9 बच्चों की मौत हो गई है। अब गांव में स्वास्थ्य विभाग के 25 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें कारणों का सर्वे और लोगों की जांच में जुटी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी गांव के 275 घरों में 2,947 लोगों के बीच एक सर्वे कर रहे हैं और मलेरिया, डेंगू, कोविड और अन्य बीमारियों की जांच कर रहे हैं। हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा ने पलवल में हुई मौतों की जानकारी देते हुए बताया कि 12 सितंबर को रैपिड रिस्पांस टीम ने इस प्रकोप की जांच के लिए प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और जहां मौतों की सूचना मिली थी वहां घरों का सर्वेक्षण भी किया गया। उन्होंने बताया, होने वाली पांच मौतों में से दो मौतें पांच साल से कम आयु के बच्चों की निमोनिया से और तीन मौतें पांच साल से अधिक आयु के बच्चों की हुई हैं। उन्होंने बताया, एक लड़की जिसका नाम अमांशा पुत्री इरफान (3वर्ष), जीएमसी नल्हड में गैस्ट्रोएंटेराइटिस, बुखार, पानी से भरा मल और उल्टी तथा संदिग्ध डिप्थीरिया के रूप में निदान हेतु भर्ती है। उन्होंने बताया, 11 सितंबर को जिला पलवल के चिल्ली और चिल्ला गांवों में पांच बच्चों की बुखार से होने वाली संदिग्ध मौतों की सूचना जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को प्राप्त हुई थी। इस संबंध में जमीनी स्थिति का आंकलन करने के लिए जिला रैपिड रिस्पांस टीम को सिविल सर्जन, पलवल द्वारा सक्रिय करते हुए प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया था। डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि के समन्वय के साथ प्रभावित गांवों की महामारी विज्ञान जांच का आदेश दिया गया। उन्होंने बताया, गांव चिल्ली और चिल्ला की कुल आबादी क्रमश: 2947 और 763 है, जिसमें कुल हाउसहोल्ड 186 और 72 हैं।

### 1089 घरों का किया जा चुका है निरीक्षण

अरोड़ा ने बताया कि अब तक कुल 1089 घरों का निरीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने बताया, प्रभावित क्षेत्र में फॉगिंग, जल निकायों की जांच इत्यादि जैसी सभी एंटीलारवल गतिविधियां जारी हैं। इस बीच क्षेत्र के प्रयोगशाला निष्कर्षों के अनुसार 175 मलेरिया ब्लड स्लाइड की सभी नकारात्मक रिपोर्ट आई, 250 आरडीटी मलेरिया परीक्षण रिपोर्ट की नकारात्मक रिपोर्ट, गैर-प्रतिक्रियाशील 12 डेंगू एलिसा नमूने, 64 आरटीपीसीआर कोविड-19 परीक्षणों की नकारात्मक रिपोर्ट और 50 कोविड-19 एंटीजन परीक्षण की नेगेटिव रिपोर्ट है।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बृहस्पतिवार, 16 सितंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

## शहर का तापमान

- अधिकतम 28.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 24.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- मानव रचना में डॉ. ओपी भल्ला की याद में रक्तदान शिविर एवं वैक्सिनेशन ड्राइव आयोजित: सुबह 9.30 बजे
- शहर में जगह-जगह लगेगा मैगा वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे
- सभी दुकानें और माल्स खुले रहेंगे: रात 10 बजे तक
- बीके अस्पताल की ओपीडी: सुबह 8 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू : सुबह 9 बजे

## निवेश गुरु

**म्यूच्यूअल** फंड स्कीम मिड कैप वाली कंपनियों में निवेश करती है वो मिड कैप म्यूच्यूअल फंड कहलाते है। मिड कैप वाली कंपनी मध्यम श्रेणी की मार्केट की सूचीबद्ध कंपनी होती है। यह वह कंपनियां होती है जिन्होंने अपने व्यापार को स्थापित कर लिया है एवं आगे ग्रोथ के लिए प्रयासरत है। इस प्रकार मिड कैप फंड लार्ज कैप फंड्स की तुलना में अधिक रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं। वही थोड़ी कम रिस्क के साथ स्मॉल कैप फंड से कम रिटर्न देते हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### उठाये छात्रवृति योजनाओं का लाभ

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। पात्र छात्र प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक तथा मैरिट-कम-मिंस छात्रवृति योजना का लाभ उठाने के लिए एनएसपी पोर्टल www.scholarships.gov.in पर आवेदन करें। पोस्ट मैट्रिक के लिए आवेदन हेतु 15 नवम्बर तथा मैरिट-कम-मिंस के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2021 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, जैन, पारसी व बौद्ध अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों, जिन्होंने पिछली कक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है तथा उनके माता-पिता अथवा अभिभावकों की वार्षिक आय प्री-मैट्रिक छात्रवृति के लिए एक लाख रुपये, पोस्ट मैट्रिक के लिए 2 लाख रुपये तथा मैरिट-कम-मिंस छात्रवृति योजना के लिए 2.5 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इन समुदायों के छात्र हर वर्ष एनएसपी पोर्टल पर आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए केंद्रीय अल्पसंख्यक समुदाय मंत्रालय की वेबसाईट www.minorityaffairs.gov.in देख सकते है।

## क्विक न्यूज

### यातायात पुलिस कर्मियों को दिए दिशा-निर्देश

**फरीदाबाद।** राज्य स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस द्वारा 11 से 25 सितंबर तक चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत शहर में यातायात के सुचारू संचालन के लिए ट्रैफिक थाना में एसीपी ट्रैफिक जयपाल के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। सभी ट्रैफिक एसएचओ व यातायात संचालन से जुड़े पुलिसकर्मियों ने इस बैठक में भाग लिया। इसके साथ सभी 18 जेडओ भी बैठक में मौजूद थे। बैठक में जयपाल ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी ट्रैफिक पुलिसकर्मी यातायात के संचालन में अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त ड्यूटी करने से भी पीछे न हटें।

# मंदी की मार और बिजली आपूर्ति में पक्षपात ने छोटे उद्योगों की कमर तोड़ी

### ट्रांसफार्मर खराब होने से सैकड़ों छोटे उद्योग और हजारों की आबादी प्रभावित

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**सेक्टर-25** स्थित हैदराबाद सब स्टेशन के तीन प्रमुख ट्रांसफार्मरों में से एक खराब हो जाने से इस इलाके के हजारों लोग, सैकड़ों छोट उद्योग और अन्य संस्थान प्रभावित हो रहे हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने पर बिजली निगम ने एक सप्ताह कट लगाने की घोषणा तो कर दी थी। लेकिन वैकिल्पक समाधान तलाशने का कोई प्रयास नहीं किया। दिन के समय बिना सूचना के दो घंटे बिजली की आपूर्ति करने से इलाके के लोगों और उद्योगपतियों को काफी परेशानी हो रही है। जबकि स्वतंत्र फीडरों को निगम की तरफ से निरंतर बिजली की आपूर्ति की जा रही है। कोरोनाकाल में आई मंदी से छोटे उद्योग अभी तक उभर नहीं पाए हैं। ऐसे समय में बिजली आपूर्ति ठप होने से उनकी कमर टूट गई। उत्पादन के लिए उद्योगों को रोज हजारों रुपये का डीजल जरनेटरों के लिए खरीदना पड़ रहा है। जिससे जहां छोटे उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ रही है। वहीं एक साथ सैंकड़ों की संख्या में जरनेटर चलाए जाने से शहर में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है। वहीं करीब 20 प्रतिशत छोटे उद्योगों ने बिजली आपूर्ति पूरी तरह बहाल होने तक ताले लगा दिये हैं। बिजली बहाल होने में अभी चार से पांच दिन का समय लग सकता है।





### सैकड़ों छोटे उद्योग प्रभावित

**हैदराबाद** सब स्टेशन, सेक्टर 25 से कृष्णा नगर, राजीव कालोनी, सेक्टर 55, गौंछी, सेक्टर 25, रन्हैड़ा खेड़ा, समयपुर, गांव करनेरा और आसपास के इलाकों में बिजली की आपूर्ति की जाती है। इन इलाकों में करीब 15 से 20 हजार से ज्यादा मकानों में हजारों की आबादी रहती है। वहीं दूसरी तरफ इन इलाकों में 400 से ज्यादा छोटे बड़े उद्योग चल रहे हैं। कोरोना की वजह से आई मंदी से यह उद्योग पहले ही काफी परेशान है। जिससे किसी तरह उभरने का प्रयास कर रहे हैं। इनमें करीब 20 से 25 प्रतिशत बिल्कुल छोटी छोटी इकाई हैं, जिनका उत्पादन काफी कम होता है। इसलिए यह लोग जरनेटर के डीजल का खर्च फिलहाल उठाने की स्थिति में नहीं हैं। पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति वाधित होने के कारण इन छोटे उद्योगों में ताले लटका दिये गए हैं। कार्य समय के दौरान मात्र दो घंटे बिजली की आपूर्ति की जाती है। लेकिन उसका भी समय निश्चित नहीं है। जिससे शेष उद्योगों का डीजल का खर्च काफी बढ़ गया है। कारखाना चलाने के लिए इन उद्योगों को रोज हजारों रुपये का डीजल खरीदना पड़ रहा है।

### प्रदूषण को मिल रहा बढ़ावा



**प्रदूषण** के मामले में फरीदाबाद का नाम पहले ही देश में पहले और दूसरे नंबर के प्रदूषित शहरों में आता रहता है। बिजली आपूर्ति वाधित होने पर शहर के उद्योगों को उत्पादन पूरा करने के लिए ज्यादा लागत आने के बावजूद मजबूरी में जरनेटर चलाना पड़ता है। जरनेटरों में डीजल जलने से वातावरण में प्रदूषण का स्तर और बढ़ जाता है। सेक्टर 25 स्थित हैदराबाद सब स्टेशन का एक ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से छोटे उद्योगों को पर्याप्त बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे में इन दिनों सैंकड़ों की संख्या में दिनभर जरनेटर चलाए जा रहे हैं। जरनेटरों से निकलने वाले धुंए से शहर में प्रदूषण का स्तर भी लगातार बढ़ रहा है। लेकिन बिजली निगम के अधिकारियों को शहर में बढ़ते प्रदूषण से कोई लेना देना नहीं है। हालांकि बिजली निगम के सूत्रों का दावा है कि हिसार से नया ट्रांसफार्मर यहां आ चुका है। जिसे फिलहाल अनलोड किया जा रहा है। बृहस्पतिवार से इस ट्रांसफार्मर को स्थापित करने का काम शुरू किया जाएगा। इस काम में अभी तीन दिन और लग सकते हैं। तब तक इसी तरह से जरनेटर चलने से शहर में प्रदूषण की क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

### मिला है आश्वासन



**कृष्णा** नगर इंडस्ट्रियल यूनियन के फाउंडर धीरज गोयल का कहना है कि बिजली की इस भारी समस्याओं को लेकर उन्होंने यूनियन के महासचिव कपिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष सरस गोयल और डीएचबीवीपीएन कमेटी के चेयरमैन अमित मंगला को साथ लेकर इलाके के एसडीओ विनय शिकरवार से मुलाकात की है। उन्होंने दिन में कार्य समय के दौरान कम से कम छह घंटे बिजली आपूर्ति करने की मांग की है। एसडीओ ने जल्द व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया है।

### विकल्प पर ध्यान नहीं दिया

सेक्टर 25 स्थित हैदराबाद सब स्टेशन से कृष्णा कालोनी, सेक्टर 25, गौंछी, समयपुर और आसपास के इलाकों में लगे छोटे बड़े उद्योगों को बिजली की आपूर्ति की जाती है। इस सब स्टेशन से जरनल फीडर के अलावा करीब डेढ़ दर्जन स्वतंत्र फीडरों के माध्यम से उद्योगों को बिजली आपूर्ति की जाती है। सब स्टेशन पर टी-1, टी-2, टी-3 ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। इनमें से टी-2 ट्रांसफार्मर खराब हो चुका है। जिसके बाद बिजली निगम की तरफ से स्वतंत्र फीडरों को तो बिजली की आपूर्ति निरंतर की जा रही है। जबकि जरनल फीडर के माध्यम से जिन इलाकों में बिजली की आपूर्ति की जाती है, वहां रात को तो बिजली दी जा रही है। लेकिन दिन के समय दो घंटे के तीन बार कट लगाए जा रहे हैं। जिससे रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों और छोटे उद्योगों को परेशानी हो रही है। छोटे उद्योगों के संचालकों का कहना है कि बिजली निगम के अधिकारियों को बैलेंस बनाते हुए स्वतंत्र फीडरों में भी कट लगाना चाहिए। ताकि दिन के समय छोटे उद्योगों को बिजली की आपूर्ति मिल सके। लेकिन बिजली निगम द्वारा पक्षपात किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय मरीज स्वास्थ्य को दे रहे प्राथमिकता

### सर्जरी में लगभग तीन घंटे 30 मिनट का समय लगा : डॉ. विक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोरोना** काल में संक्रमण के चलते न केवल डोमेस्टिक बल्कि अंतरराष्ट्रीय मरीजों को भी इलाज कराने से संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा अभी भी सामान्य नहीं हुई है, लेकिन इन सब अड़चनों के बीच अंतरराष्ट्रीय मरीज अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए यहां इलाज कराने आ रहे हैं। क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. विक्रम दुआ ने बताया कि इराकी मरीज 54 वर्षीय अला अब्दुल्ला काजिम ने 3-4 महीने पहले हमसे संपर्क किया। मरीज को बाएं पैर और जांघ में बहुत ज्यादा दर्द था जिसके कारण वह बिल्कुल भी चल नहीं पा रहा था। कोरोना की दूसरी लहर के कारण मरीज इलाज कराने अस्पताल नहीं आ पाया। इलाज में देरी के चलते मरीज की पीड़ा लगातार बढती जा रही थी। जैसे ही कोरोना की दूसरी लहर खत्म हुई तो अस्पताल द्वारा मरीज को सूचित किया गया कि यहां कोविड इंफेक्शन बहुत कम हो गया है और अस्पताल के सभी कर्मचारियों को कोविड वैक्सीन लग चुकी है। अस्पताल पूरी तरह से कोविड मुक्त है और इलाज कराने के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। इस जानकारी के बाद मरीज ने इलाज कराने का निर्णय लिया।



डॉ. विक्रम दुआ ने बताया कि अभी भी हवाई यातायात सम्बंधित समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सारी अड़चनों का सामना करते हुए मरीज अस्पताल आया। एमआरआई कराने पर पता चला कि मरीज की स्पाइन की एल 2, एल 3, एल 4 नस पर बहुत ज्यादा दबाव था जिसके कारण मरीज को बाएं पैर और जांघ में असहनीय दर्द हो रहा था। मरीज को एडमिट किया और सर्जरी कर स्पाइन में नस पर पड़ रहे दबाव को निकाला गया। सर्जरी में लगभग 3 घंटे 30 मिनट का समय लगा। दबाव निकल जाने के बाद मरीज को दर्द से आराम मिला और सर्जरी के अगले ही दिन से उसने चलना शुरू कर दिया। मरीज अब स्वस्थ है और जल्द ही अपने देश लौट सकता है। ध्यान दें-अगर स्पाइन में कम्प्रेशन लम्बे समय तक और ज्यादा रहता है तो नस क्षतिग्रस्त हो सकती है। नस के क्षतिग्रस्त होने पर, नस शरीर के जिस हिस्से को ब्लड सप्लाई कर रही है उस हिस्से की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

# जेईई मेन्स में एमवीएन अरावली ने फहराया पताका

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेईई** मेन्स परीक्षा 2021 में एमवीएन अरावली हिल्स ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 125 परीक्षार्थियों में से 50 परीक्षार्थी जेईई एडवान्स्ड के लिए चयनित हुए।

कार्तिकेय भारद्वाज-एआईआर 2338, रोहन मित्रा-एआईआर 3048, ओजस्वी आर सिंह-एआईआर 3147, आयुष यादव- एआईआर 3356, सत्यार्थ मित्तल-एआईआर 4607, गर्वित मखिजा-एआईआर 6728, भुवन नरूला-एआईआर 7194, दीपक कुमार-एआईआर 1432 (7756) और आशीष मीणा ने एआईआर 30' (9140) प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस परीक्षाफल के द्वारा एमवीएन अरावली हिल्स ने पुनः एक बार अपनी गुणवत्ता और विश्वास को परिपुष्ट किया है।



ध्यातव्य है कि एमवीएन दिल्ली, एनसीआर में ही नहीं, अपितु पूरे देश में एक ऐसा संस्थान है, जो ऐसे उत्कृष्ट परीक्षाफल देने के लिए सुविख्यात है। यह संस्थान अपने यहां इस तरह का शैक्षिक वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराता है, जो छात्रों की सफलता का कारक बनता है। इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के कर्मनिष्ठ, मेधावी और मेहनती विद्यार्थियों, सुयोग्य शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन तथा सुयोग्य प्रशासन तथा प्रबंधन को जाता है।

एमवीएन संस्था की प्रबन्ध-निदेशिका कान्ता शर्मा, अध्यक्ष वरुण शर्मा, निदेशक जेपी गौड़ तथा एमवीएन अरावली हिल्स की प्रधानाचार्य नीता अरोड़ा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाइयां तथा उज्जवल भविष्य के लिए स्नेहपूर्ण शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों को भी उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया।

# एमवीएन-17 के छात्रों का जेईई (मेन्स) में धमाकेदार प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनटीए** (नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी) के द्वारा घोषित जेईई (मेन्स) की परीक्षा में, फाइनल स्कोर के आधार पर एमवीएन-17 के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

एमवीएन-17 के छात्र गौरव बंसल ने एआईआर 85, रिशित सिंगला ने एआईआर 135, दिविज सिंगला ने एआईआर 189, ओजस्वी बंसल ने एआईआर 221, चिराग जैन ने एआईआर 569, गरिमा ने एआईआर 800 और आयुष शर्मा ने एआईआर 907 रैंक प्राप्त कर फरीदाबाद में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण देश में एमवीएन-17 की श्रेष्ठता का परचम लहरा दिया है। एमवीएन सेक्टर-17 से 140/215 छात्रों ने सफलता प्राप्त कर श्रेष्ठता का परिचय दिया है।



एमवीएन सदैव अपने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ सुविधा, शिक्षण एवं वातावरण उपलब्ध कराता है। 'कोरोना' जैसी महामारी के समय में भी एमवीएन-17 के योग्य अध्यापकों ने ऑनलाइन शिक्षण के माध्यम से जीतोड़ मेहनत की। इस पुनीत कार्य में विद्यालय के प्रबंधकों और अभिभावकों का योगदान अविस्मरणीय है। ऑनलाइन पढ़ाई की समुचित व्यवस्था के लिए एमवीएन-17 की प्राचार्य अगल्या वेंकटेश का योगदान सराहनीय है, जिन्होंने छात्रों के कंधे से कंधा मिलाकर एमवीएन-17 को नई ऊंचाई प्रदान की हैं। एमवीएन की असाधारण सफलता के लिए एमवीएन की प्रबंध निदेशक कान्ता शर्मा और एमवीएन के प्रेसिडेन्ट वरूण शर्मा ने छात्रों और अध्यापकों को अपनी हार्दिक बधाई दी है।

# बॉक्सिंग में गोल्ड जीतने पर लक्की का स्वागत

### हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को हर तरह की मदद कर रही

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बॉक्सिंग** डैवलपमेंट फैडरेशन ऑफ इण्डिया की तरफ से जिला सोनीपत में नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें फरीदाबाद की एकेडमी स्टार्टन बाक्सिंग क्लब की तरफ से लक्की सारंग ने 48-50 किलो भार में भाग लिया और इसमें गोल्ड मेडल जीता।



यह प्रतियोगता 10 से 13 सितंबर तक आयोजित की गई। जिसमें देश की कई एकेडमियों के बच्चों ने भाग लिया। लक्की सारंग फरीदाबाद कॉन्वेंट स्कूल के 9वीं कक्षा का छात्र है। गोल्ड मेडल जीतने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवदत्त एडवोकेट, फरीदाबाद कॉन्वेंट स्कूल, चेयरमैन सुनील मान ने मुजेडी रोड पर पहुंचने पर लक्की सारंग का फरीदाबाद कॉन्वेंट स्कूल के वाईस चेयरमैन सुनील मान ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। फरीदाबाद कॉन्वेंट स्कूल की डायरेक्टर रेखा बैंसला ने पगड़ी पहनाकर बच्चे और उसके माता-पिता को बधाई दी। वशिष्ठ ने कहा कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को हर तरह की मदद कर रही हैं और हाल ही में ओलम्पिक में हरियाणा के खिलाड़ियों ने जिले व प्रदेश के साथ-2 देश का नाम रोशन किया है। सरकार ने खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी व धन की वर्षा की है। इस मौके पर पीटीआई चन्दर ने कहा कि लक्की सारंग आगे चलकर भी जिले के साथ प्रदेश का नाम बॉक्सिंग में रोशन करेंगा। इस मौके पर पिता महेन्द्र सारंग, माता- मोनिका व अन्य बच्चे मौजूद थे।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

**नहीं देखा गया उससे किसी का भूख से मरना**
**दया दिल में रखी तो दंड भी उसको पड़ा भरना**
**गली में एक बंजारा यही गाता हुआ गुज़रा**
**मुसीबत हो गया है अब किसी की भी मदद करना**

# कोविड से बचने को आयुष के सुझावों पर अमल करें : डॉ मंजू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए आयुष विभाग द्वारा आमजन के स्वस्थ के दृष्टिगत सुझाव दिए गए हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू कुमारी ने बताया कि कोरोना महामारी के प्रति बरती गई थोड़ी सी सावधानी व सम्बंधित उपायों को अपना कर इससे होने वाले बुरे प्रभावों से बचा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि तुलसी, दालचीनी, कालीमिर्च, मुनक्का आदि से बना काढ़ा पीने से, भोजन में हल्दी, जीरा, धनिया एवं लहसुन का प्रयोग करने से, हल्दी वाले गर्म दूध का सेवन करने से, प्रतिदिन गिलोय का सेवन करने से, तेल- नारियल का तेल या घी नाक में लगाने से कोरोना से स्वास्थ पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आयुष क्वाथ, सशमनी वटी और अणु तेल का प्रयोग चिकित्सा परामर्श अनुसार लेने से भी कोरोना बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि उपायों को समय - समय पर अपनाने से कॅरोना महामारी के बुरे प्रभाव से बचने के लिए आमजन को जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना का प्रभाव हालांकि पहले से कम है फिर भी निकट संभावनाओं के मद्देनजर रखते हुए कॅरोना से बचाव में ही बचाव है।



छात्राओं को सीरप उपलब्ध करवाते चिकित्सक।

**दे रहे सीरप :** होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अभिषेक कसाना ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। विभाग की तरफ से बच्चों को बीमारियों से बचाव और इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें सीरप दी जा रही है। चिकित्सक मौके पर जाकर उन्हें जागरूक कर रहे हैं। इसी के साथ लड़कियों और महिलाओं को कमजोरी और कमर में हर माह होने वाले दर्द के निवारण को भी सीरप उपलब्ध करवाई जा रही है।

## सड़कों का निर्माण करवाएं नगर निगम

**फरीदाबाद।** बहु चर्चित हार्डवेयर-प्याली सड़क निर्माण पर एक बार फिर से रोक लगने से नाराज अनशनकारी बाबा रामकेवल ने प्रशासन से एक माह के अंदर सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर कर उसे बनाने की मांग की है। अगर एक माह के अंदर-अंदर फरीदाबाद शहर की समस्त क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण पुनः शुरू नहीं किया गया तो वह शहर की सामाजिक संस्थाओं व एनजीओ के साथ निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि हार्डवेयर-प्याली सड़क निर्माण की मांग को लेकर अनशनकारी बाबा रामकेवल ने मार्च माह में करीबन 40 दिनों तक धरना दिया था। जिसके बाद परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश सरकार से सड़क को बनवाने के लिए साढ़े छह करोड़ रुपये पास कराए और धरने पर बैठे बाबा का धरना समाप्त कराया था।

## क्रीड़ा भारती के खेल उत्सव में सेल्फ डिफेंस का आयोजन



**फरीदाबाद।** क्रीड़ा भारती, फरीदाबाद की तरफ से खेल उत्सव का आयोजन किया गया। यह खेल उत्सव 29 अगस्त से जिले में शुरू किए गए थे। जिसमें एथलैटिक्स, फुटबाल, टैनिस, हॉकी, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फैनसिंग, कब्बड़ी, योगा, वुसु, किकबॉक्सिंग, कराटे, सेल्फ डिफेंस, बॉस्केट बॉल, जिमनास्टीक्स खेलो का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत क्रीड़ा भारती के सौजन्य से सेक्टर-10 स्थित केएल महता दयानंद पब्लिक हाई स्कूल में कराटे/सेल्फ डिफेंस की प्रतियोगिताएं करवाई गई। इस मौके पर क्रीड़ा भारती के प्रेजीडेंट आनंद मेहता के अलावा अन्य सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता में अंडर 16 गर्ल्स में सेल्फ डिफेंस में कृतिका कनौजिया प्रथम, जानवी ने द्वितीय और अंकिता शर्मा ने तृतीय स्थान


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19-08-2021 को मुदईया प्रेमता झा पत्नी उमाकान्ता झा निवासी मकान न. डी-5 गली न.1, नजदीक मानव संस्कार स्कूल धीरज नगर फरीदाबाद ने हाजिर थाना आकर बतलाया कि दिनांक 18-08-2021 को उसकी लड़की तुलसी कुमारी उम्र 20 साल है जो घर से बिना बताए कही चली गई। जो अब तक वापिस नहीं आई है हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, माथे पर चोट का निशान कद 5 फिट 5 इंच जिसने चाकलेट रंग का सूट, ब्राउन रंग का सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है मुकद्दमा न. 410 दिनांक 19-10-2021 धारा 346 आईपीसी थाना पल्ला फरीदाबाद। पता चलते पर निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**प्रबंधक थाना पल्ला फरीदाबाद - 9582200139**
**थाना पल्ला फरीदबाद- 0129-2257477**

# एक्सीडेंट : तीन साल में हुए 1481 हादसों में 584 जान गईं

**कविता।** फरीदाबाद

**वाहन** चालकों की लापरवाही और खस्ता हाल सड़कें दुर्घटनाओं का बड़ा कारण हैं। सड़कों को दुरूस्त करने के दावों के बाद भी हादसों का न रुक पाना बड़ा सवाल है। इन हादसों में सैकड़ों लोग अपनी जान गवां रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में 1481 सड़क हादसों में अगस्त 2021 तक 584 लोग अपनी जान गवां चुके हैं और 1323 लोग घायल हो चुके हैं।

हाइवे पर ही नहीं शहर की अंदरूनी सड़कों पर भी हादसे हो रहे हैं। जगह-जगह दिशासूचक पट्ट और अलर्ट करने वाले बोर्ड लगाने के बावजूद पिछले साल तीन सालों में अंदरूनी सड़कों पर हादसे बढ़ गए हैं। वर्ष 2019 में जिले में 689 सड़क हादसों में 264 मौत और 635 लोग घायल हुए। वहीं वर्ष 2020 में जिले में 489 सड़क हादसों में 195 मौत और 421 लोग घायल हुए। जबकि वर्ष 2021 में अगस्त माह तक 303 सड़क दुर्घटनाओं में 125 लोगों की मौत और 267 लोग घायल हुए थे। इन आंकड़ों से ही पता चल रहा है कि इस वर्ष के आंकड़े वर्ष 2020 के आंकड़ों को छू रहे हैं।

### नेशनल हाईवे के बजाय अन्य सड़कों पर अधिक हुए हादसे



### हाइवे पर कम हादसे

**नेशनल** हाइवे पर पिछले तीन वर्षों में सड़क हादसे कम हो गए हैं। लेकिन वर्ष 2021 में सामान्य सड़क हादसों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। आंकड़ों के मुताबिक हाइवे पर जहां तीन वर्षों में 398 सड़क हादसों में 184 मौत और 334 लोग घायल हुए।

वहीं अंदुरुनी सड़कों पर 1077 एक्सीडेंट में 383 मौत और 998 लोग घायल हो गए। इसमें हाइवे पर वर्ष 2019 में 205 हादसों में 94 मौत और 172 घायल हुए हैं। अन्य सड़कों पर 483 हादसों में मौत और 484 लोग घायल हुए। वर्ष 2020 में हाइवे पर 122 हादसों में 60 मौत और 98 लोग घायल हुए। अन्य सड़कों पर 362 हादसों में 134 मौत और 311 लोग घायल हो गए। 2021 में नेशनल हाइवे पर 71 हादसों में 30 मौत और 64 घायल हुए। अन्य सड़कों पर 232 हादसों में 95 मौत और 203 लोग घायल हुए हैं।

### हादसों में कमी लाने का प्रयास

**रोड** सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने कहा कि लोग यातायात नियमों का पालन करें। हालांकि एक बैठक में सड़क हादसों के प्वॉइंट उजागर करके उनमें कमी लाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं, लेकिन सड़कों की खस्ता हालत के कारण थोड़ी परेशानी आ सकती है। आने वाले समय में सड़क हादसों में कमी के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

## जेसी बोस का स्थापना दिवस आज

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए आज अपना स्थापना दिवस मनाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा 25 वर्ष की सेवा अवधि पूरी करने पर सम्मानित कर्मचारियों और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा केंद्रीय विवि महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार अध्यक्षता करेंगे। हरियाणा केंद्रीय विवि के साथ शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस विवि एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर करेगा। जेसी विश्वविद्यालय जोकि वर्ष 1969 में एक इंडो-जर्मन डिप्लोमा संस्थान के रूप में अस्तित्व में आया था, को पहले वाईएमसीए इंस्टीट्यूट संस्थान के रूप में जाना जाता था।

## संक्षिप्त समाचार

### इनर व्हील क्लब ने बच्चों को दिए बैग और यूनिफार्म



**फरीदाबाद।** सोशल मीडिया के माध्यम से इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष मंजू बंसल को जब पता चला मिशन जागृति की पाठशाला के बच्चों को यूनिफॉर्म और बैग की जरूरत है तो उन्होंने तुरंत अपने साथियों से बात की और पहुंच गई पाठशाला में। इनर व्हील क्लब द्वारा फरीदाबाद शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था मिशन जागृति द्वारा एनआईटी दशहरा ग्राउंड के पीछे राहुल कॉलोनी में चलाई जा रही एक पाठशाला में 100 बच्चों को यूनिफॉर्म और बैग बांटे। मंजू बंसल ने कहा कि हम अधिकतर मिशन जागृति के कार्यों को देखते रहते हैं उनका यह प्रयास बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि समाज में बच्चों को पढ़ाने से बेहतर कोई काम नहीं हो सकता वह भी ऐसी स्लम एरिया में खुद से जाकर। मिशन जागृति पाठशाला की संयोजक संतोष अरोड़ा, लता सिंगला, अरुणा चौधरी, सुष्मिता भौमिक, रेनू शर्मा, गीता सिंह ने क्लब की सभी सदस्यों को माला और चुन्नी पहना कर स्वागत किया। इनर व्हील क्लब की तरफ से शेलली गोयल, मनीता सिंघला, अंजु महाना, रजनी, संदीपिका उपस्थित रहे। रिंकू बनर्जी, दीपा, मोनिका, अनुवा आर्य, ज्योति कपूर, राजेश भूटिया, अशोक भटेजा, कपिल कपूर, महेश आर्या, दिनेश राघव, संजय पाल, उपस्थित रहे। संस्थापक प्रवेश मलिक ने सभी का शुक्रिया किया।

### करोड़ों की लागत से तीन सड़कों का निर्माण करेगा एफएमडीए

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा 4487.45 लाख रुपये की लागत से फरीदाबाद के 5930 मीटर लंबे तीन मार्गों का निर्माण किया जाएगा। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने इन तीन मुख्य मार्गों के निर्माण की प्रशासनिक अनुमति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि यातायात की सुचारु व्यवस्था के लिए इन सड़कों का निर्माण फरीदाबाद नगर निगम की बजाए महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। उन्होंने इन सड़कों के निर्माण की प्रशासनिक अनुमति प्रदान की। सेक्टर 11/12, 10/12, 9/12 के बीच की मुख्य सड़क, जोकि धर्मा ढाबा से लेकर इंडियन आयल कारपोरेशन तक 1575 मीटर है। चार लेन सड़क की अनुमानित लागत 1055.91 लाख रुपये है। सुधीर राजपाल ने बताया कि इन सड़कों का कंक्रीट से पुनर्निर्माण किया जाएगा। सड़कों के दोनों तरफ सात सात मीटर चौड़ा मुख्य मार्ग होगा और दोनों तरफ दो मीटर का साइकिल ट्रैक और दो मीटर का पैदल पथ भी बनाया जाएगा। दूसरी मुख्य सड़क हार्डवेयर चौक से गोंछी ड्रेन और गोंछी ड्रेन से पेट्रोल पंप तक बनाई जाएगी जिसकी अनुमानित लागत 1209.31 लाख रुपये है। तीसरी मुख्य सड़क व्यापार मंडल से सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल से ईएसआई चौक, ईएसआई चौक से चिमनी बाई चौक, चिमनी बाई चौक से मीट मार्केट नेशनल हाईवे 5 फरीदाबाद तक बनाई जाएगी। इसकी अनुमानित लागत 2222.23 लाखों रुपये है। 3030 मीटर लंबी, 4 लेन सड़क बनाई जाएगी। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फरीदाबाद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी गरिमा मित्तल ने बताया कि सुगम व्यवस्था एवं आवागमन के लिए स्मार्ट स्ट्रीट लाइट्स, सोलर लाइट्स और लैंडस्कैपिंग फरीदाबाद स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत की जाएगी।

### हिंसा को रोकने की मांग को लेकर डीसी दफ्तर पर प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** सीपीआईएम और सीपीआई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुधवार को त्रिपुरा में सत्तारूढ़ दल भाजपा के द्वारा माकपा और वाम मोर्चे के खिलाफ की जा रही बर्बर हिंसा को रोकने की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक कुंदन लाल को सौंपा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व सीपीएम के जिला सचिव शिवप्रसाद और सीपीआई के जिला सचिव बेचू गिरी ने संयुक्त रूप से किया। संचालन सीपीएम के जिला कमेटी सदस्य लाल बाबू शर्मा कर रहे थे। यह जानकारी सीपीएम के जिला कमेटी सदस्य वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने एक बयान में दी। विरोध कार्रवाई को सीपीआई के नेता कामरेड बैजू सिंह, सीपीएम नेता निरंतर पाराशर, विजय झा, कामेश्वर ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया।

### भाजपा सरकार जनआकांक्षाओं पर हुई पूरी तरह से फेल



**फरीदाबाद।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 74वें जन्मदिवस के मौके पर बुधवार को लखन कुमार सिंगला अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ दिल्ली स्थित उनके निवास पर जाकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा का मुंह मीठा कराया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनकी दीर्घायु की कामना की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की मनोहर सरकार सात साल में जनआकांक्षाओं पर पूरी तरह से फेल साबित हुई है। पत्रकारों द्वारा हुड्डा से भाजपा हाईकामन द्वारा कई राज्यों में बदले जा रहे मुख्यमंत्रियों के पूछे प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह भाजपा का अंदरूनी मामला है, लेकिन देखा गया है कि जिस राज्य में जनता मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली से खुश नहीं है। उसी राज्य में यह बदलाव किए जा रहे हैं और जहां तक रही हरियाणा की बात तो यहां की जनता भी मौजूदा मुख्यमंत्री की कारगुजारियों से पूरी तरह से परेशान है। लखन सिंगला ने हुड्डा को विश्वास दिलाते हुए कहा कि फरीदाबाद में कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के समक्ष उजागर करके जनविरोधी सरकार का असली चेहरा जनता के सामने लाएंगे ताकि लोगों को इस सरकार से छुटकारा दिलाया जा सके। सिंगला के साथ रेनू चौहान, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, रोहित सिंगला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष नितिन सिंगला, कर्मवीर खटाना, महिला जिलाध्यक्ष खुशबू खान, राजू धारीवाल, लाला शर्मा, नरेंद्र ठाकुर, अमित बंसल, चंद्रपाल, दीपक रावत, उस्मान ठेकेदार हाजी इरफान आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस रिमांड में कुख्यात गैंगस्टर काला जेठेड़ी ने खोले कई राज

### हरियाणा सहित चार राज्यों में हत्या डकैती स्नेचिंग आर्म्स एक्ट सहित 35 मुकदमे दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर 48 द्वारा ट्रांजिट रिमांड पर लिए गए कुख्यात काला जठेड़ी ने कई राज उजागर किए हैं। आरोपी को आठ सितंबर को अदालत में पेश कर सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी के खिलाफ हरियाणा सहित राजस्थान, पंजाब, दिल्ली में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, स्नेचिंग और अवैध हथियार सहित करीब 35 मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें छह मुकदमे फरीदाबाद के शामिल हैं।

एक फरवरी 2020 को गुरुग्राम पुलिस द्वारा मोस्ट वांटेड इनामी बदमाश संदीप उर्फ काला जठेड़ी को फरीदाबाद कोर्ट से गुरुग्राम ले जाया जा रहा था। रास्ते में गुरुग्राम फरीदाबाद रोड पर हनुमान मंदिर के पास आरोपी संदीप के साथियों ने मिलकर कैदी वैन पर फायरिंग करते हुये संदीप को छुड़ाकर ले गए थे। जिसमें एक पुलिसकर्मी को गोली भी लगी थी। मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने संदीप उर्फ काला जेठडी को पुलिस से छुड़ाने में शामिल आरोपी कपिल उर्फ निन्नी, नरेश उर्फ सेठी, धन सिंह, जोगिंदर, आशु, राजेश, प्रदीप उर्फ भोला, विकास उर्फ मिता उर्फ पहलवान, अंशुल, अरुण, मनजीत, ओम प्रकाश, कप्तान और रवि उर्फ भोला को गिरफ्तार कर लिया है।



### गुर्गे करते थे वारदात

**पुलिस** हिरासत से भागने के पश्चात आरोपी ने कई वारदातों को अपने गुर्गों के माध्यम से अंजाम दिलवाया। जिसमें सोनीपत में हत्या की दो, यमुनानगर और पंजाब के कोटकपूरा की एक-एक वारदात और सिरसा के गांव चौटाला में शराब ठेकेदार की हत्या की एक वारदात शामिल है। जिसमें आरोपी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल था। आरोपी ने कई लोगों को मारने की कोशिश भी की। जिसमें दिल्ली के छावला और नरेला में दो व्यक्तियों के घर पर गोलीबारी की गई। पंजाब के कोटकपूरा में मनप्रीत की हत्या करने की कोशिश की गई। जिसमें मुठभेड़ के दौरान आरोपी का साथी पलवल का रहने वाला कृष्ण मारा गया था।

### झपटमारी से मोस्ट वॉंटेड बना

**दुबई** और मलेशिया में बैठकर गैंग ऑपरेट करने वाला जठेड़ी 12वीं पास है। उसने पहले केबल ऑपरेटर का काम शुरू किया। लेकिन जल्द ही जुर्म की दुनिया की तरफ मुड़ गया। साल 2004 में जठेड़ी के खिलाफ झपटमारी का केस दर्ज हुआ था। कुछ साल बाद ही हरियाणा के सांपला और फिर गोहाना में हुई हत्याओं में उसका नाम आ गया।

### सात लाख का इनामी

**पुलिस** प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी सात लाख का इनामी बदमाश है। लंबे समय से जुर्म की दुनिया में सक्रिय काला जठेड़ी का नाम दिल्ली में हुई पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के बाद अचानक से सुर्खियों में आया था। सोनीपत जिले के जठेड़ी गांव के निवासी काला ने पिछले करीब 15-16 साल के दौरान आपराधिक दुनिया में तेजी से कदम बढ़ाया।

## नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह गिरफ्तार

### देश के कई राज्यों में 300 से अधिक धोखाधड़ी की वारदातों को दे चुके हैं अंजाम



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नौकरी** लगवाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला सहित गिरोह के तीन सदस्यों को फरीदाबाद के थाना साइबर अपराध की टीम ने 10 सितंबर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में अभिषेक हिमांशु और आरोही (बदला हुआ नाम) का नाम शामिल है।

आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। quikr.com एक ऐसी वेबसाइट है जो लोगों को नौकरी दिलाने में सहायता करती है। जहां पर नौकरी की तलाश में कोई भी व्यक्ति अपना बायोडाटा उस वेबसाइट पर अपलोड कर सकता है। आरोपियों ने भी इसी वेबसाइट का फायदा उठाकर उन व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित करते थे। वर्ष 2020 में लॉकडाउन के पश्चात इन्होंने इस प्रकार की वारदातों को अंजाम देना शुरू किया था। आरोपियों ने दिल्ली के गाजापुरी एरिया में अपना एक कॉल सेंटर खोल रखा था। आरोपी अभिषेक प्रतिदिन 50 लोगों को कॉल कर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देता था। महिला आरोपी आरोही इस कंपनी में मैनेजमेंट का कार्य करती थी। वहीं इस गैंग का मुखिया, चौथा साथी कंपनी का मालिक है, जो इन्हें हर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराता है। नौकरी के लिए आवेदनकर्ताओं की जानकारी प्राप्त करने के बाद आरोपी आवेदनकर्ता से संपर्क करते और उन्हें बड़ी-बड़ी कंपनियों में नौकरी लगवाने के बड़े-बड़े सपने दिखाते। आवेदनकर्ता से रजिस्ट्रेशन के नाम पर 2500 रुपये चार्ज करते और बाद में आरोपी एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, नेशनल करियर सर्विस या डिजिटल करियर सर्विस के नाम से बनाई फर्जी ईमेल आईडी से आवेदनकर्ता को ई-मेल भेजकर रजिस्ट्रेशन फीस, ऑनलाइन इंटरव्यू, अप्वाइंटमेंट लेटर व अन्य सेवाओं के नाम पर अलग-अलग रकम अपने फर्जी बैंक खातों में डलवाते थे। इसी प्रकार से धोखाधड़ी करते हुए आरोपियों ने फरीदाबाद के सेक्टर 58 निवासी संजना से भी 88600 रुपये ऐंठ लिए थे।

## टूटी सड़कों को लेकर आप ने सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी ने बुधवार को अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और टूटी हुई सड़कों एवं जलभराव की समस्या को लेकर निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से आम आदमी पार्टी ने प्रशासन को अवगत कराया कि किस प्रकार बारिश ने प्रशासन के कार्यों एवं भाजपा सरकार के विकास के दावों की पोल खोलकर रख दी है। निगमायुक्त ने आम आदमी पार्टी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही शहर को जल निकासी एवं टूटी सड़कों से निजात दिलाने की बात की। आज फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं में लोग त्राहिमाम कर रहे हैं और भाजपा को वोट देने के अपने फैसले पर पछता रहे हैं। जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि आज पूरे फरीदाबाद की स्थिति बद से बदत्तर है। करोड़ों रुपया विकास कार्यों पर खर्च करने के बावजूद शहर के हालात दयनीय हैं। आम आदमी पार्टी सदैव शहर में विकास के मुद्दों और समस्याओं को उठाती रही है। ज्ञापन में बताया गया कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख सड़कें डबुआ रोड, जवाहर कॉलोनी, 60 फुट रोड, 45 फुट रोड, पर्वतीया कालोनी के अलावा यहां की अधिकतर सड़कों की हालत इन दिनों बद से बदत्तर है, यहां की सड़कें पूरी तरह से टूटी हुई है और उनमें कई-कई फुट पानी भरा हुआ है।

## विद्यासागर स्कूल में लगाया गया कोविड वेक्सीनेशन कैंप

**फरीदाबाद।** विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 2 में रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रीयल टाउन के साथ मिलकर मेगा वैक्सीन कैंप का आयोजन किया। लोगों का प्रोत्साहित करने के लिए भाजपा नेता टीपरचंद शर्मा मौजूद थे। कैंप स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव, स्कूल डायरेक्टर दीपक यादव व रोटरी क्लब ऑफ इंडस्ट्रीयल टाउन के प्रेजिडेंट अतुल सर्राफ के मार्गदर्शन में संचालित किया। कैम्प में उपस्थित लोगों को सम्बोधत करते हुए टीपरचंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद की जनता को बिना किसी डर के वैक्सीनेशन कराना चाहिए। स्कूल के डायरेक्टर दीपक यादव ने बताया कि पहली वैक्शीनेशन के बाद दूसरी वैक्शीनेशन 12 से 16 सप्ताह में लगवाने पर इम्युनिटी पावर ओर भी बेहतर कारगर साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में वे और कैंप लगवाने का प्रयास करेंगे ताकि इसका लाभ सीधे तौर पर जनता को मिल सके।

## आज 52 सरकारी और 14 निजी शिविरों में लगेगा टीका

### मैगा वैक्सीनेशन शिविरों में 50034 लोगों को लगा टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** में बुधवार को मैगा वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50034 लोगों को टीका लगाया गया। इस दौरान सरकारी केन्द्रों में 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 28177 को और दुसरी डोज 3630 को लगाई गई।

वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 5477 को और द्वितीय डोज 3470 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 375 को और द्वितीय डोज 843 को लगाई गई। वहीं निजी अस्पतालों में 18 प्लस आयुर्ग में प्रथम डोज 515 को, द्वितीय डोज 774 को लगाई गई। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 75 और द्वितीय डोज 86 को लगाई गई। वहीं 60 प्लस आयुवर्ग में सात को प्रथम डोज और पांच लोगों ने द्वितीय डोज लगाई गई। इस दौरान सरकारी में प्रथम डोज कुल 34629 ने और निजी में 597 लोगों को डोज लगी। वहीं द्वितीय डोज सरकारी में 13943 को और निजी में 865 लोगों को डोज लगाई गई।

जिला वैक्सीनेशन अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि जिले में लगाए जा रहे मैगा वैक्सीनेशन कैम्पों के बारे में एक जूम मिटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में एनएचएम के डायरेक्टर डॉ. आरएस पूनिया और जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता के अलावा अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। डॉ. मान सिंह ने बताया कि जिले में बृहस्पतिवार को 43 सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों के जरिये 52 कैम्प लगेंगे और 14 निजी अस्पतालों में कैम्प लगाये जाऐंगे। वहीं जिले में कोरोना के दो मरीज नए सामने आए है। जिससे जिले फिलहाल 5 एक्टिव केस ही मौजूद है। वहीं जिले में बुधवार को 2445 सैम्पल जांच किए गए। जिसमें फिलहाल सरकारी में 1497 और निजी में 416 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है।

## आजादी के महोत्सव अभियान के रथ को किया रवाना

### ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को किया जाएगा स्वच्छता के लिए प्रेरित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**स्थानीय** लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में ग्रामीण स्वच्छता अभियान को जोर शोर से चलाने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्वर्ण पदक विजेता, टोक्यो पैरालिंपिकस, शूटिंग 50 मीटर एस.एच.1 कैटेगरी मनीष नरवाल रहे। जबकि अध्यक्षता सीईओ जिला परिषद कम सीटीएम पुलकित मल्होत्रा ने की। गोल्ड मेडल विजेता मनीष नरवाल ने स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले स्वच्छता सेना, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पैरालंपिक गोल्ड मेडल विजेता मनीष नरवाल के द्वारा सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह रथ यात्रा को झंडी दिखाई। गांव-गांव में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए रवाना भी किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कम नगराधीश पुलकित मलहोत्रा ने कार्यक्रम का सम्बोधित करते हुए कहा कि महोत्सव की शुरुआत आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में की गयी है। इस अभियान को मुख्यत: चार भागों में बांटा गया है। हमारा प्रयास है कि उपायुक्त जितेंद्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में जिला के प्रत्येक गांव में जन मानस तक स्वच्छता की आवाज पहुचाएं।

स्वच्छता अभियान से जुड़े सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह स्थ यात्रा बुधवार 15 सितम्बर से शुरू होकर आगामी दो अक्टूबर तक चलाई जाएगी। इस दौरान गांव-गांव में स्वच्छता रथ के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के मूल मंत्र, खाने से पहले शौच के बाद साबुन से धोए हाथ, खुले में शौच न जाए न जाने दें। शौचालय का प्रयोग करें, कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए समय-समय पर साबुन एवं पानी से हाथ धोते रहें, मास्क का प्रयोग करें, समय से टीकाकरण कराएं, दो गज की दूरी बनाकर रखें। इसके साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए सिगंल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। कपड़े के थैलों का प्रयोग करें। गांव के सार्वजनिक स्थानों की मिलजुल कर साफ-सफाई करें और इन व्यवहारों को अपनाकर अपने जिला को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2021 में भी सर्वश्रेष्ठ स्थान दिलाने में अपना योगदान दें। इस दौराना जनभागिता से गांवों एवं उनके सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की जाएगी।

गांवों से प्लास्टिक को श्रमदान के माध्यम से इकट्ठा कर ऐजेंसी को दिया जाएगा। जो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों में प्रयोग होगी। ज्यादा से ज्यादों गांवों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं उसके प्रबधन जाएगा। इस अभियान के तहत गांववासियों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2021 के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।

## पोषण माह के तहत वेबिनार का आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पोषण माह के तहत गर्भवती महिलाओं एवं स्वस्थ बच्चों के लिए पोष्टिक आहार विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। न्यूट्रीशियन हेल्थ विभाग की इंचार्ज डॉ. मोनिका गर्ग मुख्य वक्ता रही। उन्होंने छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए पोष्टिक आहार लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे देश में गरीबी के साथ जागरुकता की भी कमी है, जिसके चलते अधिकतर बच्चे एवं महिलाएं कुपोषण का शिकार होते हैं। प्राचार्य डॉ. सुनिधि ने वेबिनार का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक भोजन के साथ बेहतर दिनचर्या का होना भी जरूरी है, कई बार दिनचर्या ठीक न होने पर भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मुख्य वक्ता ने कहा कि गर्भावस्था में महिला एवं शिशु के विकास के लिए पोष्टिक आहार बेहद जरूरी होता है।

## भाजपा ने फूंके राहुल गांधी और कैप्टन अमरिंदर सिंह के पुतले

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पंजाब** के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के किसान आंदोलन पर दिए बयान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला और किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुखबीर मलेरना के नेतृत्व में युवा व किसान मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर चौक बल्लभगढ़ में राहुल गांधी और कै. अमरिंद्र सिंह का पुतला फूंककर विरोध दर्ज करवाया।

सुखबीर मलेरना ने उस अलोकतांत्रिक और गैर जिम्मेदाराना बयान की घोर भर्त्सना की। जिसमें कैप्टन अमरिंद्र सिंह ने किसान संगठनों से कहा कि वे अपना आंदोलन हरियाणा और दिल्ली में करें। कैप्टन अमरिंदर सिंह के बयान से साफ हो गया है कि यह पूरा आंदोलन कांग्रेस और उनके नेताओं द्वारा प्रायोजित है। कांग्रेस के कार्यकर्ता आन्दोलन को संचालित कर रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं राहुल गांधी, कैप्टन अमरिंद्र सिंह आदि के किसान आंदोलन को भड़काने वाले बयान अशोभनीय हैं, निंदनीय हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और सुरजेवाला से पूछा कि वो हरियाणा में विकास के साथ हैं या विनाश के साथ और अपने मुख्यमंत्री कैप्टन अरविंद्र सिंह के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करें। सुखबीर मलेरना ने कैप्टन साहब को नसीहत देते हुए कहा कि राजस्थान में आपकी सरकार है किसान हित में बाजरे के भाव क्यों नहीं बढ़वा लेते।

पंकज सिंगला ने कहा कि किसान आंदोलन को लेकर भारतीय जनता पार्टी और भाजपा नेता पहले दिन से कह रहे हैं कि ये आंदोलन किसानों का कम और सियासी दलों का ज्यादा है।

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी :

# कभी किसी को दोबारा ना देखना पड़े बंटवारे जैसा दौर...

### भारत-पाकिस्तान बंटवारे की भागवंती डुडेजा ने सांझा की दास्तां

### बंटवारे के समय मात्र 13 साल की थीं भागवंती

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**भारत**-पाकिस्तान के बंटवारे के समय का दौर ऐसा था, जब हर कोई अपनी जान बचाने को ही बड़ी उपलब्धि मान रहा था। हर किसी को धन, सामान बचाने से ज्यादा अपनी जान की चिंता थी। खासकर उन्हें, जिन्हें पाकिस्तान छोड़ना भारत आना था। पाकिस्तान से भारत आईं भागवंती डुडेजा वैसे तो उस मनहूस समय को याद नहीं करना चाहती, लेकिन कुरेदे जाने पर उन्होंने उस दौर की हकीकत को विस्तार से सांझा किया।

भावगंती डुडेजा का जन्म गांव होदी बस्ती जिला डेरा गाजी खान (पाकिस्तान) में हुआ था। जब भारत-पाकिस्तान के बीच सरहदें बंटी, उस समय भागवंती डुडेजा की उम्र करीब 13 साल की थी। इस उम्र में उनकी सगाई हो चुकी थी। बंटवारे (आजादी) से पहले यानी अगस्त 1947 से 3-4 साल पहले ही उनके पिताजी का देहांत हो चुका था। भागवंती अपनी दादी और भाई के साथ रहती थीं। बंटवारे के बाद पाकिस्तान से वे किसी तरह बचते हुए भारत के लिए चल दिए।



भागवंती डुडेजा।

### भारत आते समय रास्ते में ही हुई शादी

**भागवंती** डुडेजा की सगाई पहले हो चुकी थी। रास्ते में ही उनकी शादी श्री गोपी नाथ मंदिर में करवा दी। वे जानतीं थी कि जिस तरह से मार-काट मची है, क्या पता वे इस दिन को भविष्य में देख पाएं या नहीं। ना जाने समय क्या रचना रचेगा, कौन जियेगा कौन बचेगा। इसी सोच के साथ उन्होंने यह शुभ काम पाकिस्तान से भारत आने के दौरान रास्ते में ही करते हुए अपनी पौती भागवंती के हाथ पीले कर दिये। इसके बाद भागवंती अपने पति के साथ रेलगाड़ी में सवार होकर करनाल पहुंची। भागवंती कहती हैं कि वहां हम गांव कुंजपुरा में टेंटों में 5-6 महीने तक रहे। फिर वहां से गांव गौछी तहसील बल्लभगढ़ आ गये। जहां उन्हें एक मकान अलॉट हुआ था। गांव गौछी में मेरी चार लड़कियां और एक लड़का हुआ। फिर वहां से काम की तलाश में कैथल चले गये। कैथल में उनके पति ने दुकानदारी शुरू की। किसी तरह से बच्चों को पढ़ाया, लिखाया और उनकी शादियां की। वष 1982 में भावगंती डुडेजा के पति का देहांत हो गया। बच्चे बड़े हो गये। अपने बेटे के साथ मिलकर भागवंती ने दो बेटियों की शादियां भी की। अब उनके बेटे के दो लड़के यानि मेरे दो पोते है। उनकी भी शादी हो चुकी है।

### वर्ष 2013 में परिवार संग गुरुग्राम पहुंचीं भागवंती

**वर्ष 2013** में भागवंती डुडेजा अपने परिवार के साथ गुड़गांव आ गई। जो यातनाएं, जो पीड़ा उन्होंनें बंटवारे में झेली, आज उनके विपरीत अच्छा जीवन व्यतीत कर रही हैं। भागवंती भगवान से प्रार्थना करती हैं कि बंटवारे के समय जो मार-काट देखी, अब दोबारा ना देखना पड़े। गुरुग्राम के सेक्टर-4 में भागवंती डुडेजा अब अपने बेटे, पोतों और पड़पोतों के साथ रहती हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुंबई से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पहुंचा उड़न खटोला



**सोहना।** केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़कड़ी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को सोहना के गांव लोहटकी में पहुंचेंगे। इस अवसर पर प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहेंगे। जिसको लेकर केन्द्रीय मंत्री का हेलीकॉपटर दिल्ली-मुंबई इक्सप्रेस-वे पर पहुंच गया है। केन्द्रीय मंत्री के उड़न खटौला के लिए लोहटकी में हेलीपेड़ बनाया गया है। केन्द्रीय मंत्री दिल्ली से लोहटकी तक उड़न खटौला से पहुंचेंगे। मंत्री का हेलीकॉपटर मुंबई से बुधवार दोपहर लोहटकी में पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार हेलीकॉपटर गुरुवार सुबह मंत्री को लेने के लिए दिल्ली जाएगा। हेलीपेड़ और उड़न खटौला की सुरक्षा को लेकर कड़ी पुलिस सुरक्षा लगाई गई है। केन्द्रीय मंत्री हेलीकॉपटर से उतरने के बाद करीब नौ किलोमीटर तक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कार में बैठकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे।

### नेहरा खाप ट्रस्ट का सेमिनार 21 सितंबर को रोहतक में

**गुरुग्राम।** नेहरा खाप ट्रस्ट द्वारा जाट भवन रोहतक में आगामी 21 सितम्बर 2021 को एक सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। सेमिनार का विषय है, इंट्री इन डिफेंस फोर्सेज यानी युवा वर्ग भारतीय सशस्त्र सेनाओं में भर्ती कैसे हो सकते हैं। इस सेमिनार में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के कर्नल रैंक समेत बड़े-बड़े अधिकारी युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित करेंगे। इस कायज्क्रम की अध्यक्षता हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री जगदीश नेहरा करेंगे। यह जानकारी नेहरा खाप ट्रस्ट के सहसचिव बलवीर सिंह नेहरा ने दी। उन्होंने बताया कि नेहरा खाप ट्रस्ट एक चेरिटेबल सामाजिक संस्था है जिसमें नेहरा समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति जुड़े हैं। ट्रस्ट समय-समय पर इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। यह प्रोग्राम भारत की तीनों सेनाओं को समर्पित है और युवाओं को सशस्त्र सुरक्षा बलों से जुड़ने का आह्वान किया जायेगा। बलवीर सिंह नेहरा के अनुसार यह प्रोग्राम पूरी तरह से गैर राजनीतिक होगा और सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। विशेष बात यह है कि इस प्रोग्राम में कोई भी व्यक्ति चाहे किसी भी समाज का हो, हिस्सा ले सकता है। यह कार्यक्रम वीरवर राजा झुंझार सिंह नेहरा से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए आयोजित किया जा रहा है, ताकि देश के युवा सशस्त्र बलों से जुड़ने की प्रेरणा ले सकें। इस प्रोग्राम में देश के अनेक राज्यों से नेहरा गौत्र के व्यक्ति भाग लेंगे।

### ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीडन का मामला दर्ज

**होडल।** मुंडकटी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज मांगने व मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। मामले में किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव बंचारी निवासी भोपाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसने अपने बेटी की शादी गांव सिहा निवासी राकेश के साथ की थी। शादी में उसने अपनी हैसियत के अनुसार पूरा दान-दहेज दिया, लेकिन ससुराल वाले दहेज के लोभी होने के कारण वह मेरी लडकी के साथ मारपीट करते और उसे और दहेज लाने के लिए परेशान करते। पीडित ने पुलिस को बताया कि कुछ रोज पहले उसकी लडकी के ससुराल वालों ने दहेज ना मिलने पर उसके साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में खबर लिखे जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# अयांश के उपचार को इकट्ठे हुए 10 करोड़ रुपये, छह करोड़ और चाहिए

### गुरुग्राम के डेढ़ साल के अयांश को लगना है 16 करोड़ का टीका

### अयांश के माता-पिता की अपील, दानी सज्जन सहयोग करें

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**स्पाइनल** मस्क्यूलर एट्रॉफी (एसएमए) नामक बीमारी से पीड़ित डेढ़ साल के अयांश मदान को लगने वाले टीके के लिए 16 करोड़ रुपये में से 10 करोड़ रुपये अब तक एकत्रित हो चुके हैं। पीड़ित बच्चे के माता-पिता की अपील पर लोगों ने खुलकर दान दिया है। अयांश के माता-पिता का कहना है कि अब 6 करोड़ रुपये की कमी है। उन्होंने दानी सज्जनों से आग्रह किया है कि वे अपनी नेक कमाई में से कुछ हिस्सा देकर उनके बेटे के उपचार में सहायक बनें।

एसएमए बीमारी से पीड़ित बालक अयांश मदान को लगने वाले 16 करोड़ रुपये के टीके के लिए धनराशि एकत्रित करने में हर कोई अपने स्तर पर सहायता दे रहा है। सिर्फ गुरुग्राम ही नहीं, बल्कि देश भर के राज्यों, शहरों में लोगों द्वारा अयांश के उपचार के लिए मुहिम चलाई जा रही है। यहां तक कि मुंबई में फिल्मी दुनिया से भी कई सदस्यों ने अपने स्तर पर देश के लोगों से दान की अपील की है। अब तक 10 करोड़ रुपये अयांश के उपचार के लिए एकत्रित हो चुके हैं। समय बीतने का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। बालक अयांश को दिसम्बर 2021 से पहले ही यह टीका लगना है। अगर यह समय बीत गया और टीका नहीं लग पाया तो बालक का जीवन खतरे में पड़ जाएगा।



बालक अयांश मदान।

### 60 हजार लोग एक-एक हजार दें तो बने बात

**अयांश** को लगने वाले टीके लिए 16 करोड़ रुपये में से 10 करोड़ रुपये एकत्रित हो चुके हैं। अब छह करोड़ रुपये बाकी हैं। अब अगर 60 लाख लोग 100-100 रुपये, छह लाख लोग 10-10 हजार, 60 हजार लोग एक-एक हजार या फिर 6000 लोग एक-एक लाख रुपये दें तो बाकी के छह करोड़ रुपये भी एकत्रित हो सकते हैं। कहीं पर भी दान देने वाले दानी सज्जनों से परिवार ने फिर से आग्रह किया है कि बच्चे की बीमारी के उपचार में दिया गया यह दान भी उनको खुशियां देगा।

### फरहा व दीपिका ने जीते केबीसी में 25 लाख

**कोरियोग्राफर** फरहा खान व फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किये जा रहे कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) खेल में 25 लाख रुपये की धनराशि जीती। ऐपिसोड में अयांश मदान की भी झलकियां दिखाई गई। पहले से ही फरहा खान घोषणा कर चुकी थी कि वे यहां जीती हुई रकम से आधी अयांश के उपचार को दान करेंगी। 25 लाख के आधे 12 लाख 50 हजार में से टैक्स कटकर 8 लाख 13 हजार रुपये मिलेंगे। यह रकम भी जल्द ही अयांश के बैंक खाते में ट्रांसफर होगी।

### ज्यादा रुपये इकट्ठे हुए तो दूसरे बच्चों को देंगे

**अयांश** के पिता प्रवीण मदान भावुक होकर कहते हैं कि उनके बच्चे का जीवन बचाने को पूरा देश लगा है। हर जगह से दान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 16 करोड़ रुपये से अधिक चाहे एक रुपया इकट्ठा हो या लाख, वे उस पैसे को दूसरे बच्चों की बीमारी में दान कर देंगे। क्योंकि इतना पैसा इकट्ठा करना किसी भी व्यक्ति के बस की बात नहीं है। यह सब दान से ही संभव हो सकता है। जो पीड़ा वह झेल रहे हैं, वैसी ही पीड़ा अयांश जैसे दूसरे बच्चों के माता-पिता भी झेल रहे हैं। इसलिए वे 16 करोड़ से अधिक धनराशि को दान कर देंगे।

# अग्रवाल सभा के प्रधान पद को लेकर नौ सौ लोगों ने की सदस्यता ग्रहण

**कैलाश मंगला। होडल**

**श्रीवैश्य** अग्रवाल सभा के प्रधान पद को लेकर अग्रवाल भवन में चल रहे सदस्यता अभियान में अब तक अग्रवाल समाज के 18वर्ष से ज्यादा महिला-परूषों न सदस्यता ग्रहण कर ली है। सदस्यता अभियान के प्रति अग्रवाल समाज के लोगों में उत्साह बना हुआ है। अग्रवाल समाज द्वारा बनाई गई चुनाव कमेटी ने प्रधान पद के चुनाव को लेकर कुछ नियम भी लागू किए है।

चुनाव अधिकारी डा. जेके मित्तल व राजकपूर बंसल ने जानकारी देते हए बताया कि श्रीवैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान पद को लेकर चल सदस्यता अभियान में अब तक नौ सौ महिला-पुरूष व युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने बताया कि सभा का यह सदस्यता अभियान 19 सितंबर तक चलेगा और 20 व 21 सितंबर को प्रधान पद के लिए नामांकन भरे जाएंगे। इसके अलावा 22 सितंबर को फार्म वापिस व चुनाव चिन्ह वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर रविवार को अग्रवाल सभा का मतों के द्वारा चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अग्रवाल समाज की ओर से चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी जेके मित्तल, राजकपूर बंसल, हृदय राम गर्ग, कृष्ण चंद सिंगला, मनोज कुमार कंसल, बालकिशन सिंगला, नवीन मंगला, त्रिलोक मंगला, शशी भूषण गर्ग, मोनू गर्ग की कमेटी का गठन किया गया है। इसके अलावा चुनाव को लेकर कमेटी द्वारा यह नियम बनाए है कि इस प्रधान पद के चुनाव में होडल के वैश्य बंधु ही हिस्सा ले सकेंगे, किसी भी प्रकार का पंपलैंट या प्रकाशन करने की कोई भी बात सामने आई नामांकन कर्ता को चुनाव प्रपत्र रदद कर दिया जाएगा, कोई भी व्यक्ति 20 सितंबर को चुनाव अधिकारी के पास से पांच सौ रुपये का शुल्क देकर वोटर सूचि उपलब्ध कर सकता है, प्रधान पद के लिए उम्मीदवार की चुनाव फीस 5100 रुपये होगी जो कि दानस्वरूप संस्था में जाम हो जाएगी चुनाव के बाद भी वापिस नहीं दी जाएगी। इसके अलावा चुनाव आयोग में सम्मलित व्यक्ति इस्तीफा देकर चुनाव पद का उम्मीदवार बन सकता है। चुनाव कमेटी द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है।

# गैरतपुरबॉस से सटी अरावली में भी फार्म हाउस वन विभाग के निशाने पर

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना।**

**वन** विभाग गैरतपुरबॉस से लगती अरावली पहाड़ी में बने करीब डेढ़ दर्जन फार्म हाउसों को अवैध निर्माण किए जाने का नोटिस देगा। वन विभाग ने सर्वे प्रक्रिया पूरी करने के बाद नोटिस देने की तैयारी कर ली है।

वन विभाग ने रायसीना और भोंडसी के बाद गैरतपुरबॉस से सटी अरावली पहाड़ी में बने फार्म हाउसों का सर्वे कार्य शुरू किया है। गैरतपुरबॉस का कुछ हिस्सा अरावली अंसल के बाहर आता है। जिसमें 15 से 20 फार्म हाउसों को चिह्नित किया है। वन विभाग कर्मचारियों की टीम सोहना रेंज क्षेत्र में पीएलपीए की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण की खोज कर रही है। ताकि एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को जल्द से जल्द पूरा करने के बाद रिपोर्ट पेश की जा सके।

**1970 से पहले बने मकानों पर कानूनी सलाह :** वन विभाग सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहना शहरी क्षेत्र में 1970 से पहले पीएलपीए की जमीन पर हो रहे निर्माण भवनों को लेकर कानूनी सलाह लेगा। जिससे वन विभाग पर उठ रही आम लोगों की अंगुलियों का जबाव दिया जा सके।

### चार याचिकाकर्ता पहुंचे अदालत

**वन** विभाग के एक खिलाफ निचली अदालत ने सोमवार को याचिका दायरकर्ता को स्टे दे दी है। अब तक शहर के दो लोगों को अदालत से याचिका पर स्टे मिला है। अब तक वन विभाग द्वारा दिए गए अवैध निर्माणों के खिलाफ नोटिसों के खिलाफ कुल चार लोगों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। जिसमें सबसे पहले रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में बने फार्म हाउस मालिकों ने याचिका दायर की थी।

### शहर में गुंड़ागर्दी नहीं होने दी जाएगी : विधायक

**सोहना।** सोहना विधायक संजय सिंह ने कहा कि शहर में किसी प्रकार की बदमाशी नहीं होने दी जाएगी। विवादों का आपसी सहमति और सामाजिक मर्यादाओं के निपटाया जाएगा।

शहर के वार्ड-19 के दो गुटों के बीच उपजे विवाद को लेकर गठित की गई 31 सदस्यों की कमेटी बुधवार को सोहना विधायक संजय सिंह से मिली। कमेटी सदस्यों ने विधायक को विवाद की जानकारी दी। विधायक संजय से शहर में बाउंसरों को लेकर आने वाले गुट की शिकायत की। शहरवासियों की गठित कमेटी को विधायक संजय सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि चाहे नेता हो या प्रॉपर्टी डीलर। बदमाशों को लेकर शहर में किसी को गुंडागर्दी नहीं करने दी जाएगी। विवादों को सामाजिक दायरे में रहकर निपटाएं। शहर के किसी परिवार या गुट पर हमला नहीं होने दिया जाएगा। सामाजिक फैसले न मानने वाला पक्ष अदालत जाकर न्याय की गुहार लगा सकता है। विधायक ने विवादित जमीन को फैसला होने तक किसी प्रकार का निर्माण नहीं होगा। जमीन को पूर्व की भांति ही रखा जाएगा।

# हरियाणा में भी अब नर्सिंग ऑफिसर कहलाएंगीं स्टाफ नर्स

### गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने दिया यह तोहफा

### प्रदेश में स्टाफ नर्सों ने मनाया इस जीत का जश्न

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**हरियाणा** में अब स्टाफ नर्स नर्सिंग ऑफिसर कहलाएंगीं। लंबे समय से स्टाफ नर्सों की यह मांग थी, जिसे अब जाकर सरकार ने पूरा किया है। इस जीत पर प्रदेशभर में स्टाफ नर्सों ने जश्न मनाया। व्यक्तिगत रूप से भी और सोशल मीडिया पर भी नर्सिंग ऑफिसर एक-दूसरे को बधाई देने में लगीं रही।

नर्सों की मुख्यत: तीन श्रेणियां स्टाफ नर्स, नर्सिंग सिस्टर और मैटर्न हैं। इन तीनों श्रेणियों का ही अब नाम बदल गया है। स्टाफ नर्स नर्सिंग ऑफिसर कहलाएंगी। नर्सिंग सिस्टर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर और मैटर्न स्टाफ चीफ नर्सिंग ऑफिसर कहलाएंगी। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा इस मांग को पूरा किये जाने की घोषणा के साथ ही वित्त विभाग की ओर से इस बाबत पत्र भी जारी कर दिया गया।

### हमने लड़ाई जारी रखी और जीत हुई : कमलेश सिवाच



**हरियाणा** में नर्सों को नर्सिंग ऑफिसर का दर्ज मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नर्सिंग एसोसिएशन गुरुग्राम की प्रेजीडेंट कमलेश सिवाच ने कहा कि इस दर्ज के लिए पिछले चार साल से लड़ाई लड़ रहे थे। सरकार से आश्वासन ही मिलते थे। बीच में दो साल कोरोना की वजह से काम प्रभावित रहे। अब फिर से हमने सक्रियता बढ़ाई तो सरकार को हमारी मांग माननी पड़ी। हमारी जीत हुई और अब हरियाणा में स्टाफ नर्सों को नर्सिंग ऑफिसर का दर्जा मिल गया है।

### लंबे समय का था सपना, पूरा हुआ : रितु मलिक



**नर्सिंग** ऑफिसर रितु मलिक कहतीं हैं कि यह बहुत ही सम्मान का दिन है। इस दिन की सभी नर्सिंग स्टाफ को बेसब्री से इंतजार था। उनका यह एक तरह से सपना पूरा हुआ है। उन्हें खुशी है कि देर से ही सही, सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करके नर्सिंग ऑफिसर का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि घर-परिवार व कार्यस्थल के बीच सामंजस्य बिठाकर जिस तरह से विपरीत परिस्थितियों में नर्सिंग ऑफिसर काम करती हैं, वह बहुत ही चुनौती भरा होता है। मरीजों का स्वास्थ्य सही करने को नर्सिंग ऑफिसर जिस जुनून के साथ तरह से काम करती हैं, वह किसी कलम से नहीं लिया जा सकता। उन्होंने नर्सिंग एसोसिएशन गुड़गांव की प्रेजीडेंट कमलेश सिवाच व अन्य पदाधिकारियों द्वारा इस काम के लिए किए गए संघर्ष का फल बताया।

### परिवार की तरह रखते हैं मरीजों का ख्याल: पूनम सहराय



**अपना** नया टाइटल मिलने पर जश्न मना रहीं नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय बोलीं कि लंबे समय से उनकी यह मांग थी। जिसे सरकार ने अब पूरा किया है। इसके लिए नर्सिंग एसोसिएशन गुड़गांव की प्रेजीडेंट कमलेश सिवाच समेत सभी पदाधिकारियों को पूरा श्रेय जाता है। सभी ने कड़ी मेहनत की। पूनम सहराय ने कहा कि दिल्ली के एम्स समेत अन्य कई राज्यों में नर्सिंग स्टाफ को नर्सिंग ऑफिसर का दर्जा पहले से ही मिला हुआ है। चिकित्सा का सबसे अधिक जिम्मा नर्सिंग ऑफिसर कंधों पर होता है। अपने परिवार की तरह वे मरीजों का ख्याल रखती हैं। उनके लिए ना कोई छोटा होता है और ना कोई बड़ा। अस्पताल में उनके लिए हर मरीज के लिए सकारात्मकता रहती है। नर्सिंग पेशा अपने आप में ही एक समर्पण और त्याग का है।

### निष्पक्षता से करते हैं काम: जपिन्द्र



**नर्सिंग** ऑफिसर जपिन्द्र का कहना है कि नया नाम मिलना बहुत ही खुशी की बात है। इस नाम के लिए प्रयास करने वाली नर्सिंग एसोसिएशन का भी धन्यवाद। एसोसिएशन ने लगातार इस पर काम किया। सरकार से बार-बार इस बारे में आग्रह किया। आखिर में नर्सिंग ऑफिसर का नाम हमें मिला है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग ऑफिसर कभी भी अपने काम में कोई कमी नहीं छोड़तीं। ड्यूटी पर निष्पक्षता से काम करते हुए वे मरीजों को उपचार देती हैं। बहुत बार अपने परिवार की समस्याओं को नजरअंदाज करके ड्यूटी निभानी पड़ती है। ऐसी जुझारू स्टाफ नर्सों को सरकार ने नर्सिंग ऑफिसर का दर्जा देकर सम्मान बढ़ाया है।

# जीएसटी की खामी से हो रहा 948 करोड़ के राजस्व का नुकसान और बढ़ रहा कचरा प्रदूषण

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**दिल्ली** और मुंबई से काम करने वाले वाले थिंक टैंक पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच का कहना है कि टेट्रा पैक को कागज आधारित पैकेजिंग की श्रेणी में मानते हुए जीएसटी की 12 प्रतिशत वाली स्लैब में रखना गलत कदम है, जबकि प्लास्टिक या एल्युमीनियम या मल्टी मैटेरियल पैकेजिंग को 18 फीसद की स्लैब में रखा गया है।

मंच का कहना है कि गत्ते जैसा दिखने के कारण टेट्रा पैक को कागज की पैकेजिंग की श्रेणी में रख लिया गया है, जो सही नहीं है। टेट्रा पैक एक मल्टी लेयर पैकेजिंग मैटेरियल है, जिसमें प्लास्टिक, पेपर और एल्युमीनियम का इस्तेमाल होता है। मंच ने जीएसटी काउंसिल, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को पत्र लिखकर टेट्रा पैक को 12 से 18 प्रतिशत की स्लैब में रखने का अनुरोध किया है।

भारत में टेट्रा पैक प्रदूषण का बड़ा स्त्रोत है। टेरी के मुताबिक, पिछले 4 साल से भारत में टेट्रा पैक की रीसाइकिलिंग की दर 30 प्रतिशत के आसपास टिकी हुई है। 2017 से अब तक करीब 3000 करोड़ टेट्रा पैक को कचरे में फेंका जा चुका है, जिससे जमीन और पानी में प्लास्टिक, एल्युमीनियम व कई खतरनाक प्रदूषण घुले हैं।



भारत में टेट्रा पैक का साला उत्पादन करीब 1000 करोड़ पैकेट का है। जीएसटी लागू होने यानी 1 जुलाई, 2017 से अब तक करीब 3950 टेट्रा पैक का उत्पादन हुआ है। इनकी औसत कीमत 4 रुपये प्रति पैक होती है। 18 प्रतिशत की दर से इस पर 72 पैसा जीएसटी लगना चाहिए, लेकिन 12 प्रतिशत की दर से केवल 48 पैसा जीएसटी वसूला जा रहा है। इस तरह देखा जाए तो जीएसटी की इस खामी के कारण 948 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। भारत में टेट्रा पैकेजिंग की सबसे बड़ी कंपनी टेट्रा पैक का कारखाना पुणे में है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच के प्रेसिडेंट और स्व. पंडित दीनदयाल के भतीजे डॉ. विनोद शुक्ला ने कहा, जीएसटी काउंसिल अनजाने में ही एफएमसीजी कंपनियों द्वारा पर्यावरण के प्रतिकूल टेट्रा पैकेजिंग को बढ़ावा दे रहा है। जीएसटी व्यवस्था की खामी के कारण टेट्रा पैकेजिंग कंपनियों के लिए टैक्स बचाने का माध्यम बन गया है। भारत में टेट्रा पैकेजिंग सबसे कम रीसाइकिल किया जाने वाला पैकेजिंग मैटेरियल है। दूध, जूस आदि की पैकिंग में टेट्रा पैक का बढ़ता प्रयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्लास्टिक का प्रयोग कम करने की दिशा में हुई प्रगति को पीछे ले जा रहा है। साथ ही राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।'

जीएसटी में टेट्रा पैक का सही वर्गीकरण अनावश्यक रूप से प्रदूषण फैलाने वाले पैकेजिंग मैटेरियल के प्रयोग को हतोत्साहित करेगा। पैकेजिंग से जुड़ी कंपनियों और कचरा प्रबंधन उद्योग को साथ आकर इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। प्रयास होना चाहिए कि पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल मैटेरियल से पैकेजिंग को बढ़ावा दिया जाए।

# चुनाव सरलीकरण प्रक्रिया को लेकर बीएलओ को निर्देश



बुधवार को सोहना के राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में बीएलओ की हुई बैठक।

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना।**

**चुनाव** सरलीकरण प्रक्रिया को लेकर बीएलओ को नये निमयों की जानकारी दी गई। बीएलओ बूथ क्षेत्र में आने वाली कॉलोनियों में रहने वाले मतदाताओं की सूची तैयार करेंगे। जिससे प्रत्येक बूथ स्तर पर मतदाता का डाटा तैयार किया जा सके।

शहर के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में चुनाव सरलीकरण प्रक्रिया को लेकर बीएलओ की बैठक हुई। बैठक में सुपरवाइजर मास्टर हुकमसिंह व चुनाव आयोग जिला कार्यालय से आए राजेन्द्र हुड्डा ने भाग लिया। चुनाव आयोग के जिला अधिकारी राजेन्द्र हुड्डा ने बीएलओ को अपने-अपने बूथ क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता का सर्वे करना है। सर्वे के दौरान प्रत्येक मतदाता का बूथ मतदाता सूची में उसके निवास का डाटा ऑनलाइन कराना है। एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष की उम्र पार करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया भी जल्द से जल्द की जाएगी। जिसके लिए गुरुढ़ एप व ऑनलाइन हेल्प नंबर पर मतदाता को नई वोट बनवाने में सहायता करें।

# लेखिका राशि रूप लक्ष्मी जयपुर में करेंगी अपनी पुस्तक का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भारत** के खूबसूरत शहरों में से एक, गुलाबी शहर जयपुर, जिसके साहित्य और ऐतिहासिक दौर के हम सब गवाह हैं। जयपुर का हर कोना दर्शनीय एवं सम्मोहित करने वाला है। सारी इमारतें गुलाबी रंग से सराबोर, इठलाती नजर आती हैं।

इस डिजिटल युग में साहित्य ही एक ऐसा माध्यम है जो हमारे जीवन में रंग भरता है। ऐसे में लिटेरिया इनसाइट ने पिंक सीटी जयपुर में 3 अक्टूबर 2021 को, 225 वेस्ट में साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया है जिसमें साहित्य के अनेक बदलते रूप और लोगों पर उनके प्रभावों पर परिचर्चा की जाएगी। इस संदर्भ में देश के कोने-कोने से साहित्यकार, लेखक, एवं लेखिका भाग लेने आ रहे हैं। प्रोग्राम मे राशि रूप लक्ष्मी अपनी पुस्तक 'मैनिफेस्ट यौर क्रेस्ट- द पावर आफ यू' का विमोचन करेंगी। उनके व्यकतित्व में साहित्य के अलावा लाइफ कोच, यानी जीवन जीने की कला, प्रेरक वादक हैं। इसके साथ ही भविष्य वक्ता एवं कुंडली को देखकर राय रखने का माद्दा भी हैं।



'द पावर आफ यू' में उन्होंने छोटी सी छोटी बात जो हममें निहित हैं, और उससे हम किस तरह ऊपर उठ सकते हैं, उसे दर्शाया है। उनका कहना है कि सारे शक्तिशाली आयाम हममें ही निहित हैं, बस देर है उसे समझ कर अपनेआप में समाहित करने का। बहुत सहज एवं सरल शब्दों में अपनी इस किताब में उन्होंने ये सारे पहलू रखे हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति अपनेआप को किसी से कम न समझे। चूंकि सारी शक्तियां तो हममें ही निहित हैं, बस उनको जागृत करने की देर है। राशि अपने लेखन द्वारा हर वर्ग के लोगों की प्रेरणाश्रोत हैं। 'कोई भी इंसान छोटा या बडा नहीं, बस प्रयत्न ही सारा निचोड है', इस धारणा को अपने कार्यों में समाहित कर, राशि का लक्ष्य समाज के हर वर्ग मे सकारात्मकता फैलाना है।

## अंकल, प्लीज आप मास्क लगाएं और वैक्सीन भी लगवाएं

### स्कूली छात्राओं ने निकाली कोरोना जागरूकता रैली में लोगों से की अपील

ललित गर्ग। पुन्हाना

शहर के गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की एनसीसी कैडेटों ने कोविड वैक्सीनेशन तथा मास्क लगाने के लिए प्रेरित करते हुए शहर में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस दौरान कैडेटों ने जहां शहर के लोगों को मास्क वितरण किए, वहीं सभी से ज्यादा से ज्यादा वैक्सीन लगवाने की अपील की।

कैडेटों ने कहा कि प्लीज, आप मास्क लगाएं और वैक्सीनेशन भी कराएं। गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की एनसीसी कैडेट ट्रेनर रिंपल रानी ने बताया कि रैली के माध्यम से शहर भर में जगह जगह लोगों को वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज लगवाने तथा ज्यादा से ज्यादा मास्क का प्रयोग करने की अपील की गई।


शहर में जागरुकता रैली निकालती एनसीसी कैडेट छात्राएं।

**लोगों ने जहां छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए रैली निकालने के लिए उन्हें शाबाशी दी।**

इस दौरान शहर के लोगों ने जहां छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए रैली निकालने के लिए उन्हें शाबाशी दी। वहीं उन्हें आश्वासन भी दिया कि वे ज्यादा से ज्यादा वैक्सीन लगवाएंगे और मास्क का प्रयोग करेंगे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य दीन मोहम्मद के अलावा स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## टीका लगवाने से वंचित व्यक्ति जल्दी लगवाएं वैक्सीन : उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन कैम्प लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला के सभी पेट्रोल पम्पों पर भी वैक्सीनेशन का कैम्प का आयोजन किया जाए ताकि टीकाकरण से वंचित रहे लोगों को टीकाकरण किया जा सके।

डीसी कैप्टन शक्ति सिंह बुधवार को जिला सचिवालय में 13 से 15 सिंतबर तक लगाए गए मैगा वैक्सीनेशन कैम्प की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में एसडीएम नूंह सलोनी शर्मा, एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम तावडू अश्वनी मलिक, मेडिकल कालेज के अतिरिक्त निदेशक सतेन्द्र दुहन, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डा. डीएन बागड़ी, नोडल अधिकारी डा. सुरेश दलपत, सिविल सर्जन डा. सुरेन्द्र यादव, उप-सिविल सर्जन डा. बसंत दुबे सहित सभी तहसीलदार भी उपस्थित रहे।

**पहली वैक्सीन के बाद दूसरी डोज अवश्य लगवाएः डीसी**

## भाजपाइयों ने पंजाब के मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

### पंजाब सीएम ने किसानों से हरियाणा में आंदोलन करने का दिया था बयान

**डीसी व एडीसी ने सक्षम बिटिया पोस्टर का किया अनावरण**

दीपक कुमार। नूंह

**जिला** मुख्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह व कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के खिलाफ रोष प्रकट किया। इस दौरान सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय से होते हुए पुरानी तहसील, पुराने डीसी कार्यालय से नूंह नगरपालिका गेट के सामने पंजाब के मुख्यमंत्री का पूतला फूंका।

इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, पूर्व विधायक व वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन, भाजपा जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, फरीदाबाद किसान सैल के प्रभारी बीरपाल कालियाका, पूर्व चेयरमैन खुर्शीद राजाका, आलम मुंडल, युवा जिला अध्यक्ष केशव पंडित, जिला महामंत्री दलबीर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन ने बताया कि हम प्रदेश के कांग्रेसी सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कुमारी शैलजा बताएं कि क्या वे हरियाणा की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना चाहते हैं? या आपके नेता प्रदेश को गुमराह कर रहे हैं? आप बताइए आप किसके साथ हैं हरियाणा के साथ या पंजाब के साथ। प्रदेश की जनता को अब तय करना होगा के फर्जी किसान के रूप में कांग्रेसी राजनीति के लोग क्यों हरियाणा को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री फर्जी किसानों को स्पष्ट निर्देश दे रहे हैं कि वह हरियाणा व दिल्ली में जाकर आंदोलन करें, लेकिन अब अधिक समय तक ऐसा नहीं चलने वाला है।

प्रदेश के लोग अब सबकुछ समझ रहे हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से युवा मोर्चा के जिला महामंत्री मोनू आर्य, जितेंद्र सैनी, महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निशा सैनी, फिरोजपुर झिरका के मंडल अध्यक्ष हितेश हरियाणा के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


नूंह में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर पंजाब सीएम का पुतला फूंकते भाजपाई।

## जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन

**करनाल।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण करनाल सुश्री जसबीर ने जिला कारागार करनाल में बुधवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया। छोटे अपराधों में शामिल 8 अपराधों जैसे कि घोषित अपराधी, चोरी आदि को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के समक्ष लाया गया। जिनमें से 7 मुकदमों को मौके पर निपटया गया और जिनमें संलिप्त 5 विचाराधीन कैदियों को कबूलनामे के आधार पर कि वे भविष्य में ऐसे अपराध नहीं करेंगेको अन्डरगोन किया गया ।

सीजेएम ने जेल अधीक्षक को उन मामलों की छानबीन करने का भी निर्देश दिए जहां छोटे-छोटे अपराधों में विचाराधीन कैदी हैं ताकि ऐसे मामलों को अगले महीने होने वाली जेल लोक अदालत में इन विचाराधीन कैदीयों के मामलों को रखा जाए। उन्होंने जेल परिसर और कैदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। विचाराधीन/अंडर ट्रायल कैदियों का साक्षात्कार लिया गया और किसी भी दोषी/अंडर ट्रायल कैदी ने ब्रेक-फास्ट लंच या डिनर आदि के समय या अन्य जीवित स्थितियों के संबंध में उन्हें भोजन की गुणवत्ता या मात्रा के बारे में कोई शिकायत नहीं की।

## स्कूल में हिंदी दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



**नूंह।** एसआरएफ फाउंडेशन पिछले 11 वर्षों से नूंह खंड के 19 गांवों के 42 स्कूलों में गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए कार्य कर रहा है। इसी के चलते हुए एसआरएफ फाउंडेशन के द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवर सिका में हिंदी दिवस मनाया गया।

जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कॉम्पिटिशन कराया गया जैसे निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगीता, रंगोली प्रतियोगिता आदि कराई गईं। इस अवसर पर बच्चों के कल्चर प्रोग्राम भी किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सलोनी शर्मा मुख्य अतिथि रही। उन्होंने बच्चों कि हौसला अफजाई की। बच्चों को सभी प्रतियोगिताओं में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मात्र भाषा है। जिसे हम सबको सम्मान देना है। उन्होंने हिंदी के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा, बच्चे और बड़े सभी स्तर पर हमें हिंदी का प्रयोग करना है। एसआरएफ फाउंडेशन, के सहयोग से लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय, लाइब्रेरी, साइंस लैब, डिजिटल क्लासरूम, बच्चों के बैठने के लिए ड्यूल डेस्क और बैडमिंटन ग्राउंड लाइट और सोलर लाइट को देखा और एस आर एफ फाउंडेशन और स्कूल के कार्य की सराहना की।

इस इस अवसर पर एसआरएफ फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर कमलेश्वर मिश्रा, फील्ड ऑफिसर ओमप्रकाश सिंह, शकील अहमद और स्कूल के प्रिंसिपल श्याम लाल, ओम प्रकाश गुप्ता, स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

## दबंग युवक पर लड़का गायब करने का आरोप, गांव में तनाव

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका

**शेखपुर** गांव में एक युवक द्वारा गांव के लड़का गुम करने के आरोप को लेकर तनाव बना हुआ है। लड़के को 20 दिन पूर्व गाड़ी चलाने के बहाने घर से बुलाया गया था। उसी दिन से लड़का लापता है। लड़के के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।


लापता सालिम।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि स्थानीय पुलिस भी आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रही है। पीड़ित पिता सरफुद्दीन ने बताया कि 24 अगस्त को गांव के साजिद ने गाड़ी चलाने के बहाने फोन कर सालिम को घर से बुलाया था। जानकारी यहां तक है कि सालिम साजिद के पास पहुंच गया था। उसके बाद से सालिम का कोई अता-पता नहीं लग पाया है। पीड़ित सरफुद्दीन ने बताया आरोपी साजिद के बार-बार बयान बदलने से साजिद को मौत के घाट उतराने का शक विश्वास में बदलता जा रहा है। इस सम्बंध में गांव में दो बार बिरादरी की पंचायत हो चुकी है लेकिन दोनों पंचायत बेनतीजा रही है। क्योंकि आरोपी युवक साजिद के पंचायत में उपस्थित नही होने से पीड़ित परिवार को पूरा शक है कि उनके लड़के को कही मार कर गायब कर दिया गया है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि स्थानीय पुलिस भी आरोपी युवक के दबाव में काम कर सारे मामले को हल्के में लेकर पर्दा डालने में लगी हुई है। पीड़ित परिवार ने आरोपी युवक के खिलाफ सख्त पुलिस कार्यवाई करने की मांग की है। इस सम्बंध में फिरोजपुर झिरका थाना प्रभारी रमेश कुमार ने कहा कि मेरे संज्ञान में यह मामला नहीं है, यदि पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत आएगी तो आरोपी पक्ष के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पीड़ित परिवार का रो-रोकर हो गया बुरा हाल**

## बकाया प्रॉपर्टी टैक्स नगर निगम में आने की जगी उम्मीद

**करनाल।** नगर निगम को सरकारी महकमों की ओर लम्बे समय से बकाया रह रहे प्रॉपर्टी टैक्स के आने की उम्मीद जगी है। आंकडों की बात करें, तो शहर के करीब 17 विभागों में 51 करोड़ 17 लाख 88 हजार रूपये का टैक्स लम्बित है। यदि यह राशि निगम के खजाने में आ जाए, तो लाजमी तौर पर इसकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो जाएगी।

इसी कोशिश के साथ बुधवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. मनोज कुमार ने शहर के डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में राज्य सरकार के उक्त विभागों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। बैठक में विभागों के दर्जनभर प्रतिनिधि उपस्थित हुए, जिनके साथ निगमायुक्त ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर चर्चा की। निगमायुक्त ने कहा कि पिछले दिनो सरकारी विभागों की मांग पर उनकी प्रॉपर्टी का सर्वे कराकर वास्तविक एरिया और उस पर देय टैक्स की प्रक्रिया पूरी की गई थी ताकि किसी को भी कोई अंदेशा ना रहे। फिर भी इसे लेकर किसी विभाग की कोई दिक्कत है, तो इसके लिए सर्वे एजेंसी याशी के अर्बन प्लानर से सम्पर्क कर उसका समाधान करवा सकते हैं।

## शत प्रतिशत वैक्सीनेशन सरकार और विभाग का लक्ष्य: डॉ दलपत

### विशेष अभियान लेकर हर एक व्यक्ति को लगाई जाएगी वैक्सीन

ललित गर्ग। पुन्हाना

**स्वास्थ्य** विभाग समाजसेवियों तथा संपूर्ण सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों का साथ लेकर गांव-गांव गली-गली जाकर हर एक व्यक्ति को वैक्सीन लगाने का प्रयास करेगा। विशेष अभियान के तहत जिलेभर में लगभग साढ़े सात लाख लोगों का वैक्सीनेशन कराया जाएगा। ये बातें स्वास्थ्य विभाग के स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ सुरेश दलपत ने पुनहाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहीं।

स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ सुरेश दलपत ने बताया कि नूंह जिला अन्य जिलों की अपेक्षा वैक्सीनेशन के क्षेत्र में पीछे चल रहा है। सरकार व प्रशासन का प्रयास है कि जिले का हर व्यक्ति वैक्सीन की दो डोज अवश्य ले। उन्होंने बताया कि कुछ कारणों से यहां के लोगों में वैक्सीन के प्रति उदासीनता है। जिसे समाजसेवी संस्थाओं, धर्मगुरुओं, विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मिलकर गांव गांव, गली-गली जाकर लोगों को वैक्सीन के लिए प्रेरित किया जाएगा। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक मोबाइल जागरूकता वेन को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एसएम ओ डॉ विजय ने बताया कि मोबाइल वैन गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी। जो लोग वैक्सीन से वंचित रह गए हैं, उन्हें मौके पर वैक्सीन भी लगाएगी। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ डॉ विजय, सेवा भारती संस्था से राजकुमार, लालाराम भारद्वाज, नवीन कुमार, राजेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी धर्मवीर सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


मोबाइल वेन को हरी झंडी दिखाते हुए।

## चौधरी जाकिर हुसैन के प्रथम आगमन पर कई जगह हुआ स्वागत

### वक्फ बोर्ड के प्रशासक बनने के बाद पहली बार फिरोजपुर झिरका पहुंचे

**बड़ी जिम्मेदारी देने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व और मुख्यमंत्री जताया आभार**

पॉयनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**हरियाणा** वक्फ बोर्ड के नव नियुक्त प्रशासक (एडमिनिस्ट्रेटर), 36 बिरादरी के चौधरी व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौ. जाकिर हुसैन का एडमिनिस्ट्रेटर बनने के बाद बुधवार को पहली बार फिरोजपुर झिरका पहुंचे। इस मौके पर बार एसोसिएशन, फिरोजपुर झिरका, सुलेला मोड़, समाजसेवी राकेश जैन के दफ्तर व अन्य कई जगहों पर स्वागत-समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर जगह-जगह सैंकड़ों लोगों द्वारा चौ. जाकिर हुसैन जी का फूलमालाएं, गुलदस्ता व पगड़ी बांधकर भव्य स्वागत किया गया। इस भव्य व शानदार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा वक्फ बोर्ड के एडमिनिस्ट्रेटर चौ. जाकिर हुसैन ने क्षेत्र के प्रमुख लोगों व वकील साहिबान द्वारा किए गए इस शानदार स्वागत के लिए धन्यवाद व आभार जताया। चौ. जाकिर हुसैन ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का धन्यवाद व आभार जताया।

उन्होंने कहा कि वे वक्फ बोर्ड की तरक्की, विकास व उन्नति के लिए दिन-रात कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने उन पर जो विश्वास जताया है वे उस पर खरा उतरेंगे। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वक्फ बोर्ड के माध्यम से हरियाणा के लोगों विशेष रूप से मेवात क्षेत्र के अति पिछड़े लोगों की भलाई के लिए अथक प्रयास करेंगे।

हुसैन ने कहा कि सबसे पहले उनके दादा मरहूम चौ. मो. यासीन खां व पिता मरहूम चौ0 तय्यब हुसैन ने लोगों की सेवा की और आज वे भी अपने दादा व पिता के पदचिन्हों पर चलकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। फिरोजपुर झिरका बार के अध्यक्ष एंव समाजसेवी राकेश जैन आदि प्रमुख लोगों ने पूर्व विधायक चौ. जाकिर हुसैन को हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक बनाने पर हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहरलाल जी का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि चौ. जाकिर हुसैन जी एक सुलझे हुए और मझे हुए राजनेता हैं, तथा हरियाणा वक्फ आज जैसी स्थिति में है उसको संभालने के लिए उनसे बेहतर इंसान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चौ. जाकिर हुसैन जी के नेतृत्व में हरियाणा वक्फ बोर्ड तरक्की व उन्नति के नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन अर्जुन दाव चावला, हरियाणा तंजीम आइम्मा औकाफ के अध्यक्ष मौलाना असरूद्दीन तेड़, जावेद सेक्रेटरी, मीडिया प्रभारी मनीष जैन आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।


स्वागत समारोह को सम्बोधित करते चौधरी जाकिर हुसैन।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा विभाग का सक्षम रिव्यू किया



**नूंह।** उपमंडल अधिकारी सलोनी शर्मा ने शिक्षा विभाग का सक्षम रिव्यू किया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद व सभी सीआरसी, एबीआरसी, बीआरपी ने भाग लिया। एसडीएम सलोनी शर्मा ने रिव्यू के तहत मुख्यमंत्री दूरवर्ती शिक्षा कार्यक्रम एवं ई-विद्यालय के अन्तर्गत चल रहे कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला सक्षम स्कोर कार्ड, ई विद्यालय स्कूल लर्निंग, दैनिक सर्वेक्षण में भागीदारी, शिक्षक छात्र उपस्थिति अनुपालन, सैट प्रदर्शन, शिक्षक अनुपालन, साप्ताहिक फीडबैक फॉर्म भरने वाले शिक्षक, निष्ठा, अनुपालन पर जाएं, आहार समीक्षा, छात्र कवरेज फीडबैक फॉर्म शिकायत, महीने का फोकस, जिला समीक्षा अनुपालन और गुणवत्ता, जिला समीक्षा अनुपालन और गुणवत्ता, मीटिंग में सक्षम स्कोर बोर्ड में शामिल सभी कंपोनेंट जिनके कुल 100 अंक दिए जाते हैं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी सीआरसी से कहा कि वे अपने स्कूल में एक बार सभी हाई और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुखियाओं के साथ मीटिंग करके सर्वोत्तम अभ्यास विधि अपना कर कमजोर बच्चों का शिक्षण अधिगम स्तर सुधारने के लिए योजना बनाएं। अपने विद्यालयों का रिजल्ट 100 प्रतिशत लेकर आएं। दूसरे फेस में चल रही निष्ठा ट्रेनिंग में खंड के सेकेंडरी अध्यापकों का एनरोलमेंट अभी केवल 25 प्रतिशत था। कोर्स पूरा करने वाले अध्यापकों का स्कोर भी काफी कम है। इस बारे सभी सीआरसी को निर्देश दिए गए कि सभी विद्यालय मुखिया इस सप्ताह के अंत तक अपने सभी अध्यापकों को ये कोर्स पूरा करा लेंगे।

### मत्स्य पालन को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**नूंह।** उपायुक्त शक्ति सिंह ने कहा कि हरियाणा पहला राज्य है जहां सर्वाधिक झींगा मछली का उत्पादन करके किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहा है। किसानों द्वारा एक हेक्टेयर भूमि में तालाब बनाकर 20-22 लाख रुपये तक की झींगा मछली पैदा की जा सकती है। इस समय हरियाणा के अधिकतर जिलो में झींगा पालने की काफी बढ़ने लगी है चुकि जिले में खारा पानी उपलब्ध है। उन्होंने जिले के बेरोजगार नवयुवकों से आह्वान किया है कि वे अपनी जमीन या पट्टे पर लेकर उसमें मछली पालन का कार्य शुरु कर सकते है। झींगा मछली जोकि एक समुद्री मछली है, का पालन हरियाणा में वर्ष 2014 में शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 तक इसे 4 हजार हैक्टेयर भमि तक करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और किसान आमदनी दोगुनी कैसे हो, पिछले वर्ष की कमियों को दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि भविष्य में मत्स्य पालन के उत्पादन को बढ़ाना तथा उसकी मार्किटिंग किस प्रकार की जाए तथा किसानों को उनके उत्पादन का अच्छा भाव मिले। जिला मत्स्य अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि किसान झींगा पालन व्यवसाय अपना कर 110 से 120 दिन में झींगा का बेहतर उत्पादन प्राप्त कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2020-21 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की शुरूआत की गई थी। इस स्कीम के तहत प्रार्थी निजी भूमि में या पट्टे पर भूमि लेकर मछली फीड हैचरी, बायाफेलाक, आरएएस, फीड मिल, कोल्ड स्टोर आदि लगाने पर विभाग से वित्तीय एवं तकनीकि सहायता प्राप्त कर सकते हैं। विभाग द्वारा प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना स्कीम में सभी प्राजैक्ट पर सामान्य जाति के प्रार्थियों को 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति/महिला प्रार्थियों को 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। घटते भू-जल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 तक आरएएस की नई तकनीक अपनाकर मछली पालन का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। हरियाणा में खाली पड़ी भूमि जो कृषि कार्यों के लिए उपयोग में नहीं लाई जा रही उसको पट्टे पर लेकर उसमें मछली पालन करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए पंचायत विभाग तथा पंचायतों को लिखा गया है। कलस्टर के हिसाब से भूमि को पट्टे या लीज पर किसानों को दी जाएगी तथा उसमें मछली पालन किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएमएसवाई योजना का लाभ उठाएं, किसान नौकरियों की तरफ न भागकर स्वरोजगार अपनाएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों का बीमा भी किया जाता है जिसके तहत यदि किसी किसान की मछली पालन कार्यों के दौरान मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को 5 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाता है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवाएं और सस्ती ब्याज दर पर लोन लेकर मछली पालन व्यावसाय से जुड़े।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं, सलिन्द्र कुमार पुत्र श्री कीडू राम निवासी गांव फूसगढ़, करनाल बयान करता हूं कि मेरे पुत्र नीरज, अमित, प्रिंस व पुत्रवधु निशा, पूनम, सानिया मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं इन्हे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री सुरेंद्र सिंह पुत्र श्री शीशपाल सिंह निवासी म. नं. सी 466 गली नंबर-1, 24 फुट रोड, आदर्श नगर,बल्लभगढ़, फरीदाबाद, ने अपने पुत्र अर्जुन से अपने संबंध सदा के लिए समाप्त करके उसे अपनी सभी चल अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है, क्योंकि वह उनसे मारपीट झगड़ा गाली गलौज कई बार कर चुका है, और उनके ना तो नियंत्रण में है और ना ही कहना मानता है। उसके किसी भी कृत्य, आचरण, व्यवहार अथवा किसी भी प्रकार के लेनदेन के लिए मेरे उपरोक्त मुवक्किल बिल्कुल भी जिम्मेदार नहीं होंगे।

S.R. Kamat Advocate

**बेदखली सूचना**

मैं, राम स्वरूप पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी मकान न. 1ए-85, एन.आई.टी फरीदाबाद, हरियाणा (आधार न. 4966-2741-1660) अपने पुत्र संजय वधवा व अपनी पुत्रवधु कंचन को अपनी सभी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूं, जो कि मेरी आज्ञा में नहीं है। उनके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, नया-पुराना पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। हमारा कोई कानूनी रिश्ता नही होगा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, श्री राधे श्याम मिश्रा पुत्र श्री नर सिंह मिश्रा निवासी मकान नं0 5429, 36 गज, सैक्टर 3, बल्लबगढ, तह0 बल्लबगढ जिला फरीदाबाद ने अपने पुत्र प्रदीप कुमार व पुत्रवधू श्रीमति सीमा मिश्रा को उनके अभद्र व्यवहार व आये दिन हमारे साथ लडाई झगडा करना व हमारे कहे अनुसार न चलने के कारण मैनें अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है व किसी भी पुलिस केस व गैर कानूनी कार्य के लिए ये लोग स्वयं जिम्मेवार होगें। भविष्य में जो कोई भी व्यक्ति उक्त लोगों से किसी भी प्रकार का लेन-देन व रिश्ता रखता है तो उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्य कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
शपथी श्री राधे श्याम

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

### मानवीय दृष्टिकोण

**सर्वोच्च** न्यायालय ने उचित ही आत्महत्या करने वाले कोविड-19 रोगियों का पक्ष लेते हुए इसे चिकित्सकीय मौत माना है। कोविड-19 से पीड़ित लोगों के पुनर्वास पर नजर रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को केन्द्र से कोविड-19 मरीजों की आत्महत्या को कोविड-19 से हुई मौत मानने का निर्देश दिया है ताकि उनके परिवारों को भी मुआवजा मिल सके। अदालत ने कहा कि संक्रमण के कारण होने वाले अत्यधिक कष्ट के कारण ही रोगियों ने आत्महत्या की। जस्टिस एम.आर. शाह व जस्टिस ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने ये टिप्पणियां केंद्र के दिशानिर्देशों पर गौर करते हुए कीं जिसमें जहर देने, आत्महत्या, हत्या या दुर्घटना से होने वाली मौतों को कोविड-19 मौतें नहीं माना गया है, भले ही इसके साथ संक्रमण भी एक कारण हो। सरकार द्वारा मामले की पुन: समीक्षा के आश्वासन से अदालत संतुष्ट थी। अदालत का प्रस्ताव निश्चित रूप से एक मानवीय दृष्टिकोण है, पर सरकार तथा न्यायपालिका को पहले पूरे मामले को समग्रता से देखना चाहिए क्योंकि इसमें अनेक चीजें शामिल हैं। पीड़ित द्वारा की जाने वाली कोई भी आत्महत्या अत्यधिक निराशाजनक व परेशान करने वाली परिस्थितियों में होती है। आत्महत्या के कारण परिवारी सदस्यों को उस स्थिति में कमाऊ व्यक्ति से हाथ धोना पड़ता है जब एकमात्र पीड़ित ही नौकरी कर रहा हो। गरीब और वंचित लोगों की स्थिति इससे और खराब हो जाती है। तकनीकी रूप से कहें तो यह सिद्ध करना सरकार के लिए चुनौती होगी कि कोविड-19 पीड़ित रोगी की आत्महत्या अन्य कारणों के बजाय संक्रमण के कारण थी। दूसरे, आत्महत्या को मजबूर करने वाले अनेक अन्य निराशाजनक कारण कोविड-19 जितने ही प्रभावी हो सकते हैं।



ऐसे में केवल कोविड-19 संक्रमित रोगियों की आत्महत्या पर परिवारों को मुआवजा देने को अन्य कारणों से आत्महत्या करने वालों के प्रति भेदभाव की तरह देखा जा सकता है जो समान रूप से भयानक हो सकते हैं। तीसरे, सरकार तथा अदालतों को उन लोगों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है जो आत्महत्या को केवल अपराध मानते हैं और पीड़ित के प्रति उनका दृष्टिकोण विकृत हो सकता है। आत्महत्या भारतीय दंड संहिता की पुरानी पड़ चुकी धारा 309 के अंतर्गत अपराध है। हालांकि, मानसिक स्वास्थ्यरक्षा कानून, 2017 से इसका आयाम घटा दिया गया है, पर इस धारा को वापस नहीं लिया गया है। इस कानून के अनुसार आत्महत्या का प्रयास करने किसी व्यक्ति को 'गंभीर तनाव से पीड़ित मानते हुए उसे सुनवाई व दंड से अलग रखने' की बात करते हुए सरकार से आह्वान किया गया है कि वह ऐसे व्यक्ति की 'समुचित देखभाल, इलाज व पुनर्वास' करे ताकि ऐसे प्रयास 'के पुन: होने की जोखिम घट सके।' कानून के इस मानवीय आयाम को लोकप्रिय बनाया जाना चाहिए ताकि उन परिस्थितियों में कमी आ सके जिनके कारण आत्महत्या को मजबूर होना पड़ता है। इससे पीड़ितों के परिवारों या प्रयास में विफल रहने वालों का पुनर्वास प्रोत्साहित होगा। दीवालियापन, कर्जदारी तथा फसल खराब होने पर भारत में हजारों किसान आत्महत्या कर लेते हैं। उनको मुआवजा देने की योजना है, हालांकि जमीन का स्वामित्व न रखने वाले किसान अभी इस मुआवजे के हकदार नहीं हैं जिनमें अधिकांशत: महिला किसान शामिल हैं। मामले के प्रति तार्किक दृष्टिकोण संभवत: इस सवाल में छिपा है कि क्या कर्जदारी के कारण आत्महत्या करने वाले उस स्वस्थ किसान को भी मुआवजे का अधिकार होगा जो कोविड-19 लाकडाउन के कारण अपनी फसल नहीं बचा सका।

# बंदूक की नोक पर सफल नहीं होगी कूटनीति

**संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादी सूची में अभी भी एक संगठन के साथ शांति समझौता गंभीर चिंता का एक उदाहरण है जो विश्व समुदाय के लिए जटिलताओं का पिटारा खोलने वाला है।**



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय भटिंडा में सह प्रोफेसर हैं)



अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने पिछले तीन हफ्तों के दौरान वैश्विक सुरक्षा और भू-राजनीति में एक आदर्श बदलाव देखा है। अमेरिका और तालिबान के बीच समझौते और बाद में काबुल्टो पर कब्जा करने के साथ, कुछ राज्यों और तालिबान के बीच बढ़ते अभिसरण, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति फिर कभी पहले जैसी नहीं होगी। जिस तरह से कूटनीति और अंतर-राज्यीय संबंधों को आगे बढ़ाया जाएगा, उसमें गहरा बदलाव होगा।

सबसे तात्कालिक सवाल यह है कि क्या राज्य के प्रतिनिधि शांति समझौतों पर हस्ताक्षर कर सकते हैं और आतंकवादी संगठनों के साथ सौदा कर सकते हैं, जो हिंसा और आतंकी तंत्र के माध्यम से क्षेत्रों को जब्त करने के इरादे को जानते हैं? संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादी सूची में एक संगठन के साथ शांति समझौता गंभीर चिंता का एक उदाहरण है जो विश्व समुदाय के लिए भानुमती का पिटारा खोलता है।

आज, कतर और पाकिस्तान जैसे विभिन्न स्रोतों के माध्यम से, तालिबान संदेश भेज रहा है कि अगर दुनिया नहीं चाहती कि अफगानिस्तान आतंकी केंद्र बन जाए तो बातचीत और जुड़ाव शुरू होना चाहिए। इस तरह के बयान निश्चित रूप से अनुरोध के रूप में नहीं हैं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों में घुसपैठ के छिपे मकसद से मान्यता और वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए सामरिक ब्लैकमेल की राशि नहीं है। पाकिस्तान के उदाहरण ने साबित कर दिया है कि वित्तीय प्रवाह अभिनेताओं (राज्य और गैर-राज्य दोनों) को दूर नहीं करता है, जिससे जिहाद जैसे उनके भयावह एजेंडे में मदद मिलती है। भेड़िये को भेड़ के कपड़े पहनने की जरूरत महसूस होती है। दुनिया जिस दुविधा का सामना कर रही है, वह यह है कि तालिबान ने अवैध रूप से और जबरन इस क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है, और एक वैध वारिस के रूप में कार्य करने के लिए, उसे खुद को एक कानूनी इकाई के रूप में दुनिया के सामने पेश करना होगा। चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान और अन्य को सरकार गठन प्रक्रिया के लिए एक आमंत्रण भेजा गया है जिसमें कम से कम मंत्रियों में से आधे कट्टरपंथी इस्लाम और जिहाद के एजेंडे को आगे बढ़ाने वाले आतंकवादी हैं। तालिबान के साथ कूटनीति, सहायता और व्यापार शुरू करने और उनके कार्यों पर उनका आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से भारत और जापान जैसे दाता देशों पर दबाव केवल 'खरगोशों के साथ दौड़ने और शिकारी कुत्तों के साथ शिकार' की रणनीति को मजबूत करेगा। देशों को इस क्षेत्र में स्थिरता की उम्मीद में अफगानिस्तान में तालिबान जैसे पाकिस्तान और हिंसक गैर-राज्य अभिनेताओं (वीएनएसए) जैसे विफल राज्यों के वित्तपोषण और सहायता की विरोधाभासीता से बाहर आना चाहिए। जबकि अमेरिका यह निष्कर्ष निकालता है कि भविष्य के कार्यों को तय करने में बल प्रमुख कारक नहीं है, बल की समान शक्ति को प्रोत्साहित किया जाएगा यदि ऐसा वीएनएसए या तो लगा हुआ या सहायता प्राप्त है।

ब्लैकमेल की स्वीकृति, जैसा कि इस मामले में है, प्रमुखता प्राप्त करने वाली बहुराजकीय प्रवृत्तियों का दीर्घकालिक समाधान नहीं है। यह केवल उस व्यवहार को प्रोत्साहित करेगा जिसे गनपॉइंट डिप्लोमेसी कहा जा सकता है, जो गनबोट डिप्लोमेसी की चीनी रणनीति के समान है, जिसमें ब्लैकमेलिंग का उपयोग सामरिक और रणनीतिक गतिशीलता के लिए किया जाता है। इसी तरह, तालिबान के साथ बातचीत, यहां तक कि अन्य देशों द्वारा भी, अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करते हैं, जिसके परिणाम इस सदी के बाकी हिस्सों में दुनिया को भुगतने पड़ सकते हैं।

तालिबान अफगान को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुपालन में उनके कार्यों के प्रदर्शन के बदले में मान्यता या सहयोग का मुद्दा इस प्रकार मुश्किल है। भारत जो अपेक्षा करता है और अन्य ताकतें तालिबान से जो अपेक्षा करती हैं, उसमें अंतर है। हम मुख्य रूप से खुद को बचाने के लिए छोड़े गए हैं। यहां तक कि सामान्य स्थिति या कूटनीति का मामूली प्रदर्शन भी भारत को प्रभावित करेगा। अब से एक या दो साल बाद जो होगा वह अज्ञात के दायरे में है। यहां तक कि कुछ शर्तों पर, तालिबान के साथ एक सगाई को इसके लिए एक राजनयिक मान्यता के रूप में लिया जाएगा, जिसके घरेलू परिणाम होंगे और गलत मिसालें पैदा होंगी। मान लीजिए कि भारत तालिबान के साथ बातचीत का विकल्प चुनता है, कुछ महीनों के बाद, हम तालिबान को यूएनजीए या अन्य क्षेत्रीय संगठनों में टेबल के पार बैठे अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करते हुए हमारे आंतरिक मामलों पर टिप्पणी कर सकते हैं। क्या भारत को चीन और पाकिस्तान द्वारा उसी में बरगलाया नहीं जाएगा। जिस तरह से अमेरिका को नीचा दिखाया गया था? कभी-कभी, जबरदस्ती के तहत तुरंत निर्णय लेने की तुलना में निर्णय न लेना अधिक वांछनीय होता है, क्योंकि बाद के समय शायद ही कभी उन्हें उलट सकते हैं।

दूसरा, अमेरिकी सहयोगियों की ओर से छोड़े जाने की भावना भविष्य के गठबंधनों को प्रभावित करेगी। वर्तमान समस्या में, भारत के तत्काल हितों को तब दरकिनार कर दिया गया जब अमेरिका ने अफगानिस्तान छोड़ दिया, हथियारों का एक जखीरा छोड़ दिया, जिसे पहले ही पाकिस्तान ले जाया जा सकता था, जिसका इस्तेमाल केवल पाकिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्रों में भारतीय हितों के खिलाफ किया जा सकता था। चूंकि चीन और पाकिस्तान के निहित स्वार्थ ईरान और रूस के समर्थन से खिल रहे हैं, इसलिए एक प्रासंगिक सवाल यह है कि भारत इस मुद्दे से कैसे निपटेगा। अंतिम भारतीय नागरिक अफगानिस्तान से बाहर निकलने तक कुछ पिछले दरवाजे संचार चैनलों (कूटनीति नहीं) को मौलिक स्तर पर बनाए रखा जाना चाहिए। हमें निकासी के लिए बातचीत और सरकार के रूप को पहचानने के बीच अंतर करना सीखना चाहिए। तीसरा, जैसा कि अमेरिका अपनी नीतियों का आत्मनिरीक्षण करता है, संभावना है कि वह लोकतांत्रिक यथार्थवाद के दृष्टिकोण को अपना सकता है, जिसे चार्ल्स क्राउथमर ने 2004 में सुझाया था जो केवल रणनीतिक आवश्यकता के स्थानों पर अपना खून और खजाना देता है। ऐसे में, भारत के प्रति अमेरिका की कौन-सी सामरिक और सामरिक प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करने की आवश्यकता है? यदि भारत को एक सहयोगी माना जाता है, तो खुद को एक विश्वसनीय भागीदार साबित करने की जिम्मेदारी अमेरिका पर है। रूस के लिए भी यही मानक लागू हैं।

इसके अलावा, राजनयिक जुड़ाव अब किसी भी दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं से रहित एक नए प्रकार के शक्ति संबंधों की ओर मुड़ते दिख रहे हैं। इस तरह की प्रवृत्तियों में, देश वीएनएसए के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने में संकोच नहीं करते हैं। इसके अलावा, प्रतिकूल शक्तियां भी अल्पकालिक या दीर्घकालिक लाभ के लिए मिलकर काम करती हैं, और इस प्रक्रिया में, अपने मौजूदा मुद्दों को या तो किनारे कर देती हैं या हल कर लेती हैं। जब चीन और पाकिस्तान ने अपने ढोंग का पर्दाफाश कर दिया है, और अमेरिका लोकतंत्र की वकालत करने के लिए अपनी पिछली पुलिसिंग भूमिका के साथ आगे नहीं बढ़ रहा है, तो नई दिल्ली को इस नए महान खेल के समाधान के रूप में भारत-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

भारत के दृष्टिकोण से, हमें यह सवाल करना चाहिए कि क्या अफगानिस्तान छद्म संगठनों के विभिन्न गुटों का एक आतंकी केंद्र बन गया है या क्या यह केवल भारत के खिलाफ काम करने वाले एक विशेष आईएसआई विस्तार के रूप में काम करेगा? भू-राजनीति के कारण हक्कानियों को तथाकथित सरकार में शामिल किया गया है। इसमें कोई शक नहीं कि इससे भारत के हित प्रभावित होंगे। तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन पहले ही कह चुके हैं कि कश्मीर अगला है। तालिबान ने कहा कि वह कुछ दिनों बाद पाकिस्तान और भारत के बीच हस्तक्षेप नहीं करेगा। एक सप्ताह के भीतर जारी किए गए दो बयानों की कोई विश्वसनीयता नहीं है। भारत किस कथन पर भरोसा कर सकता है? इसके अलावा, भारत को तालिबान पर भरोसा क्यों करना चाहिए यदि पाकिस्तान की सक्रिय भूमिका पहले से ही प्रमाणित है?

अफगान समस्या के मंथन के परिणाम संभवत: तब दिखाई देने लगेंगे जब यह उभरती प्रतिद्वंद्विता और साझेदारियों का नया केंद्र बन जाएगा। दुनिया और अधिक अराजकता और आतंक देख सकती है, लेकिन लंबे समय तक नहीं जब तक कि ऐसी प्रवृत्तियों के खिलाफ प्रतिरोध नहीं होगा। वे गठबंधन, साझेदारी या अंतरराष्ट्रीय मंच पर हो सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से, बंदूक की नोक पर कूटनीति लंबे समय तक जारी नहीं रहेगी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति का गैरजिम्मेदाराना रवैया

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी एवं पूर्व उपराज्यपाल हैं)



जो बाइडेन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति हैं, पर वे उन 29 राष्ट्रपतियों में शामिल नहीं हैं जिन्होंने किसी क्षमता में सेना में काम किया था। उन्होंने पांच बार वियतनाम जाना स्थगित करने में सफलता पाई तथा राजनीतिक रूप से रिचर्ड निक्सन के युद्ध प्रयासों का विरोध किया। बाइडेन का यह दुविधा भरा दृष्टिकोण उस समय भी सामने आया था जब उन्होंने 2002 में ईराक युद्ध को अनुमति देने पर असहमति प्रकट की थी। वे संभवत: इसे शुरू किए जाने के समय से ही इसके खिलाफ हो गए थे। लेकिन उन्होंने सिनेट संबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में अपने दृष्टिकोण के उलट हमले के लिए सैनिक शक्ति प्रयोग करने का अधिकार-एयूएमएफ दिया।

लेकिन बाद में संयोग से एक निर्णायक रूप से नस्लवादी, यौनवादी व नस्ली घृणा के शिकार डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबले ने बाइडेन का राष्ट्रपति कार्यालय पहुंच कर शपथ लेना सुनिश्चित कर दिया और इस प्रकार वे सशस्त्र बलों के कमांडर इन चीफ बन गए। ट्रंप ने हास्यास्पद और खतरनाक ढंग से अमेरिकी सेना की छवि पर कब्जे का प्रयास किया था। स्पष्ट रूप से ऐसे में परंपरागत तरीके से ज्यादा दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करने वाले अनेक सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए दो बुरी पंसदों की तुलना में बाइडेन ज्यादा अच्छे लगे।

लगातार युद्धों में संलिप्त रहने वाले देश तथा सेवानिवृत्त सैनिक मामलों के विभाग के अनुसार 19 मिलियन सेवानिवृत्त सैनिकों वाले देश में 'बावर्दी' बिरादरी की राय अर्थवान है जो अमेरिका की कुल वयस्क जनसंख्या में लगभग 10 प्रतिशत हैं। बाइडेन ने अक्सर राष्ट्रपति चुनाव अभियान में अपने स्वर्गीय बेटे ब्यू बाइडेन की याद की जिसने सेना में काम किया तथा मेजर के पद से जज एडवोकेट जनरल कार्पस तक पदोन्नति प्राप्त की। ब्यू ने 2008 से 2009 तक ईराक युद्ध में भाग लिया था और उसे उसकी सेवाओं के लिए ब्रोंज स्टार से सम्मानित किया गया था। प्रचार अभियान में बाइडेन की 'पवित्र जिम्मेदारी' सैनिक परिवारों के प्रति सामने आई। उन्होंने 'सेना सदस्य के माता-पिता की भावनायें' व्यक्त कीं 'जिनकी तैनाती ईराक में हुई थी।' कहा गया कि 'उप-राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा डा. जिल बाइडेन समझते हैं कि यह केवल हमारे देश की सेवा करने के लिए सेना में भर्ती होने वालों का नहीं, बल्कि उनके परिवारों की भी भावना' है।

इस बीच ट्रंप के मूर्खतापूर्ण दृष्टिकोण के कारण न केवल ज्वाइंट चीफआफस्टाफजनरल मार्क मिली व्यथित थे, बल्कि सम्मानित सेवानिवृत्त जनरल जेम्स मैटिस व एच.आर. मैक्मास्टर ने भी बाइडेन के पक्ष में भावनायें बनाईं। इसमें ट्रंप की लफ्फाजी तथा बेतुकी बातों ने भी अपनी भूमिका निभाई।



आज राष्ट्रपति कार्यालय में आठ महीने तक जिम्मेदारी संभालने के बाद बाइडेन ने सैन्यवादी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुला लिया है और इससे उनकी रेटिंग तेजी से गिरी है। हालांकि, अफगानिस्तान में 20 साल से जारी युद्ध समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी, लेकिन पराजित नायक की तरह जल्दबाजी में पलायन से देश के भीतर और बाहर उनकी तथा अमेरिकी सेना की छवि गिरी है। इसमें आईएसआईएल-के हमले में मारे गए सैनिक भी शामिल हैं। ऐसे में अपरिहार्य रूप से वियतनाम से तुलना हो रही है और इस बार भी इस अपमान का खामियाजा सेवानिवृत्त सैनिकों को भुगतना पड़ रहा है। निराशा की भावना इस कटु यथार्थ से और गहरी हुई है कि तेजी से पतन का कारण उचित आपरेशनल योजना का अभाव तथा 'दुश्मन', यानी 'तालिबान' से 'सुरक्षित रूप से बाहर निकलने' की अनुमति लेना था। एक निरुत्साही सेना तथा गैर-प्रतिबद्ध राजनेताओं के उलट अमेरिकी सैनिक को एक अतिरिक्त व अकल्पनीय नैतिक चोट पहुंची है जिसे उसकी किस्मत पर पीछे छोड़ दिया गया था। इनमें अनेक सहयोगी अनुवादक, ड्राइवर तथा सहायक कर्मचारी शामिल हैं। अफरातफरी तथा कुप्रबंधन से भरे पलायन ने बावर्दी बिरादरी को भारी कष्ट, निराशा और शर्म में डुबो दिया है जिसका दोषी निश्चित रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यालय है। निश्चित रूप से जो बाइडेन की भावनायें 'बावर्दी' लोगों के साथ जुड़ी नहीं हैं जो अपमानजनक रूप से उस समय अपनी घड़ी देख रहे थे जब काबुल हवाईअड्डे पर मारे गए 13 शहीद अमेरिकी सैनिकों के ताबूत दु:खद 'गौरवपूर्ण हस्तांतरण' के लिए उतारे जा रहे थे।

बहुत से लोगों ने राष्ट्रपति द्वारा बार-बार अपने स्वर्गीय बेटे का नाम लेने की अनुपयुक्तता की ओर संकेत किया है, जबकि उन्होंने उन शहीदों का नाम नहीं लिया जो उनके नेतृत्व में वीरगति को प्राप्त हुए। अनेक शहीद जवानों के परिवारों ने राष्ट्रपति से मिलने से इनकार कर दिया, जबकि ऐसा करने वाले कुछ लोगों ने उनके मुंह पर खरी-खरी बातें कहीं। एक शहीद की मां ने बाइडेन को 'भुलक्कड़पन से पीड़ित ऐसा व्यक्ति कहा जो यह भी नहीं जानता कि वह व्हाइट हाउस में है।'

महत्वपूर्ण है कि यह कोई पक्षपाती विभाजन नहीं है क्योंकि इनमें से अनेक परिवारों ने समान रूप से डोनाल्ड ट्रंप की भी निन्दा की थी जो गलत समय पर सैनिकों की मौतों का राजनीतीकरण कर रहे थे। इसे बहुत से लोगों ने 'अपमानजनक', 'घृणित' तथा 'भयानक गलती' कहा था। ट्रंप ने अपनी खास चालाकी के चलते पीड़ित परिवारों को निशाना बनाते हुए उनको खतरनाक क्षेत्र में धकेल दिया था। उनका समर्थन केवल ऐसे लोगों के लिए था जो उनका राजनीतिक रूप से समर्थन करते। इनमें कैप्टेन हुमायूं खान की गोल्ड स्टार फैमिली की निन्दा भी शामिल है जो उनको पसंद नहीं करती थी। दुनिया भर के लोकतंत्रों में सेना के प्रति राजनीतिक व्यवहार लगातार असहनीय होता जा रहा है। इसके कारण चुनावी फसल काटने हेतु विमर्श को भावनायें भड़काने वाला बनाया जा रहा है। यह प्रवृत्ति अमेरिका जैसे परिपक्व लोकतंत्रों में भी देखी जा रही है।

अपरिहार्य व तुलनात्मक रूप से अधिकांश सेवानिवृत्त सैनिक जानते हैं कि कमांडर इन चीफ को संवैधानिकता, आत्मसंयम, चारित्रिक दृढ़ता तथा सैद्धान्तिक नेतृत्व के प्रति निस्वार्थ प्रतिबद्धता प्रकट करनी चाहिए। इसी कारण उन्होंने ट्रंप के बजाय बाइडेन का समर्थन किया था। लेकिन अफगानिस्तान में घटी हालिया घटनाओं से से बिना किसी पक्षपात के बाइडेन पर सवाल उठने लगे हैं। पेशेवर 'बावर्दी' लोगों की दुनिया में 'न्यायोचित युद्ध' जीतना महत्वपूर्ण है और यदि ऐसा न हो तो वीरता और गरिमा के साथ युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त होना एकमात्र विकल्प है। अफगानिस्तान में इन दोनों में से कोई भी प्राप्त नहीं हुआ है और इसके कारण बावर्दी बिरादरी में बाइडेन का सम्मान निश्चित रूप से घटा है। किसी पक्षपात के बिना उनसे निश्चित रूप से सवाल पूछे जाने चाहिए।

## आप की बात

### पर्चे लीक होना गंभीर मुद्दा

**प्रतियोगी** या कॉलेजों की परीक्षाओं के पर्चे लीक होना आज की नियामक संस्थाओं के लिए एक गंभीर मुद्दा होना चाहिए। हाल ही में जेईई मेंस एवं हरियाणा पुलिस भर्ती की परीक्षाओं के पेपर लीक होने का मामला सामने आया है। पूर्व में भी भारत के कई राज्यों में इस प्रकार की घटनाएं घटित हो चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि इस अनैतिक व्यापार से परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर एक प्रश्न चिन्ह लगता जा रहा है। परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारण मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का सबसे ज्यादा नुकसान होता है। उनका भविष्य दांव पर लग जाता है। इस संबंध में मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत बनाया जाना चाहिए। ज्यादातर मामलों में परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं के स्टाफ का कोई व्यक्ति ही इस गोरखधंधे में शामिल पाया जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर छपने की पूरी प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखने के लिए सिस्टम बनाने की भी आवश्यकता है। अलग-अलग स्टेट के लिए पेपर में विविधतापूर्ण प्रश्न प्रणाली अपना कर भी इस समस्या से एक हद तक निपटा जा सकता है। मेधावी विद्यार्थियों के हित का ध्यान रखना राज व्यवस्था की जिम्मेदारी है।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### प्रबल जनसुनवाई तंत्र

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री ने बीते तीन माह जनसुनवाई पोर्टल और हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। जिसमें शिकायतों के समाधान में शिथिलता बरती गई। शिकायतों के निस्तारण से जनता सन्तुष्ट नही थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर तन्त्र अपनी कार्य शैली और मानसिकता बदलने को तैयार नही है। जबकि योगी ने अब तक एक हजार से अधिक नकारा और भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई और कुछ को समय से पूर्व सेवा निवृत्त कर दिया। जिला स्तरीय अधिकारियों का रवैया सुधर नही रहा है। इस लिये मुख्यमंत्री ने प्रतिदिन जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को प्रतिदिन एक घण्टे जनसुनवाई करने का निर्देश दिया। 18 जुलाई 21 को उन्नाव जिले आयोजित सम्पूर्ण समाधन दिवस में सिने और टीवी अभिनेता अतुल तिवारी खतौनी में नाम संशोधन कराने तहसील उन्नाव गए जहां अधिकारियों ने खतौनी में नाम संशोधन कर संसोधित खतौनी भी उपलब्ध करा दी। फ़िल्म कलाकार ने त्वरित समस्या समाधान होने पर प्रशासन की तत्परता और सम्पूर्ण समाधान दिवस की सोच की सराहना की। यही नीति आम लोगो के लिये भी अपनाई जा सकती है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### महामारी की मार

**एक** साल से अधिक का समय बीत चुका है महामारी की मार खाते और इसकी तीव्रता को काबू करते हुए। दरअसल पापी कोरोना ने कुछ आयामो को इस हद तक प्रभावित किया है की उससे जुड़े लोगो का जीना और जीविका कमाना दोनो मुश्किल हो गया है। बीते महीनो में कोरोना महामारी ने ऐसी बेदर्दी दिखाई है की छोटे उद्योगों का वापस मुख्यधारा में आना कठिन हो गया है। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के एक सर्वेक्षण के अनुसार 82 प्रतिशत से अधिक छोटे व्यवसायों ने महामारी के दौरान नकारात्मक प्रभावो का अनुभव किया है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कई कदम भी उठाए गए है जैसे 15 राहत उपायों में से 6 का उद्देश्य भारत के छोटे उद्योगों को वापस मुख्यधारा में लाना, जोकि काबिले तारीफ है, लेकिन जहां तक वर्तमान की बात करें तो इस नीति के तहत कितना काम हुआ है यह तस्वीर साफ नहीं है। इसके अलावा, देशवासियो का भी दायित्व बनता है कि वे छोटे उद्योगों को बढ़ावा दे। अत: इस कठिन घड़ी में सरकार और जनता को एक साथ मिलकर इस संकट से निपटने की जरूरत है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



“ **ईडी** ने अभिषेक बनर्जी से 9 घंटे पूछताछ की। हमें धमकाया नहीं जा सकता। हम कांग्रेस, अथवा अखिलेश यादव या शरद पवार की तरह नहीं हैं।

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल

**अफ़गानिस्तान** के लोगों को जीवन रेखा की जरूरत है। कई दशकों से युद्ध, वेदनाओं एवं असुरक्षा से जूझने के बाद वे सर्वाधिक संकटकालीन दशा में हैं।

– **एंटोनियो गुटरेस**
संरा महासचिव





**तेलंगाना** दलित बंधु योजना को सफल बनाने के बाद हम दलितों के विकास के लिए नया रास्ते खोलने वाला राज्य बन गए हैं।

– **के चंद्रशेखर राव**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री

# जीवीएम की छात्राओं ने एक स्वर्ण समेत चार पदक जीते

## ओपन सीनियर तायक्वांडो प्रतियोगिता में छात्राओं ने मचाई धूम

### राजस्थान के जयपुर में हुई थी ओपन सीनियर तायक्वांडो प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**जीवीएम** गर्ल्ज कालेज की खिलाड़ी छात्राओं ने जयपुर (राजस्थान) में हुई ओपन सीनियर तायक्वांडो प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन किया है। कालेज की छात्राओं ने प्रतियोगिता में एक स्वर्ण पदक सहित कुल चार पदक जीते हैं। इस शानदार उपलब्धि पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



पदक लेकर लौटी छात्राएं कालेज प्राचार्या रेनू भाटिया।

जीवीएम की स्पोर्ट्स टीचर अनु दहिया ने बताया कि जयपुर में ओपन सीनियर तायक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम की चार छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत कालेज की छात्रा अंजलि ने 53 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक, तमन्ना ने 63 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक तथा काजल ने 53 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक और तिकशा ने 57 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने विजेता छात्राओं का अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि खेलों के क्षेत्र में जीवीएम की छात्राएं नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को कैरियर निर्माण के विकल्प भी मिलते हैं। आज के दौर में खेलों में भी स्वर्णिम कैरियर की अपार संभावनाएं हैं, जिनका लाभ उठाना चाहिए।

## शिविर में 370 लोगों ने लगवाई वैक्सीन

**भिवानी।** पंजाबी कल्याण मंच द्वारा सेक्टर 13 स्थित राजकीय डिस्पेन्सरी में कोविड-19 का टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 370 व्यक्तियों ने टीका लगवाया। कैंप का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता अविनाश सरदाना ने किया। सरदाना ने कहा कि सभी व्यक्तियों को कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाना चाहिए और बार-बार अपने हाथों को साबुन व सैनेटाइजर से धोना चाहिए। मंच के प्रधान सुनिल चावला ने जिला सिविल सर्जन की टीम का सहयोग के लिए आभार जताया। मंच सचिव दर्शन कुमार मिड्डा ने बताया कि लोगों में टीकाकरण के प्रति बहुत ही उत्साह है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीकृष्ण राधा की मनमोहक झांकी पर मंत्रमुग्ध हुए भक्तजन



**सोनीपत।** शहर के मिशन चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रीगणेश चतुर्थी से शुरू हुए गणेश महोत्सव पर्व के पांचवें दिन देर रात श्रीकृष्ण राधा की मनमोहक झांकी को देखकर भक्तजन मंत्रमुग्ध हो गए। श्रीकृष्ण और राधा बने कलाकारों ने जब मंच पर आकर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया, तो श्रद्धालु अपने आपको तालियां बजाने से रोक नहीं पाए। कलाकारों ने कार्यक्रम में भजन काला-काला करे गुजरी, क्यूं काले का रूदन करे, पर नृत्य करके माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस कार्यक्रम के दौरान भजन अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो के, दर पै सुदामा गरीब आ गया है। भटकते-भटकते न जाने कहां से तुम्हारा महल के करीब आ गया है। भजन में बने सुदामा की प्रस्तुति भक्तजनों को बहुत पंसद आई और वे भावविभोर हो गए। मंदिर में 10 दिवसीय गणेश महोत्सव चल रहा है। जिसमें प्रतिदिन सुबह-शाम गणेशजी की पूजा अर्चना की जाती है, जिसमें बड़ी श्रद्धा के साथ श्रद्धालु भाग लेते हैं और भक्तिरस में सराबोर हो जाते हैं। इस दौरान राम, सते, राकेश गोयल, ओको, देवेन्द्र रोहिल्ला, सुनील सहित काफी संख्या में दुकानदार व श्रद्धालु मौजूद रहे।

### जरनल स्टोर का ताला तोड़कर नकदी चोरी



**सोनीपत।** शहर में चोरी की छिट-पुट वारदातें लगातार बढ़ रही है। जाट कॉलेज हॉकी ग्राउंड के पास चोरों ने एक जनरल स्टोर की दुकान का ताला तोड़कर नगद राशि उठा ले गये तथा साथ लगती दुकान का भी ताला तोड़ने की कोशिश की, परंतु कामयाब नहीं हुए। दुकान मालिक संजय अग्रवाल ने बताया कि बीती रात वह दुकान पर ताला लगा कर गए थे, सुबह 6 बजे पड़ोसियों ने सूचना दी कि दुकान का शटर टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना करके कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन दुकान पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। दुकानदार ने बताया कि चोर लगभग 10 हजार की राशि उठाकर ले गए, बाकी सामान सुरक्षित है। राजीव जैन ने कहा कि कोरोना महामारी काल में बेरोजगार हुए बड़ी संख्या में युवा नशे की लत का शिकार होकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने फोन पर पुलिस अधिकारियों से बात करके दोषियों को पकड़ने के निर्देश दिए। भाजपा नेता ने दुकानदारों से भी आग्रह किया कि वह दुकानों के शटर पर मजबूत लॉक लगाएं। मार्केट एसोसिएशन मिलकर चौकीदारों की गश्त भी शुरू करवाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी 112 नंबर पुलिस सेवा के तहत तत्परता से मौके पर पहुंचने के लिए जिलानुसार गाड़ियों की संख्या बढ़ाई है, जिससे सड़कों पर पुलिस की गश्त दिखने लगी है। उन्होंने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि सरकार सुरक्षा के लगातार इंतजाम कर रही है।

### भाजपा चलाएगी सेवा और समर्पण अभियान : वाल्मीकि



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेखा वाल्मीकि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक सेवा और समर्पण अभियान चलाएगी। अभियान के तहत सेवा व समर्पण अभियान के तहत बूथ से लेकर मंडल, हलका स्तर पर जिलेभर में पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवा अभियान और गरीबों व वंचित तबके की सेवा जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे। रेखा वाल्मीकि ने बताया कि भाजपा सेवा और समर्पण अभियान के जरिए लोगों को सेवा के महत्व के साथ ही राष्ट्र और समाज में समर्पण अभियान को जागृत करेगी। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों को मुफ्त राशन वितरित किए जाएंगे। महिलाओं के लिए सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। विटामिन एवं आयरन की गोलियों का मुफ्त वितरण किया जाएगा। गरीब बस्तियों, अनाथालयों व अस्पतालों में जाकर फल वितरित किए जाएंगे।

### पदक जीत कर लौटे खिलाड़ियों का किया स्वागत



**कुरुक्षेत्र।** अर्बन गेम्स फैडरेशन आफ इंडिया द्वारा गोवा में आयोजित नेशनल अर्बन गेम्स 2020-21 में धर्मनगरी के सात ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने पदक हासिल किया। पदक जीतने के बाद बुधवार को कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर पहुंचे खिलाड़ियों का शहरवासियों ने स्वागत किया। जानकारी देते हुए एनके मेरिटल एकेडमी के संचालक नानक चंद ने बताया कि प्रतियोगिता में गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, बिहार, बंगलोर व हरियाणा से लगभग एक हजार खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में धर्मनगरी की एनके मेरिटल आर्ट एकेडमी के छह खिलाड़ियों ने गोल्ड व एक खिलाड़ी ने सिल्वर पदक हासिल किया।

# किसानों को भाषण देकर भड़काना अलोकतांत्रिक : सांसद कौशिक

## पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह बयान दिया था हरियाणा में आंदोलन करें किसान

### कहा, भाजपा सरकार सच्ची किसान हितैषी वे बहकावे में न आएं

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



सांसद रमेश कौशिक।

**सांसद** रमेश कौशिक ने पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के किसानों को दिल्ली-हरियाणा में धरना देने संबंधी बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि किसानों को भड़काने वाली भाषा का प्रयोग अलोकतांत्रिक है। ऐसी भाषा का प्रयोग निंदनीय है। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह वरिष्ठ नेता हैं, जिनको इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। धरनारत किसानों को समझाने का प्रयास करना चाहिए, न कि उन्हें भड़काया जाए।

इस प्रकार के भड़काऊ प्रयासों से किसी का भला नहीं हो सकता। इतने बड़े ओहदे पर बैठकर ऐसी भाषा उचित नहीं है। यह लोकतंत्र के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात कहने का अधिकार सबको है। लोकतंत्र की मर्यादा बनाये रखनी चाहिए। सांसद कौशिक ने कहा कि किसानों को भी चाहिए कि वे किसी भी प्रकार की राजनीति में न फंसे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सच्ची किसान हितैषी है।

किसानों का अहित सरकार सोच भी नहीं सकती। इस बात को किसानों को समझना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव किसानों का भला सोचते हैं और चाहते है। वे किसानों के सबसे बड़े हितैषी है। किसानों को किसी भी प्रकार के बहकावे में आने से बचना चाहिए।

# मैं कूप मंडूक नहीं, जो एक जगह का होकर रह जाऊं:राव

### वकीलों के चैंबर ब्लॉक-2 का उद्घाटन करने के बाद बोले केंद्रीय मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कहा कि वह कूप मंडूक नहीं है कि एक ही जगह के होकर रह जाएं। शहीदों को याद करने के लिए वह राज्य के हर कोने में जाएंगे। 23 सितंबर को पाटौदा के लोग शहीदी दिवस मना रहे हैं, जिसमें उन्होंने उनको आमंत्रित किया है और वे जाएंगे। वह बुधवार को यहां कोर्ट परिसर में वकीलों द्वारा बनाए गए चैंबर का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

राव इंद्रजीतसिंह ने कहा कि जिला झज्जर के पाटौदा गांव में मनाए जाने वाले शहीदी दिवस समारोह को लेकर जो लोग सवाल उठा रहे हैं। उन्हें यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि उन्हें गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में अपनी ताकत दिखाने की जरूरत नहीं है। क्षेत्र की जनता ने उन्हें पांच बार सांसद व चार बार विधायक बनाया है। ऐसी सूरत में सभी को यह समझ जाना चाहिए कि लोगों का उनके प्रति कितना प्यार है। उन्होंने कहा कि शहीद सभी के होते हैं। रोहतक संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के सवाल पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यह सवाल मीडिया को उनके पुराने मित्र पूर्व सीएम चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा से करना चाहिए। रेवाड़ी में हाईकोर्ट की बैंच स्थापित करने के सवाल पर राव ने कहा कि यह हाईकोर्ट को देखना है, लेकिन इतना जरूर है चूंकि हम हरियाणा के अंतिम छोर पर हैं। यहां के लोगों को चंडीगढ़ जाने-आने में दिक्कत आती है। वह इसके पक्ष में हैं। उन्होंने वकीलों से इसके लिए मुहिम चलाने की सलाह दी। कहा कि वह जितनी मदद कर सकेंगे, वह करेंगे। टूटी सड़कों को ठीक कराने का उन्होंने वादा किया था, जो जल्द पूरा होगा। इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने चैंबर ब्लाक-2 बनाने के लिए वकीलों को बधाई दी। बार प्रधान सुधीर यादव द्वारा रखी गई मांग पर उन्होंने कहा कि चैंबर में लिफ्ट लगाने के लिए दस लाख रुपये पहले दिए जा चुके हैं। उन्होंने 11 लाख रुपये और देने की घोषणा की। इस मौके पर राव इंद्रजीत सिंह ने कोर्ट परिसर में ध्वजारोहण किया तथा पौधा भी रोपा।

### बनवारीलाल ने दिए 11 लाख रुपये

**हरियाणा** के सहकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डा. बनवारी लाल ने अधिवक्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कहा कि लोगों को सस्ता न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वकालत आज देश का उत्कृष्ट व्यवसाय बन गया है। विश्वास और सम्मान के लिए अधिवक्ता समाज का दर्पण बनकर काम करें। उन्होंने नए चैंबर्स भवन में सुविधा के लिए अपनी ओर से 11 लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की।

### एडीओ ने दिए 10 लाख रुपये

**सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि वर्तमान समय में वकीलों के लिए चैंबर्स की सुविधा होना अति आवश्यक है। चैंबर्स में न्याय के लिए आने वाले लोगों को भी बैठने की सुविधा मिलती है। उन्होंने लिफ्ट की सुविधा के लिए 10 लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की।

# मेयर मदान ने अफसरों संग किया कोट मोहल्ला का दौरा

### पुराना टीला खिसकने से दर्जनों मकान हैं गिरने के कगार पर

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



कोट मोहल्ला में निगम अधिकारियों से बातचीत करते मेयर निखिल मदान।

**बुधवार को** नगर निगम मेयर निखिल मदान ने शहर के वार्ड नं-2 के कोट मोहल्ला (धानकान बस्ती) का दौरान करने पहुंचे। इस दौरान स्थानीय पार्षद और नगर निगम के संयुक्त आयुक्त सुभाष चन्द्र उनके साथ रहे। मेयर मदान ने बताया कि उन्हें स्थानीय पार्षद और अन्य लोगों ने सूचित किया था कि धानकान बस्ती के ऊपर मौजूद वर्षों पुराना मिट्टी का टीला लगातार अपने स्थान से खिसक रहा है, जिस कारण उसके ऊपर बने हुए दर्जनों मकान गिरने के कगार पर है। साथ ही टीले के नीचे मौजूद मकानों के भी गिरने का अंदेशा लगातार बना हुआ है। इसी को देखते हुए इन सभी लोगों को नगर निगम सोनीपत द्वारा मकान खाली किये जाने के नोटिस दिए जा चुके है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की सूरत में जान माल की हानि को रोका जा सके।

## पूर्व मंत्री 17 को दड़ौली आश्रम के कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**रेवाड़ी।** पूर्व केबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह 17 सितंबर शुक्रवार को जिले के गांव दड़ौली के भगवत सेवा आश्रम में आयोजित स्वामी शरणानंद महाराज के जन्मोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

ये जानकारी देते हुए हरेंद्र यादव ने बताया कि आयुष्मान परिवार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रद्युम्न महाराज करेंगे। कार्यक्रम में अहीरलवाल के बुद्धिजीवी, गणमान्य नागरिक व वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह स्वामी शरणानंदजी महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करेंगे। तथा इसके बाद आयोजित सम्मान समारोह में आश्रम से जुड़े गणमान्य नागरिकों को समानित भी करेंगे।

# पीड़ित परिवार ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार



पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**जिले** के सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की का अपहरण कर गलत कार्य करने वाला आरोपी फरार हैं। पीड़ित परिवार को आरोपी समझौता करने की धमकी दे रहे हैं। हरियाणा एससी-बीसी वित्त निगम के निर्देशक रविंदर दिलावर के नेतृत्व में पीड़ित परिवार ने पुलिस से मिलकर सुरक्षा की मांग की है।

बुधवार को पीड़ित परिवार हरियाणा एससी-बीसी वित्त निगम के निर्देशक रविंदर दिलावर के नेतृत्व में जिला अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। इस दौरान उन्होंने डीएसपी से मुलाकात करने के बाद सदर थाना के एसएचओ से मिलकर न्याय की गुहार लगाने के साथ-साथ सुरक्षा उपलब्ध करवाने की मांग की। पीड़ित परिवार ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की भी गुहार लगाई। रविंद्र दिलावर ने बताया कि पीड़ित परिवार गरीब है और न्याय की मांग कर रहा है, पुलिस सहयोग नहीं कर रही है। पीड़ित परिवार को गांव में तंग किया जा रहा है। पीड़ित महिला ने बताया कि लोग उन्हें धमकी दे रहे हैं। उनका परिवार बहुत डरा और सहमा हुआ है, इसलिए वह न्याय और सुरक्षा की मांग करते हैं। सदर थाना एसएचओ बदन सिंह ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बर्खास्त पीटीआई का धरना 457वें दिन भी रहा जारी

**भिवानी।** भाजपा सरकार की किसान,मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियों ने आज देश व प्रदेश का बेड़ा गर्क कर दिया है। भाजपा शासनकाल में लोग खून के आंसू रोने को मजबूर हो रहे हैं।

ये बातें लघु सचिवालय के समक्ष धरने पर बैठे बर्खास्त पीटीआई के धरने को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान मा. सुखदर्शन सरोहा, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की प्रदेश उपप्रधान सुशील देवी, जिला प्रधान महेंद्र सिंह श्योराण, प्रेस सचिव सरोज रानी, जिला उपप्रधान अनिता कुमारी ने कही। बुधवार को बर्खास्त पीटीआई का धरना 457वें दिन में प्रवेश कर गया। बुधवार को सर्व कर्मचारी संघ व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पदाधिकारियों ने बर्खास्त पीटीआई के धरने को समर्थन दिया।

# कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय है वैक्सीनेशन कराना : रामेश्वर सैनी

### शिविर में 212 लाभार्थियों ने लगवाई कोरोना से बचाव को वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**सर्व** समाज कल्याण सेवा समिति व श्रीगणेश मित्रमंडल के संयुक्त तत्वावधान में मेन बाजार में कोविड टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 212 लाभार्थियों का कोरोना से बचाव का टीकाकरण किया गया।

शिविर में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन ही है।



कुरुक्षेत्र। शिविर में वैक्सीन लगवाते लाभार्थी।

हम सभी को जल्द से जल्द वैक्सीन की दोनों डोज लगवा कर अपने परिवार समाज और राष्ट्र को सुरक्षित रखना चाहिए। जिला कॉर्डिनेटर अविनाश कौर ने कहा कि कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए टीकाकरण करवाना बेहद आवश्यक है। श्रीगणेश मित्रमंडल के सलाहकार रविन्द्र सेठी ने कहा कि वैक्सीनेशन करवाने के लिए अब पंजीकरण करवाने की जरूरत नहीं है। साथ में अपना आधार कार्ड लाएं। वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर मौके पर ही वैक्सीनेशन करवाएं। इस अवसर पर समिति के मीडिया प्रभारी तरुण बधवा, जिला कॉर्डिनेटर अविनाश कौर, सदस्य टोनी रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

# कलरबार लेकर आया जैकलीन फर्नांडीज कलेक्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जैकलीन** ने अपने अभिनय कौशल और प्रफुल्लित डांस मूव्स से हम पर जादू कर दिया है। जो दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। दुनिया भर के मेकअप प्रेमी अब अपने पसंदीदा जैकलीन लुक को फिर रिक्रिएट और बहुत कुछ कर सकते हैं। अपने सभी पहलुओं में लक्जरी को शामिल करते हुए, यह कलेक्शन विशेष रूप से जैकलीन द्वारा क्यूरेट किया गया है ताकि आपको सबसे अच्छी सुंदरता मिल सके।

मेरा मानना है कि मेकअप आपको बिना किसी सीमा के खुद को व्यक्त करने की एक स्वतंत्रता देता है, साथ ही यह आपकी आत्मा को एक चमक देकर ऊपर ले जाने की शक्ति भी देता है। मैं मेकअप की दीवानी हूं और दुनिया भर में यात्रा कर चुकी हूं लेकिन मेरा सर्वकालिक पसंदीदा ब्रांड कलरबार है, जैकलीन फर्नांडीज ने कहा। अपने अनुभवों के आधार पर ही, मैंने यह मेकअप कलेक्शन अपनी सभी ब्यूटी जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया है। इसलिए, मैंने इस कलेक्शन को तैयार करने के लिए कलरबार परिवार के साथ सहयोग किया। यह मुझे मेरे एक हिस्से की तरह लगता है साथ ही आप में से प्रत्येक को अपने व्यक्तिगत तरीके से अद्वितीय होने की शक्ति भी देता है।

कलरबार कॉस्मेटिक्स के संस्थापक और प्रबंध निदेशक समीर मोदी ने कलेक्शन और एसोसिएशन के बारे में बात करते हुए कहा जैकलीन कलरबार के लिए हर चीज का प्रतिनिधित्व करती है और यह विशेष कलेक्शन उसी का एक प्रमाण है। हमारा साथ उनके जैसे किसी व्यक्ति का होना कलरबार को व्यवसाय में सर्वश्रेष्ठ होने के अपने मूल्यों को मजबूती प्रदान करने की अनुमति देता है।

## शिव शक्ति मंदिर में बांटा हलवे का प्रसाद

**कुरुक्षेत्र।** रामनगर में गली नम्बर एक में स्थित शिव शक्ति मंदिर में राधा अष्टमी के अवसर पर पूजा अर्चना व हवन करने के बाद कड़ी, चावल व हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के संरक्षक व पुजारी राकेश कुमार ने बताया कि प्रातः हवन करने के बाद दोपहर 12 बजे से प्रसाद वितरित किया गया।

पंडित राकेश ने बताया कि मान्यता है कि राधा अष्टमी का व्रत सभी प्रकार के पापों को दूर करता है। सुहागिन स्त्रियां इस दिन व्रत रखकर राधा जी की विशेष पूजा करती हैं। इस दिन पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। राधा अष्टमी का पर्व जीवन में आने वाली धन की समस्या को भी दूर करता है। इस अवसर पर मंदिर के पुरोहित राकेश, मुकेश कुश, अक्षरा भटनागर, आराध्या भटनागर, ममता भटनागर, अमित भटनागर, विजय जांगड़ा, आरव, वंशिका जांगड़ा, मीना जांगड़ा, रोशनी देवी आदि मौजूद थे।

# फ्लिपकार्ट ने अपने डिलीवरी तंत्र को बनाया मजबूत

## 15 फीसद नई नियुक्तियों के साथ अपनी सप्लाई चेन में 1,15,000 अतिरिक्त अस्थायी नौकरियों की पेशकश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद/पानीपत।

**भारत** के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने त्योहारी सीजन के दौरान लाखों उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों के मद्देनजर देशभर में अपनी सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के साथ-साथ इसमें विस्तार किया है। फ्लिपकार्ट के इस कदम से, ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों के साथ-साथ लाखों एमएसएमई, विक्रेताओं, कारीगरों एवं किराना स्टोर्स को बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस मकसद से, फ्लिपकार्ट ने देशभर में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना तथा पश्चिम बंगाल में 36 नए बड़े फुलफिलमेंट एवं सोर्टेशन सेंटर स्थापित किए हैं।

इसके अलावा, फ्लिपकार्ट ने देशभर में 1,000 से अधिक नए डिलीवरी हब्स स्थापित कर अपनी लास्ट-माइल पहुंच को भी मजबूती दी है। आगामी बिग बिलियन डेज के दौरान बड़े पैमाने पर होने वाली बिक्री और मांग के मद्देनजर, क्षमता बढ़ाने के अलावा स्टोरेज, सोर्टिंग, पैकेजिंग, मानव संसाधन, प्रशिक्षण तथा डिलीवरी जैसे क्षेत्रों पर निवेश करना जरूरी है जो त्योहारी सीजन के दौरान, रोजगार के अतिरिक्त अवसरों को भी पैदा करेगा। फ्लिपकार्ट ने अपने 'लास्ट माइल डिलीवरी पार्टनरशिप' के तहत किराना स्टोर्स के साथ अपनी भागीदारी को भी मजबूत बनाया है।

देश में सर्वसमाहित आर्थिक विकास में ई-कॉमर्स की भूमिका के बारे में कल्याण कृष्णमूर्ति, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फ्लिपकार्ट ग्रुप ने कहा, ई-कॉमर्स ने बहुत लोगों को समर्थ बनाया है। साथ ही, यह विक्रेताओं तथा उपभोक्ताओं के लिए मूल्य एवं पहुंच का लाभ जुटाने वाला साबित हुआ है। इसके सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर तथा टैक्नोलॉजी आधारित डिजिटल इकोसिस्टम ने रोजगार के लाखों नए अवसरों के जरिए ढेरों संभावनाएं पैदा की हैं।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

हर किसी की जिंदगी का किस्सा एक जैसा ही तो है,
जरूरतें ज्यादा हैं जो कम है वो पैसा ही तो है,
कितना नादान है जो मुझसे मदद मांगने चला आया,
क्या उसे मालूम नहीं कि मेरे घर का हाल उसके जैसा ही तो है।

# पीपीपी के बगैर नहीं मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

### कहा, सरकारी योजनाओं के लिए मिलेगा स्मार्ट कार्ड



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से हर पात्र परिवार को सभी सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय की भावना से यह योजना लेकर आई है, इसलिए सभी विभागाध्यक्ष एक नवंबर तक अपने-अपने विभागों की स्कीमों व सेवाओं को इस योजना से जोड़ना सुनिश्चित करें । मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में संबंधित विभागाध्यक्षों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र बनाने की ऐसी योजना बनाने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। अभी तक इस योजना को देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी शुरू नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने परिवार पहचान पत्र योजना के लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि कॉलेज एडमिशन में पीपीपी को जोड़ने का तत्काल लाभ मिला है। इसकी सराहना खुद कॉलेजों के प्रिंसिपल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एडमिशन से पीपीपी को जोड़ने के बाद विद्यार्थियों का डाटा ऑटोमेटिक वेरिफाई हो गया। इससे 15 मिनट का काम महज 5 मिनट में पूरा हो गया और विद्यार्थियों को वैरिफिकेशन के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान दौर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का है। इससे सेवाओं का सरलीकरण किया जा रहा है। पीपीपी के शुरू होने से यह आसानी से पता चल जाएगा कि कौन व्यक्ति या परिवार किस योजना का लाभ लेने का पात्र है।

### हरियाणा वॉलंटियर प्रोग्राम होगा लांच

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा वॉलंटियर प्रोग्राम के तहत लगभग स्वेच्छा से कार्य करने वाले लोगों को जोड़ा जाएगा। सरकार के जिम्मे बहुत से काम होते हैं, ऐसे में वॉलंटियर के तौर पर युवकों, रिटायर्ड कर्मचारियों, छात्रों की शिक्षा, स्किल डेवलेपमेंट, खेल, कृषि आदि क्षेत्रों में सेवाएं ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि समाज की भागीदारी के बिना कोई भी कार्यक्रम या योजना सफल नहीं होती, एनजीओ व वॉलंटियर आदि के माध्यम से उनके सार्थक परिणाम निकलते हैं।

# सिंघु बार्डर खुलवाने को सरकार ने बनाई हाईपावर कमेटी

### गृह सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी किसानों से बातचीत

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**सुप्रीम** कोर्ट तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप के बाद प्रदेश सरकार पिछले नौ माह से बंद पड़े सिंघु बार्डर को खुलवाने के लिए हरकत में आ गई है। सरकार ने गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर दिया है। यह कमेटी संयुक्त किसान मोर्चा के साथ बातचीत करेगी।

संयुक्त किसान मोर्चा से धरना स्थल शिफ्ट करवाने की रणनीति पर मंथन के लिए बुधवार की शाम चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज, गृह सचिव राजीव अरोड़ा, मुख्य सचिव विजय वर्धन, पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सोनीपत के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा किसान नेताओं के साथ पहले दौर की बातचीत की जा चुकी है। जिसमें उन्होंने पासिंग रास्ता देने पर फैसले के लिए समय मांगा है। बैठक में सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका के बारे में भी चर्चा की गई। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के साथ बातचीत करने और उन्हें वाहनों की क्रासिंग के लिए एक तरफ का मार्ग खाली करवाने के लिए राजी करने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। इस कमेटी में पुलिस महानिदेशक समेत कई आला अधिकारी शामिल रहेंगे।

सरकार द्वारा अधिकृत यह कमेटी बहुत जल्द सोनीपत का दौरा करके संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेगी। माना जा रहा है कि यह कमेटी अगले एक-दो दिन में सोनीपत जिला प्रशासन की मध्यस्थता के साथ किसान नेताओं के साथ बैठक करके उन्हें एक तरफ का रास्ता खोलने के लिए राजी करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मिसेज हरियाणा प्रिया असीजा को मिला भारतेंदु पुरस्कार



**भिवानी।** त्रिवेणी संस्था द्वारा चित्रकूट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोहतक की सीटीएम ज्योति मित्तल, हरियाणा साहित्य अकेडमी के निदेशक दिनेश शास्त्री और रिटायर्ड सहायक सचिव शिक्षा बोर्ड ओपी नंदवानी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में मिसेज हरियाणा प्रिया असीजा को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारतेंदु पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। प्रिया असीजा ने इस सम्मान के लिए त्रिवेणी संस्था के पदाधिकारियों का भी आभार जताया।

### सीबीएलयू का घेराव कर ताला जड़ देंगे: इनसो

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय हमेशा ही विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर सवालों के घेरे में रहता है। अपनी समस्याओं की समाधान की मांगों को लेकर विद्यार्थी यहां पर धरने-प्रदर्शन करते रहते हैं। इसी कड़ी में बुधवार को हरियाणा सरकार में सहयोगी पार्टी जेजेपी की छात्र इकाई इनसों ने छात्रों की मांग को लेकर विश्वविद्यालय का घेराव किया। साथ ही समाधान करने के लिए शुक्रवार तक का अल्टीमेटम दि प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे इनसो जिला अध्यक्ष सेठी धनाना ने कहा कि छात्रों का रिजल्ट घोषित करवाने, परीक्षाओं से संबंधित समस्याओं को दूर करवाने, पीजी कोर्स में दाखिले की तिथि बढ़ाने, हरियाणा पुलिस की महिला कांस्टेबल की परीक्षा के चलते 18 व 19 सितंबर को होने वाली सभी परीक्षा रद्द करने, 2021 में लगे लॉकडाऊन के कारण बाधित हुई परीक्षाएं शीघ्र करवाए जाने की मांग को लेकर उन्होंने सीबीएलयू के रजिस्ट्रार को जितेंद्र भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि इनसो ने इन मांगों को लेकर विवि में विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। शुक्रवार तक समाधान का अल्टीमेटम दिया। यदि शुक्रवार तक समाधान नहीं हुआ तो शनिवार को विवि के मुख्य द्वार को ताला जड़ दिया जाएगा।

### औचक निरीक्षण में मिले 100 से ज्यादा कर्मचारी-अधिकारी नदारद



**रेवाड़ी।** उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने बुधवार को सुबह लघु सचिवालय स्थित कार्यालयों के साथ-साथ अन्य स्थानीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयों में सैंकड़ों कर्मचारी गैर हाजिर मिले।डीसी यशेन्द सिंह बुधवार की सुबह औचक निरीक्षण पर निकले तथा विभिन्न कार्यालयों का हाजिरी रजिस्टर चैक किया। उपायुक्त यशेंद्र सिंह लघु सचिवालय स्थित एमए शाखा, डीसी कार्यालय, नगराधीश कार्यालय, जिला राजस्व कार्यालय, जिला विकास एवं पंचायत कार्यालय, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय, आबकारी एवं कराधान आयुक्त कार्यालय सहित आरटीए, पीओआईसीडीएस, डीएसड4ल्यूओ, जिला खजाना कार्यालय, डीडब्ल्यूओ, बीडीपीओ रेवाड़ी, रेडक्रास, नप रेवाड़ी, पंचायती राज, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा लेबर कार्यालयों में पहुंचे। वहां का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वयं एक-एक अधिकारी और कर्मचारी से नाम पूछकर हाजिरी को चैक किया। इस दौरान एक सौ से अधिक कर्मचारी नदारद मिले। उपायुक्त ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यालय में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें। आमजनता पब्लिक डीलिंग से जुड़े कार्य करवाने के लिए कर्मचारियों का इंतजार करती है, यदि कर्मचारी स्वयं ही कार्यालयों में नहीं आएंगे तो आमजन को परेशानी उठानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी प्रात: नौ से सायं पांच बजे तक अपनी-अपनी सीटों पर बैठकर निष्ठापूर्वक व ईमानदारी से अपनी डयूटी का निर्वहन करेंगे। ऐसा नहीं होने पर उन पर शिकंजा कसा जाएगा।

### नेहरु युवा केन्द्र ने किया हिंदी दिवस पखवाड़ा आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरु युवा केन्द्र द्वारा हिंदी दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन नेहरु युवा केंद्र कुरुक्षेत्र के कार्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी मीशा द्वारा की गई। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए हिंदी राजभाषा के महत्व, हिंदी दिवस का इतिहास और वर्तमान सूचना क्रांति की दौर में देश और विदेशों में हिंदी में बढ़ती लोकप्रियता पर अपने विचार युवाओं के साथ सांझे किए। इस कार्यक्रम के दौरान हिंदी के विषय पर ई-पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें युवाओं द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अमनप्रीत ने प्रथम स्थान, सुनील ने द्वितीय स्थान और सुखचैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया किया है। नेहरु युवा केन्द्र कुरुक्षेत्र की लेखा एवं कार्यक्रम सहायक कांता देवी ने युवाओं को संबोधित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा साथी सुरेश, दीपक योगी, गुरजीत, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक, मेजर, गुरमीत, मनप्रीत कौर, संदीप शर्मा, वीरेंद्र, साहिल, सुभम, जसविन्द्र, ऋतू, टीएस अमित शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंदर सिंह हुड्डा के जन्मदिन पर किया हवन यज्ञ



**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मारकंडेश्वर मन्दिर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंदर सिंह हुड्डा के जन्मदिन के उपलक्ष में हवन यज्ञ किया और उनकी लंबी आयु की कामना की। इसक बाद कार्यकर्ताओं ने झुग्गी झोपड़ियों में जाकर गरीब बच्चों को फल वितरित किए। इस अवसर पर हरीश क्वात्रा, जगमोहन सेठी, रणजीत त्योडी, रणधीर चढ़ूनी, मान सिंह रतनगढ़,सुच्चा सिंह नगला, ओमप्रकाश बवेजा, कर्मा जोगी, शिवराम चढ़ूनी, नैब सिंह अटवान, संजीव चौपड़ा, दीपक कक्कड़, साहब सिंह ढांडा, हरविंदर छपरा, जनकराज छपरा, बंटी छपरा मौजूद रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला

## किसानों को भड़काकर भाजपा सरकार को बदनाम कर रही कांग्रेस: रुबल

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र



नये बस स्टैंड के सामने भाजयुमो के कार्यकर्ता कैप्टन अमरिंदर का पुतला फूंकते हुए।

**भाजपा** युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा के नेतृत्व में नए बस स्टैंड के समीप पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिन्दर सिंह का पुतला फूंककर रोष व्यक्त किया। रुबल ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह ने स्पष्ट कर दिया कि किसानों के आंदोलन के पीछे सीधे सीधे कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि आंदोलन को दिल्ली और हरियाणा में शिफ्ट करवाने वाली कांग्रेस आंदोलनकारियों को भड़का कर देश और समाज को बर्बाद और भाजपा सरकार को बदनाम करना चाहती है। रूबल ने कहा कि सीएम कैप्टन आंदोलन को पंजाब से शिफ्ट करना चाहते हैं, पंजाब की आर्थिक स्थिति और विकास की चिंता जताने वाले कैप्टन अमरिंदर ही वास्तव में इस आंदोलन के असली सूत्रधार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और कैप्टन को वास्तव में पंजाब की नहीं अपनी कुर्सी की चिंता है क्योंकि पंजाब में चुनाव हैं। उन्होंने कैप्टन से अपील की वे अपनी कुर्सी के साथ-साथ देश की राजधानी दिल्ली और हरियाणा की भी चिंता करें। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा,भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जगदीप सांगवान, बिजेवाईएम मीडिया प्रभारी सन्दीप सजूमा, बिजेवाईएम जिला महामंत्री विकास तंवर, अमन भार्गव, युवा मोर्चा प्रदेश जिलाध्यक्ष सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगे राहुल गांधी और कांग्रेस के सभी टोटके फैल हैं।

# फंड में अभाव में कैसे शगुन दें, मुख्यमंत्री अंर्तजातीय विवाह शगुन योजना में

### जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में तमाम योजनाएं हांफ-हांफ कर बढ़ रहीं आगे

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**सरकारी** योजनाएं कागजों में सरपट दौड़ रही हैं, बावजूद स्थिति धरातल पर इसके उलट बन चुकी हैं। योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को निश्चित अवधि में नहीं मिल पा रहा हैं। इसके पीछे की वजह बताई जा रही है कि विभाग को योजनाओं के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध नहीं हो रहा। पात्रों को समय पर योजना का लाभ न मिलना, उनके लिए किसी पीड़ा से कम नहीं होता।

जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में कई योजनाएं हांफ-हांफ कर आगे बढ़ रही हैं, चाहे मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंर्तजातीय विवाह शगुन योजना, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना हो। इन योजनाओं के योज्य पात्रों तक लाभ पहुंचाने में फंड की कमी आड़े आ रही हैं, योजनाओं का लाभ साल-दर साल आगे बढ़ाकर पात्रों को उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। हालांकि योजनाओं में अप्लाई करने वाले सभी पात्रों को लाभ तो मिलता हैं, लेकिन उन्हें इसके लिए लम्बा इंतजार तक करना पड़ता हैं। पात्र कार्यालयों के चक्कर काटते हैं, जो उनके लिए आर्थिक तौर पर नुकसानदायक होता हैं।

मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंर्तजातीय विवाह शगुन योजना 2020-2021 में कार्यालय में करीब 98 दंपतियों ने आवेदन किया, इनमें से मात्र 38 आवेदकों को 95 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंर्तजातीय विवाह शगुन योजना के तहत उपलब्ध कराई गई।

# मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह का कमेटी चौक पर पुतला फूंका

**करनाल।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरेंद्र ङ्क्षसह के ब्यान के विरोध में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी, कैप्टन अमरेंद्र सिहं एवं नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले किया।जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि पंजाब के सीएम अमरेंद्र सिंह द्वारा की गई इस बचकानी ब्यानबाजी की जितनी भी निन्दा की जाए वह कम है।

उन्होंने कहा कि इतने बडे संवैधानिक पद पर बैठे कर आपसी भाईचारा बिगाडने वाला ब्यान एक सूबे के मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। उन्हें इसके लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार से मांग की कि आने वाले दिनों मे पंजाब विधानसभा चुनाव में धाधंलेबाजी रोकने और निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

# मिनिस्ट्रीयल स्टाफ की लम्बित माँगो को लेकर 21 को शिक्षा सदन पर करेंगे जोरदार प्रदर्शन : सांगवान

पीएल वर्मा। कैथल



**हरियाणा** एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर लिपिकीय वर्ग की लम्बित माँगो को लेकर 21 सितंबर को पंचकूला शिक्षा सदन पर होने वाले प्रदर्शन की तैयारी हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय व डाइट में मिनिस्ट्रीयल स्टाफ की मीटिंग ली गई।

हेमसा के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान संदीप सांगवान, राज्य सचिव सावित्री देवी, हिसार जिले के उपप्रधान बलजीत खर्ब ने कहा कि मिनिस्ट्रीयल स्टाफ को पे मैट्रिक्स लेवल 6 में शुरुआती वेतनमान 35400 देने, पिछले वर्ष ऑनलाईन ट्रांसफर में दूरदराज स्थानांतरित किए गए लिपिकों का तुरन्त समायोजन करने, मिडल स्कूलों की पोस्ट को कैप्ट न करने, वरिष्ठता सूची अपडेट, सहायक, आंकड़ा सहायक, उपाधीक्षक, अधीक्षक पदों पर पदौन्नति, विकलांग कर्मियों की सरकार की हिदायतों अनुसार पदौन्नति, एसीपी अवार्ड करने, टाईप टैस्ट से वंचित को एसीपी लाभ, एसइटीसी के स्थान पर विभागीय रिफरेशर कोर्स, मोलिक विभाग में लिपिकों के एसीपी में आ रही तकनीकी त्रृटि को दूर करने, वर्कलोड अनुसार नये पदे स्वीकृत करने, सेवा नियमों में संशोधन करने बारे फिल्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ को लंबे समय से पदोन्नति से वंचित आदि समस्याएं शामिल हैं।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव रामपाल शर्मा,जिला प्रेस सचिव सतबीर गोयत व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान विजेंद्र मोर ने कहा कि शिक्षा सदन द्वारा फिल्ड लिपिक वर्ग की समस्याओं की काफी अनदेखी की जा रही है। बाक्स

# महिला सिपाही के लिए लिखित परीक्षा 18 व 19 सितम्बर को

**करनाल।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 18 व 19 सितम्बर को महिला सिपाही पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

इस परीक्षा को शांतिपूवर्क सम्पन्न कराने के लिए जिलाधीश करनाल निशांत कुमार यादव ने एक आदेश जारी कर धारा 144 लागू कर दी है। आदेश में कहा गया है कि 18 व 19 सितम्बर को परीक्षा के लिए बनाए गए केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में 5 या 5 से ज्यादा व्यक्तियों के इक्ठ्ठा होने तथा आग्नेयस्त्र लाठी, तलवार, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, गंडासा, चाकू व अन्य घातक हथियार लेकर आने पर निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस दौरान 18 सितम्बर को दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक तथा 19 सितम्बर को सुबह 9.30 बजे से सायं 5 बजे तक परीक्षा केन्द्रों के आस-पास सभी फोटोस्टेट की दुकाने बंद रहेगी। यह आदेश पुलिस व ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों पर लागू नही होंगे। जो व्यक्ति इन आदेशों का उल्लंघन करेगा उसके विरूद्ध आई.पी.सी. की धारा 188 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# स्वच्छता में आमजन की भागीदारी होना जरूरी : सांसद धर्मबीर सिंह

### स्वच्छता ग्राहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि स्वच्छता कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी होना जरूरी है। इसके लिए सभी को जागरुक होना होगा। उन्होंने कहा कि सभी गांव व शहर तभी स्वच्छ होंगे, जब हम उसकी शुरुआत अपने घर से करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता के स्वप्न को साकार करने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। सांसद रेडमैन जिला परिषद द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विधायक घनश्याम दास सर्राफ भी मौजूद रहे। इस दौरान निष्ठा व पूरी मेहनत से कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों व स्वच्छता में अपना योगदान देने वाले स्वच्छता ग्राहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिला के सभी गांवों में जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रेडमैन धर्मबीर सिंह ने कहा कि देश को आजाद हुए आज 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन फिर भी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व बढ़ती आबादी जैसी समस्याएं आज भी हमारे समक्ष खड़ी हैं, जिनको समाप्त करना सभी देशवासियों के लिए एक चुनौती है। इसके साथ-साथ देश को गंदगी से मुक्त बनाना भी एक चुनौती है, जिसे हमें सभी को स्वीकार करना होगा। सांसद ने कहा कि गांवों में जाने वाले जागरूकता रथ के एक कर्मचारी या अधिकारियों को भेजा जाए जो गांव में जाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व और गंदगी से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक करें। उपायुक्त आरएस ढिल्लो ने कहा कि जिला में स्वच्छता को लेकर इससे पहले भी सरकार के निर्देशानुसार अनेक अभियान चलाए गए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप जिला ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अव्वल स्थान हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को जनभागीदारी से सार्थक बनाया जाएगा।

# हरियाणा सरकार ने बदले सात आईएएस व दस एचसीएस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़




**हरियाणा** सरकार ने तुरंत प्रभाव से सात आईएएस और 10 एचसीएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, खान एवं भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक और सचिव मोहम्मद शाइन को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक का कार्यभार सौंपा गया है।

हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के प्रबंध निदेशक, रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां और सहकारिता विभाग के सचिव ए. श्रीनिवास को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा हैफेड के प्रबंध निदेशक का कार्यभार सौंपा गया है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक व सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग के सलाहकार व सचिव और हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम के प्रबंध निदेशक साकेत कुमार को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग का महानिदेशक व सचिव, महानिदेशक, आयुष तथा हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम का प्रबंध निदेशक लगाया गया है।

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण तथा रोजगार विभाग की निदेशक व विशेष सचिव, नागरिक संसाधन सूचना विभाग की निदेशक और हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड, पंचकूला की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरणदीप कौर बराड़ को कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण तथा रोजगार विभाग का निदेशक व विशेष सचिव, सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग का निदेशक व विशेष सचिव और हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड, पंचकूला का मुख्य कार्यकारी अधिकारी लगाया गया है।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (मुख्यालय) पंचकूला के प्रशासक प्रदीप कुमार को नागरिक उड्डयन विभाग का सलाहकार और विशेष सचिव लगाया गया है। कला एवं सांस्कृतिक मामले विभाग की निदेशक मनदीप कौर को स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तिय प्रबंधन संस्थान का निदेशक लगाया गया है। अतिरिक्त नियंत्रक, सिविल डिफेंस, अंबाला प्रतिमा चौधरी को कला एवं सांस्कृतिक मामले विभाग का निदेशक लगाया गया है। साथ ही उन्हें, कला एवं सांस्कृतिक मामले विभाग के अतिरिक्त सचिव का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है।

स्थानांतरित किए गए एचसीएस अधिकारियों में करनाल के अतिरिक्त उपायुक्त और जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी, करनाल योगेश कुमार को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा जिला परिषद, करनाल और डीआरडीए, करनाल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है।

जिला परिषद, पलवल और डीआरडीए, पलवल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार-1 को उपमंडल अधिकारी (नागरिक)-सह-अतिरिक्त कलेक्टर, फरीदाबाद लगाया गया है।

# किसानों की बर्बादी को सरकार रोज जारी कर रही तुगलकी फरमान: चढ़ूनी

### चढ़ूनी ने जयपुर जाते समय निमड़ीवाली धरना कमेटी से बातचीत की

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**भाजपा** सरकार किसानों व मजदूरों को बर्बाद करना चाहती है। सरकार पूंजपीतियों द्वारा संचालित होने के कारण आमजन की कोई परवाह नहीं कर रही है। जिससे किसान, मजदूर, आमजन में गहरा रोष है। ये बातें भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने टॉवरों की एवज में मुआवजे की मांग को लेकर गांव निमड़ीवाली में जारी धरने की कमेटी से बातचीत करते हुए कही।

बता दे कि भाकियु प्रदेश अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढूनी ने जयपुर जाते समय निमड़ीवाली धरना कमेटी से बातचीत की। आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर चढ़ूनी ने कहा कि सरकार किसानों को बर्बाद करने के लिए दिन-प्रतिदिन तुगलकी फरमान जारी कर रही है, जो किसानों के लिए जी का जंजाल बने हुए है। उन्होंने कहा कि सरकार अभी तीन कृषि कानून को लेकर तो सुलझ नहीं पाई।

# न्यायाधिकरण नियुक्तियां: पसंदीदा लोगों का चयन किए जाने का स्पष्ट संकेत

## सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधिकरणों की चयन सूची के बजाय प्रतीक्षा सूची में से चयन पर जताई नाराजगी

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने देश भर के न्यायाधिकरणों में रिक्त पद नहीं भरे जाने पर बुधवार को नाराजगी व्यक्त की। कहा कि जिस तरह से नियुक्तियां की गई हैं, वे अपनी पसंद के लोगों का चयन किए जाने का स्पष्ट संकेत देती हैं। न्यायालय ने केंद्र को दो सप्ताह के भीतर उन न्यायाधिकरणों में नियुक्तियां करने का निर्देश दिया है, जहां पीठासीन अधिकारियों के साथ-साथ न्यायिक एवं तकनीकी सदस्यों की भारी कमी है। न्यायालय ने केंद्र से यह भी कहा कि यदि अनुशंसित सूची में शामिल व्यक्तियों को नियुक्त नहीं किया जाता है, तो वह इसका कारण बताए।

प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की पीठ ने कहा कि न्यायाधिकरणों में रिक्तियों के कारण स्थिति दयनीय है और वादियों को अधर में नहीं छोड़ा जा सकता।

पीठ ने अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल से कहा, जारी किए गए नियुक्ति पत्र इस ओर स्पष्ट इशारा करते हैं कि उन्होंने चयन सूची से अपनी पसंद से तीन लोगों और प्रतीक्षा सूची से अन्य लोगों को चुना तथा चयन सूची में अन्य नामों को नजरअंदाज किया। सेवा कानून में आप चयन सूची को नजरअंदाज करके प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति नहीं कर सकते। यह किस प्रकार का चयन एवं नियुक्ति है?

वेणुगोपाल ने पीठ को आश्वासन दिया कि केंद्र खोज और चयन समिति द्वारा अनुशंसित व्यक्तियों की सूची से दो सप्ताह में न्यायाधिकरणों में नियुक्तियां करेगा।



वरिष्ठ वकील अरविंद दातार ने कहा कि आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी) के लिए खोज एवं चयन समिति ने 41 लोगों की सिफारिश की, लेकिन केवल 13 लोगों को चुना गया और यह चयन किस आधार किया गया, यह हम नहीं जानते। पीठ ने कहा, यह कोई नई बात नहीं है। हर बार की यही कहानी है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों ने कोविड-19 के दौरान नामों का चयन करने के लिए व्यापक प्रक्रिया का पालन किया और सभी प्रयास व्यर्थ जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने देशभर की यात्रा की। हमने इसमें बहुत समय दिया। कोविड-19 के दौरान आपकी सरकार ने हमसे जल्द से जल्द साक्षात्कार लेने का अनुरोध किया। हमने समय व्यर्थ नहीं किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ताजा नियुक्ति के तहत सदस्यों का कार्यकाल केवल एक साल होगा और उन्होंने कहा, एक साल के लिए कौन सा न्यायाधीश यह काम करेगा? चयन समिति द्वारा अनुशंसित नामों को अस्वीकार किए जाने के मामले पर वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार के पास सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने का अधिकार है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम एक लोकतांत्रिक देश हैं, जहां कानून के शासन का पालन किया जाता है और हम संविधान के तहत काम कर रहे हैं। आप यह नहीं कह सकते कि मैं स्वीकार नहीं करता। पीठ ने कहा, यदि सरकार को ही अंतिम फैसला करना है, तो प्रक्रिया की शुचिता क्या है? चयन समित नामों को चुनने की लिए एक विस्तृत प्रक्रिया का पालन करती है।

विभिन्न प्रमुख न्यायाधिकरणों और अपीली न्यायाधिकरणों में लगभग 250 पद रिक्त हैं। शीर्ष अदालत न्यायाधिकरणों में रिक्तियों संबंधी याचिकाओं और अर्ध न्यायिक निकायों को नियंत्रित करने वाले नए कानून संबंधी मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

प्रधानमंत्री ने इंजीनियर्स दिवस पर दी बधाई

# पृथ्वी ग्रह को बेहतर और उन्नत बनाने में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका: मोदी

**प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, इंजीनियर्स दिवस पर सभी परिश्रमी इंजीनियरों को बधाई**

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इंजीनियर्स डे (अभियंता दिवस) पर सभी अभियंताओं को बधाई दी और कहा कि धरती को बेहतर बनाने और प्रौद्योगिकी के मामले में देश को आधुनिक बनाने में उनके योगदान का धन्यवाद करने के लिए शब्द नहीं हैं।

भारत के महान अभियन्ता एवं देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से विभूषित सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या के जन्मदिवस पर देश हर साल इंजीनियर्स दिवस (अभियंता दिवस) मनाता है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, इंजीनियर्स दिवस पर सभी परिश्रमी इंजीनियरों को बधाई। हमारे ग्रह को बेहतर और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उन्हें धन्यवाद देने के लिए कोई शब्द पर्याप्त नहीं हैं। मैं एम. विश्वेश्वरय्या को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी उपलब्धियों को याद करता हूं।

वर्ष 1860 में जन्मे इस महान अभियंता ने बेहद कम संसाधनों के बावजूद दक्षिण भारत में बांध निर्माण से लेकर सिंचाई तथा जलापूर्ति के क्षेत्र में बड़े-बड़े काम किए। विश्वेश्वरय्या ने मैसूर के कृष्ण राजसागर बांध का निर्माण कराया, जिससे मैसूर और मंड्या जिलों का काया पलट हो गया।

वाड्यार वंश के शासनकाल में कावेरी नदी पर इस बांध के निर्माण के दौरान देश में सीमेंट नहीं बनता था। इसके लिए इंजीनियरों ने मोर्टार तैयार किया जो सीमेंट से ज्यादा मजबूत था। इस बांध का निर्माण सर एमवी के नाम से प्रसिद्ध विश्वेश्वरय्या के जीवन की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। विश्वेश्वरय्या को 1912 में मैसूर के महाराजा ने अपना दीवान यानी मुख्यमंत्री नियुक्त किया। उनका निधन 1962 में हुआ।

## एससीओ शिखर बैठक को डिजिटल माध्यम से संबोधित करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) परिषद के देशों की शिखर बैठक 17 सितंबर को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में आयोजित होगी। जिसके पूर्ण अधिवेशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल माध्यम से संबोधित करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि दुशांबे में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस शिखर बैठक में परिषद के देशों के नेताओं द्वारा पिछले दो दशकों में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा और भविष्य में सहयोग की संभावना की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि बैठक में क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर भी चर्चा किए जाने की उम्मीद है। बयान के अनुसार, ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में आयोजित होने वाली एससीओ की शिखर बैठक के पूर्ण अधिवेशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल माध्यम से संबोधित करेंगे।

बयान में कहा गया है कि यह चौथी शिखर बैठक है। जिसमें भारत एससीओ के पूर्ण सदस्य के रूप में हिस्सा ले रहा है। इस बैठक का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि संगठन इस वर्ष अपनी स्थापना की 20वीं वर्षगांठ मना रहा है।

## उप्र में सड़कों में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क : मायावती

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की सड़कों की खराब हालत और गड्ढों पर सरकार को घेरते हुए बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि उप्र के सड़कों की हालत फिर से इतनी ज्यादा खराब हो गई हैं कि लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि सड़कों में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क।

उन्होंने एक ट्वीट में कहा, उप्र में कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था की तरह ही यहां के सड़कों की भी दुर्दशा व ख़स्ताहाली से आमजनजीवन काफी बेहाल है तथा गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क हादसों व इसमें होने वाली दर्दनाक मौतों की खबरों से अखबार भरे पड़े हैं, यह अति-दु:खद व सरकार की विफलता का जीता-जागता प्रमाण।



मायावती ने कहा, सड़कें लोगों की बुनियादी जरूरत व विकास से विशेषत: जुड़ी हुई हैं तथा इनके बारे में भी सरकार चाहे जितने भी नारे व दावे कर ले लेकिन उप्र के सड़कों की हालत फिर से इतनी ज्यादा खराब हो गई हैं कि लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि सड़कों में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क। सरकार ध्यान दे।

## उत्तर कोरिया के प्रक्षेपणों के बाद दक्षिण कोरिया ने भी किया बड़ा मिसाइल परीक्षण

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने कहा है कि उसने पानी के भीतर प्रक्षेपित अपने पहले मिसाइल का परीक्षण किया है। इससे कुछ घंटे पहले ही उत्तर कोरिया ने सागर की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया था। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई इन के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि मून ने देश में निर्मित पनडुब्बी प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल का बुधवार दोपहर को किए गए परीक्षण को देखा। उसने कहा कि मिसाइल को 3,000 टन श्रेणी की पनडुब्बी से प्रक्षेपित मिसाइल ने निर्धारित लक्ष्य पर पहुंचने से पहले पूर्व में निर्धारित की गई दूरी को तय किया।

## भारत में अब तक नहीं मिले हैं सार्स सीओवी-2 के नए स्वरूप एमयू और सी.1.2 : इनसाकोग

एजेंसी। नई दिल्ली



**जीनोम** सीक्वेंसिंग संघ इनसाकोग ने कहा है कि भारत में अब तक सार्स-सीओवी-2 के दो नए स्वरूप - एमयू और सी.1.2 नहीं दिखे हैं। कहा कि डेल्टा स्वरूप और उसके दो उप-प्रकार देश में चिंता के मुख्य स्वरूप बने हुए हैं। संघ ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के पॉजिटिव नमूनों की सीक्वेंसिंग पर मौजूदा सिफारिशों को और अधिक मजबूती से लागू करने का आह्वान किया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बी.1.621 (बी.1.621.1) को 30 अगस्त को दिलचस्पी वाले स्वरूप (वीओआई) में शामिल किया और इसे एमयू नाम दिया। इसने सी.1.2 को भी नए वीओआई के तौर पर शामिल किया है। इनसाकोग ने कहा कि सी.1.2 दक्षिण अफ्रीका में वर्णित सी.1 स्वरूप का उप-प्रकार है लेकिन यह वैश्विक तौर पर नहीं फैला है।

संघ ने 10 दिसंबर को अपने बुलेटिन में कहा, न तो एमयू और न ही सी.1.2 अब तक भारत में दिखा है। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के पॉजिटिव नमूनों की सीक्वेंसिंग पर मौजूदा सिफारिशों को और अधिक मजबूती से लागू किया जा सकता है।

आगे के डेटा की निगरानी और मूल्यांकन इस समय पर्याप्त प्रतीत होता है। इसने कहा, डेल्टा और डेल्टा उप-प्रकार भारत में चिंता के स्वरूप बने हुए हैं।

डेल्टा स्वरूप के कारण कई देशों में संक्रमण फैल रहा है। भारत में, इसके कारण घातक दूसरी लहर आई। इनसाकोग ने कहा कि एमयू में उत्परिवर्तन हैं जो संभावित प्रतिरक्षा से बचने की क्षमता के संकेत देते हैं। डब्ल्यूएचओ के बुलेटिन के मुताबिक एमयू स्वरूप की वैश्विक मौजूदगी घट रही है और फिलहाल 0.1 प्रतिशत से नीचे है।

## कैदियों को लगातार टीके मिलने सुनिश्चित करें : केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को कोरोना वायरस संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए केन्द्रीय कारागारों तथा अन्य कारागारों में कैदियों और अन्य लोगों को लगातार टीकों की उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उच्च न्यायालय ने कारागारों के महानिदेशक को टीकाकरण की निगरानी करने के भी निर्देश दिए। अदालत ने इन निर्देशों के साथ ही अपनी ओर से दाखिल याचिका का निपटारा कर दिया। अदालत ने एक कैदी से पत्र प्राप्त होने के बाद यह मामला स्वत: संज्ञान शुरू किया था। पत्र में कहा गया था कि राज्य के किसी भी कारागार में टीकाकरण अभियान नहीं चलाया जा रहा।

अदालत का यह आदेश तब आया जब राज्य सरकार ने सूचित किया कि केरल की जेलों में कुल 4,808 कैदी हैं और इनमें से अधिकतर को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है और विभिन्न आयु वर्ग के कैदियों को टीका लगाने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने अदालत को यह भी बताया कि टीकाकरण रिमांड में भेजे गए कैदियों और अन्य के लिए क्रमबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है।

## पाक समर्थित अलगाववादी खालिस्तानी संगठन अमेरिका में हो रहा है मजूबत : रिपोर्ट

**भारत विरोधी गतिविधियां रोकने के प्रति उदासीन रही है अमेरिका सरकार**

एजेंसी। वाशिंगटन



**अमेरिका** के एक शीर्ष थिंक टैंक ने कहा है कि पाकिस्तान समर्थित अलगाववादी खालिस्तानी समूह अमेरिका में धीरे-धीरे अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। उसने यह भी कहा कि अमेरिकी सरकार इन संगठनों की भारत विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए नई दिल्ली द्वारा की गई अपीलों के प्रति उदासीन रही है।

हडसन इंस्टीट्यूट ने मंगलवार को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट पाकिस्तान का अस्थिरता का षड्यंत्र: अमेरिका में खालिस्तान की सक्रियता में पाकिस्तान द्वारा इन संगठनों को दिए जा रहे समर्थन की जांच करने के लिए अमेरिका के भीतर खालिस्तान और कश्मीर अलगाववादी समूहों के आचरण को आंका है।

रिपोर्ट में इन समूहों के भारत में उग्रवादी और आतंकवादी संगठनों के साथ संबंधों और दक्षिण एशिया में अमेरिकी विदेश नीति पर उनकी गतिविधियों के संभावित हानिकारक प्रभावों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट दर्शाती है कि पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकवादी संगठनों की तरह, खालिस्तानी संगठन नए नामों के साथ सामने आ सकते हैं।

इसमें कहा गया, दुर्भाग्य से, अमेरिकी सरकार ने खालिस्तानियों द्वारा की गई हिंसा में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, जबकि खालिस्तान अभियान के सबसे कट्टर समर्थक ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका जैसे पश्चिमी देशों में हैं। रिपोर्ट में कहा गया, जब तक अमेरिकी सरकार खालिस्तान से संबंधित उग्रवाद और आतंकवाद की निगरानी को प्राथमिकता नहीं देती, तब तक उन समूहों की पहचान होने की संभावना नहीं है जो वर्तमान में भारत में पंजाब में हिंसा में लिप्त हैं या ऐसा करने की तैयारी कर रहे हैं।

हडसन इंस्टीट्यूट का कहना है कि पूर्वानुमान राष्ट्रीय सुरक्षा योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और इसलिए,उत्तरी अमेरिका में स्थित खालिस्तानी संगठनों की गतिविधियों की कानून द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर जांच करना 1980 के दशक में खालिस्तान आंदोलन के दौरान हुई हिंसा फिर से न होने देने के लिए महत्वपूर्ण है।

रिपोर्ट में कहा गया कि महत्त्वपूर्ण यह भी है कि अमेरिका के भीतर खालिस्तान से संबंधित भारत विरोधी सक्रियता हाल में बढ़ी है और वह भी तब जब अमेरिका और भारत चीन के बढ़ते प्रभाव खासकर हिंद-प्रशांत में, उसका सामना करने के लिए सहयोग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणपति उत्सव के पांचवें दिन 66,000 प्रतिमा की विसर्जित

**मुंबई।** गणपति उत्सव के पांचवें दिन में मुंबई में समुद्र, नदियों, झीलों और अन्य जल निकायों में देवी गौरी की 5,953 प्रतिमाओं समेत कुल 66,299 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। महानगरपालिका के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को विसर्जन के पांचवें दिन कोई अप्रिय घटना दर्ज नहीं की गई। कोविड-19 महामारी को फैलने से रोकने के लिए लगाई गई पाबंदियों के कारण 10 दिन तक चलने वाला गणेश उत्सव लगातार दूसरे साल सादगी से मनाया जा रहा है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को उत्सव के पांचवें दिन शहर के विभिन्न हिस्सों में कुल 66,299 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया जिनमें से 34,299 प्रतिमाओं का विसर्जन कृत्रिम जलाशयों में किया गया। बीते शुक्रवार को गणेश उत्सव की शुरुआत के मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने नागरिकों से कोरोना वायरस के खिलाफ कड़ा अभियान चलाने का अनुरोध किया था।

### बस से टक्कर से वैगनआर में लगी आग, पांच लोग जिंदा जले

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले के मुरबंदा लारी के निकट बुधवार सुबह एक बस एवं वैगन आर कार में भीषण टक्कर हो गई। बस कार के उपर चढ़ गई और कार में आग लग गई जिससे उसमें बैठे एक लड़के एवं दो महिलाओं समेत सभी पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि सुबह लगभग आठ बजे एक वैगन आर कार की दूसरी तरफ से आ रही बस से रामगढ़ जिले के रजरप्पा पुलिस थाना क्षेत्र में गोला-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर मुरबंदा लारी के निकट आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। बस कार के उपर चढ़ गई। कार में सवार सभी पांच लोग वहीं बुरी तरह फंस गए। थोड़ी ही देर बाद कार में आग लग गई और एक लड़के एवं दो महिलाओं समेत सभी पांच लोगों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं कि उनकी पहचान मुश्किल हो गई है। कुमार ने बताया कि सभी शवों को अंत्य परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और उनके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वैगन आर के पूरी तरह जल जाने के कारण गाड़ी की पंजीकरण संख्या के अलावा अन्य विवरण नहीं मिल सका है। गाड़ी पटना के आलोक रौशन के नाम पंजीकृत है। मृतकों की पहचान एवं अन्य कार्रवाई के लिए पटना पुलिस से संपर्क किया गया है।

### ताइवान ने चीन से खतरे के बीच किया सैन्य अभ्यास

**जिआदोंग ।** ताइवान के स्वदेश निर्मित लड़ाकू विमान, अमेरिका द्वारा निर्मित एफ-16वी, फ्रांसिसी विमान मिराज 2000-5 और ई-5के बुधवार तड़के आक्रमण विरोधी अभ्यास के लिए जिआदोंग में उतरे। उन्होंने यह पता लगाने के लिए अभ्यास किया कि अगर दुश्मन की सेना उनके हवाईअड्डे को क्षतिग्रस्त कर देती है तो ऐसी स्थिति में वे क्या करेंगे। यह ताइवान के पांच दिवसीय हान गुआंग सैन्य अभ्यास का हिस्सा है जिसका मकसद चीनी हमले की स्थिति में इस द्वीप की सेना को तैयार रखना है। चीन, ताइवान पर अपना हक जताता है। कोविड-19 संबंधी पाबंदियों के कारण इस साल यह वार्षिक अभ्यास छोटे पैमाने पर किया गया। पिछले दो वर्षों में चीन से खतरा बढ़ा है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ताइवान की वायु सेना को धमकाने और प्रताड़ित करने की कोशिश के तहत लगभग आए दिन उसके वायु क्षेत्र पर लड़ाकू विमानों को उड़ाती है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती सैन्य गतिविधि से युद्ध की स्थिति पैदा नहीं होगी। पिछले दो वर्षों में ताइवान ने अमेरिका से मिसाइलों की खरीद प्रक्रिया भी तेज की है। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बुधवार को ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी से कहा, आप किसी भी तरीके से यह ऐतिहासिक और कानूनी सच्चाई नहीं बदल सकते कि ताइवान, चीन का हिस्सा है।

### अफगान के लोगों को आर्थिक मदद की तत्काल आवश्यकता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने कहा कि 40 लाख अफगान लोग एक खाद्य आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं, जहां अधिकतर ग्रामीणों को शीतकाल में गेहूं की खेती और पशुओं के चारे के लिए वित्तीय मदद की तत्काल जरूरत है, साथ ही वंचित समूहों के परिवारों, बुजुर्गों तथा विकलांगों के लिए नकद सहायता की आवश्यकता है। खाद्य एवं कृषि संगठन के इमरजेंसी एंड रिसिलेंस कार्यालय के निदेशक रीन पॉलसन ने मंगलवार को काबुल से एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में बताया कि 70 प्रतिशत अफगान ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और कृषि अफगान आबादी के लिए बहुत जरूरी है। यह अफगानिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद का 25 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करती है, सीधे तौर पर 45 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार देती है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह 80 प्रतिशत अफगान आबादी के लिए आजीविका का साधन है। उन्होंने कहा कि देश के 34 प्रांतों में से 24 में 73 लाख लोग गंभीर सूखे से जूझ रहे हैं और ग्रामीण समुदाय वैश्विक महामारी से भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि 40 लाख अफगान एक मानवीय आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं।

### गुरमीत सिंह ने उत्तराखंड के नए राज्यपाल के रुप में ली शपथ

**देहरादून।** लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने बुधवार को उत्तराखंड के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली। यहां राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर एस चौहान ने लेफ्टिनेंट जनरल सिंह को पद की शपथ दिलाई। भारतीय सेना में उपप्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए सिंह को सेवा के दौरान कई अलंकरणों से नवाजा जा चुका है।

### कांग्रेस ने उम्मीदवारों से सहयोग राशि मांगी 11 हजार रुपये

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों से प्रत्येक आवेदन के साथ 11,000 रुपये सहयोग राशि के रूप में मांगे हैं। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने मंगलवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है, सभी आवेदक अपना आवेदन जिला या राज्य स्तर पर अधिकृत व्यक्तियों के पास 11 हजार की सहयोग राशि के साथ जमा करें। यह राशि 25 सितंबर, 2021 तक जमा करें और इसकी रसीद प्राप्त कर लें। इसमें कहा गया है कि 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आवेदन पत्र जमा करने के लिए जिला मुख्यालय पर जिला या शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को अधिकृत किया गया है। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने पिछले सप्ताह दो दिन चुनाव से जुड़े मामलों पर विचार विमर्श किया था। इसके बाद उम्मीदवारों से आवेदन पत्र दाखिल करने को कहा गया है।

## भारत में नए पंजीकरण को 736 अफगान के नाम दर्ज किए गए : यूएनएचआरसी

### आंकड़ों के अनुसार भारत में यूएनएचसीआर के लिए पर्सन्स आफ कन्सर्न की कुल संख्या है 43,157

एजेंसी। नई दिल्ली

**संयुक्त** राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी यूएनएचसीआर ने यहां कहा कि एक अगस्त से 11 सितंबर तक कुल 736 अफगान के नाम नए पंजीकरण के लिए दर्ज किए गए। एजेंसी ने साथ ही कहा कि वह भारत में अफगान नागरिकों के पंजीकरण और सहायता के बढ़ते अनुरोधों को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ा रही है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि वह वीजा जारी करने और अवधि बढ़ाने, सहायता और समाधान सहित अफगान नागरिकों से संबंधित मामलों पर सरकार के साथ लगातार सम्पर्क में है। आंकड़ों के अनुसार,



भारत में यूएनएचसीआर के लिए पर्सन्स आफ कन्सर्न की कुल संख्या 43,157 है। इनमें 15,559 शरणार्थी और शरण चाहने वाले अफगानिस्तान के हैं। यूएनएचसीआर के लिए पर्सन्स आफ कन्सर्न का मतलब ऐसे व्यक्तियों से है जिन्हें एजेंसी आंतरिक रूप से विस्थापित, शरण मांगने वाला, या बिना देश वाले व्यक्ति मानती है।

संयुक्त राष्ट्र निकाय ने एक बयान में कहा, एक अगस्त से 11 सितंबर तक यूएनएचसीआर द्वारा नए पंजीकरण के लिए 736 अफगान के नाम दर्ज किए गए हैं। जिन लोगों ने यूएनएचसीआर से संपर्क किया है, उनमें अफगान व्यक्ति हैं जो 2021 में नए आए हैं, जो पहले से बंद शरण मामलों को फिर से खोलने की मांग कर रहे हैं, छात्र, व्यवसाई, या चिकित्सीय या अन्य प्रकार के वीजा पर लोग जो अफगानिस्तान में वर्तमान स्थिति के कारण वापस जाने में असमर्थ हैं।

यूएनएचसीआर ने कहा कि वह भारत में अफगान के पंजीकरण और सहायता के बढ़ते अनुरोधों को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। यूएनएचसीआर ने कहा कि उसने एक अफगानिस्तान आपातकालीन प्रकोष्ठ और अफगान के लिए एक समर्पित सहायता इकाई भी स्थापित की है जिसमें पंजीकरण और सहायता के बारे में व्यापक जानकारी उपलब्ध है।

इसमें कहा गया है, चौबीस घंटे सवालों के जवाब देने के लिए अतिरिक्त हेल्पलाइन स्थापना की गई हैं और अफगान समुदायों के साथ सीधे जुड़ाव बढ़ाया गया है। प्रतिदिन 130 से अधिक कॉल प्राप्त होती हैं, मुख्य रूप से सहायता और पंजीकरण के बारे में पूछताछ की जाती है। तालिबान ने इस महीने पूरे अफगानिस्तान पर नियंत्रण कर लिया था। भारत ने सरकार के ऑपरेशन देवी शक्ति के तहत भारतीय वायुसेना के सैन्य परिवहन विमान से लोगों को निकाला है।

## कोविड-19 के संबंध में भारत में सबसे अधिक दी गई गलत जानकारियां : अध्ययन

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** में उच्च इंटरनेट पहुंच दर, सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल और उपयोगकर्ताओं में इंटरनेट साक्षरता की कमी के कारण कोविड-19 के संबंध में सोशल मीडिया पर सबसे अधक गलत जानकारी दी गई। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है।

अध्ययन का शीर्षक प्रिवलेंस एंड सोर्स एनलाइसिस ऑफ कोविड-19 मिसइंर्फोमेशन इन 138 कंट्रीज था, जो सेज इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ लाइब्रेरी एसोसिएशंस एंड इंस्टीट्यूशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ। अध्ययन में 138 देशों में प्रकाशित 9,657 गलत जानकारियों को शामिल किया गया। विभिन्न देशों में गलत सूचना के प्रसार और स्रोतों को समझने के लिए 94 संगठनों ने इनके तथ्यों की जांच की। अध्ययन में कहा गया, सभी देशों में से, भारत में सोशल मीडिया पर सबसे अधिक 18.07 प्रतिशत गलत जानकारी दी गई, जिसका कारण शायद देश



की उच्च इंटरनेट पहुंच दर, सोशल मीडिया के इस्तेमाल में वृद्धि और उपयोगकर्ताओं में इंटरनेट साक्षरता की कमी है। परिणामों के आधार पर, अध्ययन में कहा गया है, ऐसा माना जाता है कि कोविड-19 संबंधी गलत सूचना के प्रसार का वैश्विक महामारी की स्थिति के साथ संबंध हो सकता है।अध्ययन में कहा गया, सोशल मीडिया सबसे अधिक 84.94 प्रतिशत गलत जानकारी फैलाता है और इंटरनेट कोविड-19 संबंधी गलत जानकारी देने के लिए 90.5 प्रतिशत जिम्मेदार है।

# 6 जिले के 1189 गांवों में ड्रोन से आबादी का सर्वे

## यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की 71वीं बोर्ड बैठक में गया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की 71वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में यमुना प्राधिकरण ने अपने इलाके के 1189 गांवों के लिए बड़ा फैसला लिया है।

अथॉरिटी 6 जिलों के इन गांवों में ड्रोन के जरिए सर्वे करवाएगी। यह सर्वे गांवों की आबादी का होगा। इसके बाद गांवों में घरों, अहातों और दूसरी प्रॉपर्टी के दस्तावेज बनाकर निवासियों को दिए जाएंगे। इन दस्तावेजों के आधार पर गांव वाले कृषि भूमि और शहरी संपत्ति की तरह लाभ उठा सकेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के दायरे में छह जिलों गौतमबुद्ध नगर बुलंदशहर अलीगढ़ हाथरस मथुरा और आगरा के 1,189 गांव शामिल हैं। ये सारे गांव गौतमबुद्ध नगर की जेवर और सदर तहसील, बुलंदशहर जिले की खुर्जा और सिकंदराबाद तहसील अलीगढ़ की खैर तहसील हाथरस की सादाबाद हाथरस और सासनी तहसील मथुरा जिले की सदर मांट और महावन तहसील और आगरा जिले की एत्मादपुर व सदर तहसील में पड़ते हैं। आपको बता दें कि भारत सरकार गांवों की आबादी को रजिस्ट्रीकृत कर रही है।




इसी सिलसिले में उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी जिलों को गांवों का सर्वे करके आबादी की संपत्तियों इमारतों और जमीनों के दस्तावेज तैयार करने का आदेश दिया है। यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि बोर्ड बैठक में राज्य सरकार के आदेशों पर अमल करते हुए सभी 6 जिलों में 1189 गांवों की आबादी का ड्रोन से सर्वे करवाने का फैसला लिया गया है। इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जिला अधिकारी संपत्तियों के दस्तावेज ग्रामीणों को उपलब्ध करवाएंगे। यह दस्तावेज मिलने के बाद लोगों को बड़ा फायदा होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि गांव वालों को अपने घरों और गांव की हद में मौजूद दूसरी संपत्तियों पर दस्तावेजी मालिकाना हक मिल जाएगा।

### ग्रामीणों को होंगे 4 बड़े फायदे

- अभी गांव की आबादी का कोई स्वामित्व नहीं रहता है। जिससे आबादी की भूमि पर विवाद रहते हैं। कानून.व्यवस्था लागू करने में प्रशासन और पुलिस को परेशानी होती है। इससे विवाद खत्म हो जाएंगे और गांवों में सामाजिक एकता बढ़ेगी।
- आबादी की संपत्तियों का स्वामित्व निर्धारण होने के बाद किसी भी सरकारी या गैर सरकारी संस्था से इस प्रॉपर्टी का मूल्यांकन करवाया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर अपनी संपत्ति पर बैंकों से ऋण ले सकते हैं।
- आबादी की जमीनों के दस्तावेज बन जाने से गांव वालों को न्यायिक प्रक्रिया में फायदा मिलेगा। मसलन, इस संपत्ति के दस्तावेज के आधार पर अदालत से जमानत ली जा सकेंगी।
- राज्य सरकार और जिला प्रशासन को भविष्य में सभी योजनाएं लागू करने में आसानी होगी।

## किसानों ने एसीईओ को सुनाई समस्याएं

**नोएडा।** अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप टूली से भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आबादी लीजबैकए लीजबैक के अन्य मामलों, 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट तथा स्थानीय युवकों को रोजगार देने संबंधी मुद्दों पर एक ज्ञापन सौंपा। अफसर ने किसानों की सभी समस्याएं गौर से सुनीं। अखिल भारतीय किसान सभा के गौतमबुद्ध नगर के प्रवक्ता डॉ रुपेश वर्मा ने इस बारे में जानकारी दी। संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल बालक इंटर कॉलेज में एसीईओ अमनदीप टुली से मिला। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। एसीईओ ने प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया कि प्राधिकरण आबादी की लीजबैक के लंबित प्रकरणों और 6: एवं 10: के प्लाट का निस्तारण नहीं होने नियोजित नहीं करेगा। अधिकारी ने बताया कि शासन से एसआईटी जांच की मंजूरी होते ही तेजी के साथ आबादी की लीज बैक कर दी जाएगी।

# प्राधिकरण ने 11 बिल्डर प्रोजेक्ट के खिलाफ की आरसी जारी, छह आवंटन किए निरस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




नोएडा प्राधिकरण ने बकाया नहीं देने पर व्यावसायिक परियोजनाओं से जुड़े बिल्डरों के खिलाफ बीते जुलाई.अगस्त महीने में सख्त कार्रवाई की है। बकाए का भुगतान नहीं करने की वजह से 11 बिल्डर परियोजनाओं के खिलाफ आरसी जारी की गई है। जबकि 6 भूखंडों का आवंटन निरस्त किया गया है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने आदेश देते हुए कहा है कि डिफॉल्टर बिल्डरों के खिलाफ इस तरह की कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जानकारी के मुताबिक ई-1ए सेक्टर.52 में स्थित एमएमआर साहा इंफ्रास्टक्चर प्राइवेट लिमिटेड पर 869 करोड़ 43 लाख 86 हजार 76 रुपए सेक्टर-98 स्थित ग्रेनाइट हिल्स प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड पर 350 करोड़ रुपए सी.1, सेक्टर.16 स्थित ईटी इन्फ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड पर 63 करोड़ 1 लाख 12 हजार 462 रुपए और सी.134 बी, सेक्टर.61 स्थित सुपरटेक पर 26 करोड़ 98 लाख 52 हजार 52 रुपए बकाया है।

इसके लिए जिलाधिकारी सुहास एलवाई को पत्र भेज दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी संजय कुमार ने बताया कि इनके अलावा जुलाई.अगस्त में ही मैसर्स लॉजिक्स बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के सेक्टर.124 स्थित भूखंड पर 796 करोड़ 49 लाख 20 हजार 89 रुपए बकाया होने और इसी बिल्डर के सेक्टर-105 स्थित भूखंड पर 588 करोड़ 53 हजार 78 रुपए बकाया होने पर उनका आवंटन निरस्त कर दिया गया है।

## एआरटीओ ऑफिस में हंगामे का वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा के आरटीओ ऑफिस में हंगामा हुआ है। इस घटनाक्रम की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें कुछ लोग अपने आप को बजरंग दल के कार्यकर्ता बता रहे हैं। एआरटीओ कार्यालय के अधिकारियों से बहस हो रही है। पूरा मामला नोएडा के थाना सेक्टर-24 क्षेत्र का है। दूसरी तरफ मामले को लेकर एआरटीओ कार्यालय लीपापोती में जुटा है। क्या हुआ और क्यों हुआए इस पर कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। हालांकि सूचना मिली है कि एआरटीओ कार्यालय के एक कर्मचारी ने थाने में शिकायत दी है। वीडियो को देखकर पता चलता है कि अपने आप को बजरंग दल से जुडा बताने वाले कुछ लोग आरटीओ ऑफिस में घुस आए। ताला तोड़ने की बात कह रहे हैं और अधिकारी को धमकाने का प्रयास कर रहे हैं।

# नोएडा.ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट से फैसला वापस लेने की लगाई गुहार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा.ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में शीर्ष अदालत के एक फैसले को वापस लेने की गुहार लगाई है। पिछले साल जून, 2020 में एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों प्राधिकरणों को रियल स्टेट सेक्टर और बिल्डरों को राहत देने के लिए ब्याज दर 8: वसूलने का आदेश दिया था। जबकि उससे पहले दोनों प्राधिकरण बिल्डरों से 15.23: तक का ब्याज वसूल रहे थे। अब प्राधिकरण की तरफसे पेश अधिवक्ता ने बताया कि पिछले साल जून से अब तक किसी भी बिल्डर या रियल स्टेट कंपनी ने कम ब्याज दरों के मुताबिक भी बकाए का भुगतान नहीं किया है। दरअसल कोरोना वायरस

### रियल एस्टेट सेक्टर को लगेगा बड़ा झटका

महामारी और इसकी वजह से बिगड़े हालात को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल जून में यह आदेश दिया था। इसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि रियल एस्टेट सेक्टर को राहत की जरूरत है। बिल्डरों को आर्थिक मदद मिलनी चाहिए। क्योंकि इनमें से ज्यादातर अर्थव्यवस्था में मंदी और कोरोना संक्रमण की वजह से संघर्ष कर रहे हैं। हालांकि, अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया था कि यदि बिल्डर उचित समय के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो दी गई रियायत वापस ले ।

## समस्याओं के निपटारों को लेकर 17 को मंथन

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश नगर निकाय में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याएं कैसे हल हो और उन को हल कराने के लिए सरकार पर इस तरह से दबाव बनाया जाए। इसके लिए आगामी 17 सितंबर को गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है।

इस बैठक में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग से उपाध्यक्ष लाल बाबू बाल्मिकी मुख्य अतिथि होंगे। महासंघ के अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा, महामंत्री राकेश अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष नैन सिंह और संयुक्त सचिव सलीम अहमद भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे।

# हिन्दी पखवाड़ा पर प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

### ● केंद्रीय विद्यालय, क्रमांक-1, एयरफोर्स स्टेशन, हिंडन में कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

केन्द्रीय विद्यालय, क्रमांक-1,एयर फोर्स स्टेशन, हिंडन में हिन्दी दिवस के मौके पर प्रतिभागियों को कविता, निबन्ध, स्वच्छता प्रदर्शनी, एकांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

प्रकृति एवं तस्या को हिन्दी ज्ञान प्रश्नोत्तरी के किए पुरस्कृत किया गया। डा.एन.के.श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को प्रतिभाग हेतु प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर शोभा शर्मा, (प्राचार्या) शिवा कुमार शर्मा(उपप्राचार्य), वरिष्ठ शिक्षक डा.एन.के. श्रीवास्तव, सी सी ए प्रभारी अंजू बाला, शिक्षक उषा सिंह, अनिता राय, रमाकांत शर्मा, किरण पाल, अर्चना, मुकेश, अपर्णा वाजपेयी, मीनल, ए.एस. पांडेय, मुक्ता पंत, रवीन्द्र सिंह, कुमुद रंजन, चंदा, दिव्या, शुभांगी, सरोहा, आशीष की गरिमामयी उपस्थिति रही।


एयरफोर्स स्टेशन हिंडन में हिन्दी ज्ञान प्रश्नोत्तरी के लिए प्रकृति ( बाएं ) और तस्या ( दाएं ) को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं के साथ वरिष्ठ शिक्षक एनके श्रीवास्तव।

# सुपरटेक टावर गिराने के लिए विदेशी एजेंसी से लेनी पड़ेगी मदद

### ● तीन एजेंसियों से लेनी होगी मंजूरी, मलबे का होगा फिर उपयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-93ए में स्थित सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट हाऊसिंग सोसाइटी में बने दोनों अवैध टॉवरों को गिराने की कवायद शुरू हो गई है। सोमवार को सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट की टीम ने मौके पर आकर टावरों की जांच कर ली है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। इन बिल्डिंगों को गिराने के लिए तीन केंद्रीय एजेंसियों से मंजूरी लेनी होगी। इमारतों से निकलने वाले मलबे का दोबारा इस्तेमाल किया जाएगा। सीबीआरई ट्विन्स टॉवर को गिराने के लिए अमेरिका या यूरोप की किसी बड़ी एजेंसी से मदद लेगी। करीब एक सप्ताह में टावरों को गिराने की कार्य योजना तैयार करके सीबीआरआई नोएडा प्राधिकरण को देगी। टीम अपने साथ इस परियोजना के मानचित्र और कुछ जरूरी दस्तावेज अपने साथ ले गई है।

# अपनी शक्तियों को पहचाने महिलाएंः अतुल गर्ग

### ● एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज में वस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन


प्रदर्शनी के दौरान लोगों को संबोधित करते अतुल गर्ग।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

महिलाएं अपनी शक्तियों को पहचानें और स्वावलम्बी बनें। सिलाई सीखें, कंप्यूटर सीखें या कुछ और रोजगार के काम सीखें मगर सीखें। उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने बुधवार को यह बात कही। वह अरिहंत चेरिटेबल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित द्वितीय वस्त्र प्रदर्शनी व पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भी महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए 50 से अधिक स्वरोजगार योजनाएं चला रखी हैं, जिसका लाभ लिया जा सकता है। डिजाइनिंग में बहुत स्कोप है। बच्चियां इसका लाभ ले सकती हैं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि महिलाएं स्वयं जागृत हों और अपनी शक्ति को पहचानकर पूरे विश्वास के साथ आगे बढ़ें। बिना महिला के स्वावलम्बी हुए आत्मनिर्भर देश बनने का सपना साकार नहीं हो सकता।

# भूमाफिया के कब्जे से 150 करोड़ की जमीन मुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले भूमाफिया के खिलाफ योगी सरकार का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन व जलशक्ति सिंचाई विभाग ने सिंचाई विभाग की 8.89 एकड़ भूमि को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया। इस भूमि की कीमत 150 करोड़ से ज्यादा है।

उपजिलाधिकारी देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि जिले के मसूरी पुल के पास सिंचाई विभाग की 8.89 एकड़ भूमि पर भूमाफिया ने अवैध कब्जा कर रखा था। उन्होंने इस जमीन में ढाबा भी बना रखा था। इसी कड़ी में जलशक्ति सिंचाई विभाग के बुलंदशहर खंड गंगा नहर खंड व गाजियाबाद के जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर भूमि को कब्जे मुक्त करा दिया। उन्होंने बताया कि इसी तरह सिंचाई व अन्य सरकारी विभागों की जमीनों पर भी भूमाफिया काबिज है, जिन्हें चिन्हित कर लिए गया है। जल्दी ही इन जमीनों को भी भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया जाएगा। इस बड़ी कार्रवाई के बाद भूमाफिया में हड़कंप मचा हुआ है।


अतिक्रमण तोड़ता बुलडोजर।

# मंडोला के किसानों ने ली जिंदा समाधि

### ● पांच साल से चल रहा आंदोनल, प्रशासन मनाने में जुटा, नही बनी बात

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

आवास विकास परिषद द्वारा अधिग्रहीत की गई जमीन का उचित मुआवजा अन्य मांगों को लेकर पिछले पांच सालों से आंदोलन कर रहे मंडोला के किसानों ने बुधवार को आमरण अनशन की घोषणा के साथ जिंदा समाधि ले ली।

आंदोलन से जुड़े 17 किसान गहरे गड्ढे खोदकर उनमें बैठकर जिंदा समाधि ले ली। समाधि लेने की खबर मिलने के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया और जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एसडीएम शुभांगी शुक्ला को मौके पर भेजा। शुभांगी शुक्ला ने किसानों को काफी मनाने का प्रयास किया लेकिन देर शाम तक बात नहीं बनी।

दरअसल शुभांगी शुक्ला किसानों से कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से वार्ता करने की बात कही जबकि किसानों ने कहा कि वे इस स्थिति में नहीं है कि वह कलेक्ट्रेट जाकर वार्ता करें। जिलाधिकारी चाहे तो आवास विकास परिषद के मंडोला स्थित कार्यालय पहुंचकर उनसे वार्ता कर सकते हैं। दरअसल मंडोला विहार के किसान पिछले पांच सालों से लगातार आंदोलन कर रहे हैं। वह कई बार भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन कर चुके हैं लेकिन उनकी मांग आज तक पूरी नहीं हुई, जिस कारण किसानों में सरकार के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है।


जिंदा समाधि में बैठे किसान

### प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन को दी चेतावनी

किसान नेता नीरज त्यागी, योगेश त्यागी, मास्टर महेंद्र सिंह,मनवीर तेवतिया,बृजेश त्यागी, अमित त्यागी आदि ने सुबह 10:00 बजे पहले तो आमरण अनशन की घोषणा की उसके बाद कब्रनुमा गड्ढा खोदकर उसमें बैठ गए। किसानों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती वह इस समाधि से नहीं निकलेंगे। चाहे उनके प्राण चले जाए। किसान नेता नीरज त्यागी ने बताया कि वह लोग लगातार आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंगी। उन्होंने कहा यह आंदोलन और तेजी पकड़ेगा।

# डीएम-एसपी ने सीएम आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** हापुड़

आगामी 22 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने तैयारियों का निरीक्षण किया। डीएम व एसपी ने अधिकारियों के साथ पिलखुआ क्षेत्र में बनाए जा रहे हेलीपैड उतरने के स्थान से लेकर अन्य स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया।

डीएम ने एक्शन पीडब्ल्यूडी जोध कुमार को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के हेलीपैड की उतरने तथा सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक तैयारी समय से पूर्ण कर ली जाए तथा जहां-जहां पर बैरिकेडिंग की जानी है वहां का स्थान भी समय से चिन्हित करते हुए बैरिकेडिंग करा दी जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की भी जानकारी एक्शन पीडब्ल्यूडी से ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी उदय सिंह, अपर जिलाधिकारी जयनाथ यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश राणा, ब्लाक प्रमुख धौलाना निशांत सिसोदिया, अपर पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करते हुए अधिकारी।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )

आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। मूड बहुत अच्छा रहेगा। ऑफिस में सभी काम समय पर पूरे कर पाएंगे। वरिष्ठ अधिकारियों से संबंध सुधरेंगे। आज व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पारिवारिक जीवन की स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी के साथ संबंधों में सुधार होगा। आज का दिन आर्थिक दृष्टि से दिन मिलाजुला है। आय और व्यय को संतुलित करने का प्रयास करें। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**भाग्यांकः** 3
**विशेषः** मांसाहार का पूर्णता त्याग कर दे।

### वृष
( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )

आज आप ऑफिस में सभी के साथ अच्छा व्यवहार करने की कोशिश करते हैं। साझेदारी में व्यापार करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। व्यापार में मंदी और पार्टनर से अनबन तनाव को बढ़ाएगी। आर्थिक क्षेत्र में दिन सामान्य रहेगा। सोच-समझकर खर्च करेंगे। पारिवारिक जीवन की स्थिति सामान्य रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में अपनों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**भाग्यांकः** 2
**विशेषः** वृद्ध महिला, वृद्ध पुरुष का सम्मान करें।

### मिथुन
( का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा )

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा नहीं है। पारिवारिक जीवन की स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। घर में शांति बनाए रखने के लिए अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। छोटी-छोटी बातों को लेकर नाराज हैं तो घर में कलह हो सकती है आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए महामारी के दौरान सावधान रहना होगा।

**भाग्यांकः** 9
**विशेषः** पीपल के पेड़ की जड़ में पानी डालें।

### कर्क
( ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )

कार्यालय में आज अतिरिक्त जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। सभी काम समय पर पूरे करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। व्यापारियों को जोखिम भरा फैसला लेना पड़ सकता है। पारिवारिक जीवन की स्थिति में सुधार है। माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार रहेगा स्वस्थ रहने के लिए ठंडी चीजों का सेवन न करें। आज का दिन शानदार रहेगा।

**भाग्यांकः** 3
**विशेषः** सोने का कड़ा धारण करें।

### सिंह
( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )

आज परिवार के साथ-साथ अपने काम पर भी ध्यान देने की जरूरत है। आर्थिक रूप से आज का दिन काफी अच्छा रहेगा धन की प्राप्ति के योग हैं। संपत्ति में लाभ हो सकता है। व्यापारियों के लिए दिन बहुत ही शुभ है। नया काम शुरू करना चाहते हैं, रास्ते में कोई रुकावट आ रही है, तो समस्या का समाधान होगा। अपने काम पर पूरा ध्यान दें। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। इसलिए सचेत रहने की जरूरत हैं।

**भाग्यांकः** 2
**विशेषः** पीले रंग के चावल बांटे।

### कन्या
( टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो )

आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। करीबी से उपहार मिल सकता है। आज आपका दिमाग बेहतर रहेगा। माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा। भाई-बहनों के साथ संबंध बेहतर होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। वित्तीय निर्णय सोच-समझकर लेने होंगे। बैंकिंग क्षेत्र, मीडिया, राजनीति वालों के लिए दिन बहुत ही शुभ है। छोटे व्यापारी उम्मीद के मुताबिक लाभ कमा सकते हैं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**भाग्यांकः** 9
**विशेषः** भगवान विष्णु को पीले गुलाब के फूल अर्पित करें।

### तुला
( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। जोखिम भरे व्यावसायिक निर्णयों से बचें। जल्दबाजी में कोई काम करेंगे तो धन की हानि हो सकती है। पारिवारिक जीवन की स्थिति सामान्य रहेगी। पैसों को लेकर चिंता बढ़ेगी। आज आपको धन नहीं मिला, तो भयानक वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। स्वस्थ रहने के लिए देर रात तक काम करने से परहेज करें।

**भाग्यांकः** 3
**विशेषः** पानी में हल्दी डालकर स्नान करें।

### वृश्चिक
तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

सरकारी कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में अधिक मेहनत करनी होगी। पार्टनरशिप में व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ है। व्यापार में वृद्धि के योग बन रहे हैं। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम और एकता बनी रहेगी। जीवनसाथी से झगड़ा न करें। नुकसान हो सकता है। आज का दिन शानदार रहेगा।

**भाग्यांकः** 4
**विशेषः** पीला रंग का रुमाल जेब में रखें।

### धनु
( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )

पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। घर के वातावरण में शांति बनी रहेगी। दिन परिवार वालों के साथ काफी खुशी से बिता पाएंगे। पार्टनर के साथ अतिरिक्त समय बिता पाएंगे। आज का दिन वैवाहिक जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक होने जा रहा है आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। आर्थिक प्रयास सफल होंगे। सभी काम बनेंगे शाम तक सभी समस्याओं का हल अपने आप निकल जाएगा। आज का दिन सामान्य रहेगा।

**भाग्यांकः** 1
**विशेषः** सूर्य देव को हल्दी मिलाकर जल दे।

### मकर
( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )

आज काम पर एक महत्वपूर्ण बैठक हो सकती है। बेहतर होगा कि वरिष्ठ अधिकारियों की बातों को नजरअंदाज न करें। काम पर ज्यादा ध्यान दे। दवा व्यापारी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। कारोबार में अच्छी बढ़त देखने को मिल सकती है। सेहत का ख्याल रखें बेन। आज किसी रुके हुए काम के पूरा होने की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आज का दिन परिवार के लोगों के साथ अच्छा गुजरेगा।

**भाग्यांकः** 1
**विशेषः** चने की दाल का दान करें।

### कुंभ
( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )

जातकों को सरकारी नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। व्यवसाय में जल्दबाजी न करें। कर्मचारियों को वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। आर्थिक रूप से दिन सामान्य रहेगा। काम का बोझ कुछ कम होगा। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छे संबंध बनाने की कोशिश करें। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। समय पर खाने का अभ्यास करें।

**भाग्यांकः** 8
**विशेषः** पीले रंग के चंदन का टीका माथे पर लगाएं।

### मीन
( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )

जातकों को आज कोई दीर्घकालिक प्रयास विफल होने से काफी निराशा होगी। कर्मचारियों को ऑफिस में अच्छा व्यवहार रखना होगा। पारिवारिक जीवन में आज सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार के सदस्यों के साथ संबंध सुधरेंगे। जीवनसाथी को पर्याप्त समय देने की कोशिश करेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। अपनी आंखों का अच्छे से ख्याल रखे। किसी रुके हुए काम के पूरा होने की संभावना है।

**भाग्यांकः** 6
**विशेषः** विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

**मध्य प्रदेश बेहद खूबसूरत प्रदेश है। पर्यटन के लिहाज से यहां अनेक ऐसे मनोरम स्थल हैं, जहां पहुंचना हर सैलानी चाहता है। आइए, आज हम आपको मध्य प्रदेश के कुछ ऐसे ही सुंदर और ऐतिहासिक स्थलों से परिचय करा रहे हैं।**

# कभी तो दिन गुजारिए मध्य प्रदेश में

## खजुराहो

अपने मंदिरों की मूर्तिकला की महिमा से खजुराहो दुनिया को स्तब्ध कर देता है। चंदेल तथा राजपूत कुलों द्वारा 950 से 1100 ई. के बीच निर्मित यह मंदिर अनुपम हैं, जो हिंदू वास्तुकला और मूर्तिकला के कुछ सबसे उत्तम नमूनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे मंदिर, भारत का दुनिया के लिए अनोखा उपहार हैं। यहां, परमात्मा से मिलन के आसन में गढ़े पुरुष-महिला जोड़ों की मूर्तियों, शिल्पकला के शिखर का अनुभव दिलाती है। यह शिल्प जीवन का, खुशी का, प्यार का जय गान है, जो निष्पादन में परिपूर्ण और अभिव्यक्ति में उदात्त हैं। रचनात्मकता की एक सच्ची प्रेरित लहर में यह शिल्प बनाए गए थे। ऐसे कुल 85 मंदिरों में से आज, केवल 22 मंदिर टिक पाए हैं, जो दुनिया के महान कलात्मक आश्चर्यों में से एक है। वास्तुकला की दृष्टी से भी वे अद्वितीय हैं, क्योंकि अपनी अवधि के मंदिर प्रोटोटाइप से वे बहुत अलग रहे हैं। हर मंदिर एक ऊंचे, पक्के मंच पर, उर्ध्व दिशा में उच्च संरचना पर, भव्यता और चमक के जादुई प्रभाव के साथ खड़ा है। इसके हर प्रमुख हिस्से की अपनी छत है, जो इस तरह एक-दूजे से जुड़े हुए हैं, कि उनमें से सबसे ऊंचा हिस्सा मध्य स्थान पर तथा निचला बरामदे के स्तर पर है, जो देवताओं के निवास हिमालय की बढ़ती चोटियों समान, एक बेहद मनोरंजक कल्पना सा प्रतीत होता है।

चंदेल इतिहास की उत्कृष्ट अवधि के दौरान निर्मित यह मंदिर, पूरी तरह से बलुआ पत्थर में बने हुए हैं, जो केन नदी के पूर्वी तट की पन्ना खदानों से लाया गया था। चूने का उपयोग मालूम न होने के कारण पत्थर की सिल्ली को एक साथ जोड़ा जाता था। खजुराहो के सभी मंदिर एक सजातीय शैली और एक विशिष्ट वास्तुकला के साथ शैव, वैष्णव और जैन संप्रदायों से संबंधित हैं। चौसठ योगिनी, ब्रह्मा और लालगुआन महादेव, इन तीन मंदिरों का अपवाद है, जिनके निर्माण में ग्रेनाइट और बलूआ पत्थर का आंशिक रूप से प्रयोग किया गया है। सभी मंदिर तीन भौगोलिक डिवीजनों में अर्थात पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी में बंटे हुए हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत खजुराहो के स्मारक एक विश्व विरासत स्थल हैं।

### कैसे पहुंचे

दिल्ली, भोपाल, रायपुर और मुंबई से नियमित उड़ानें उपलब्ध हैं। भारतीय रेलवे के नक्शे में अब खजुराहो रेलवे स्टेशन भी है। हरपालपुर (99 किमी), सतना (120 किमी) और झांसी (175 किमी) अन्य निकटतम रेलवे स्टेशन हैं। यह सड़कों से भी अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।



## मांडू

**मांडू** का दौरा करने के बाद भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने टिप्पणी करते हुए कहा था की, 'मांडू के अवशेष और खंडहर रोम की तुलना में बेहतर हैं और यह स्थान दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता रखता है।' राज्य सरकार भारत के एक महान व्यक्ती के इन प्रसिद्ध शब्दों को सच कर दिखलाने की कोशिश में जुटी हुई है।

अपने स्मारकों, प्राकृतिक परिवेश और इतिहास के अलावा, राजसी सत्ता और धर्म के दायरे से परे प्रेम और भक्ति की कहानी, 'मांडू' को अन्य मध्य युगीन शहरों से अलग कर देती है। मांडू मालवा के वीर राजा बाज बहादुर और अद्वितीय सौंदर्य की मलिका, रानी रूपमती की प्रेम कहानी बयान करता है। रीवा का अद्भुत कुंड इस महान प्रेम कहानी का गवाह बना हुआ है। इस जगह पर हर तरफ अफगान वास्तुकला के खंडहर फैले हुए हैं। स्मारकों के समूह में शामिल है।



**होशांग शाह का मकबरा**
**मांडू की जामी मस्जिद**
**अशर्फी महल**
**बाज बहादुर का महल**
**रानी रूपमती का खेमा**
**नीलकंठ तीर्थ**
**नीलकंठ महल**
**जहाज महल**
**हिंदोला महल**

इको पाइंट, लोहानी गुफा और उनसे जुड़े मंदिर, गुफाएं और सनप्वाइंट अन्य पर्यटक स्थल हैं।

**कैसे पहुंचे:** मांडू के लिए निकटतम हवाई अड्डा इंदौर (100 किमी) है, जो मुंबई, दिल्ली और भोपाल से जुड़ा है। निकटतम रेलवे स्टेशन मुंबई-दिल्ली मैन लाइन पर, रतलाम (124 किमी) और इंदौर (100 किमी) हैं।

## चाचाई फॉल्स

रीवा जिले के सिरमौर तहसील में बीहड़ नदी के पानी से बना, यह भारत के सबसे खूबसूरत झरनों में से एक है। 115 मीटर गहरा, 175 फीट चौड़ा और 500 फीट की ऊंचाई से गिरते इस झरने का पानी अपनी चारों ओर धुंधले कोहरे की एक छाया बनाता है और दर्शकों को अपनी असीम सुंदरता से मंत्रमुग्ध कर देता हैं। यह रीवा से सड़क मार्ग से 45 किमी दूर है।

## भीमबेटका

भीमबेटका में नवपाषाण युग से संबंधित 600 से अधिक चट्टान आश्रयों को/ गुफाओं को पाया गया है। यहां, एक उज्ज्वल, मनोरम विस्तार में, 500 से अधिक गुफाओं के चित्र, प्रागैतिहासिक समय में गुफा में रहने वाले लोगों के जीवन को दर्शाते हैं, जो भीमबेटका समूह को मानव जाति के इतिहास का मूल्यवान पुरातात्विक खजाना बना देती है। भीमबेटका एक यूनेस्को विश्व विरासत स्थल भी बन गया है। यहां की सैकड़ों गुफाओं में से चित्रों वाली 12-15 गुफाएं यात्रियों के लिए खुली हैं। भीमबेटका के अद्वितीय मूल्यों के बावजूद यह स्थान अभी भी पर्यटकों के बीच कम लोकप्रिय है।

1957 में, भारतीय पुरातत्वविद् डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ने ट्रेन की खिड़की से ओबेदुल्लागंज की दक्षिण में बहुत ही प्रभावशाली परिदृश्य देखा। वे गुफाओं की शानदार विशाल चट्टानें और प्रवेश द्वार थे। इन गुफाओं में न सिर्फ प्रागैतिहासिक युग की पत्थर की कलाकृतियां थीं, बल्कि, गुफाओं की दीवारों और छतों पर चित्र भी बने हुए थे। बाद में वाकणकर और उनके छात्रों ने चित्रों की अच्छी नकल की और उन्हें फ्रांस तथा अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किया। हालांकि 1970 के दशक में जब अधिक पुरातत्वविदों ने भीमबेटका का दौरा किया, तब दुनिया को इस खोज के वास्तविक मूल्य का एहसास हुआ।

**कैसे पहुंचे:** भीमबेटका भोपाल से भोपाल-होशंगाबाद रोड पर 40 किमी दूर है और भोपाल परिवहन के सभी साधनों द्वारा दिल्ली-ग्वालियर-इंदौर-मुंबई जैसे प्रमुख शहरों के साथ जुड़ा हुआ है।



## पचमढ़ी

**यह** सदाबहार सतपुड़ा पर्वतमाला में बसा एक सुंदर हिल स्टेशन है, जो 1067 मीटर की ऊंचाई पर है। पचमढ़ी को पूरे वर्ष उत्कृष्ट मौसम का वरदान प्राप्त है। तथापि, अपनी महान प्राकृतिक सुंदरता और शांति तथा एकांत इसकी सबसे अद्भुत विशेषताएं हैं। किंवदंतियों के अनुसार कहा जाता है कि पचमढ़ी प्राचीन चट्टानों को काटकर बनी गुफाएं हैं, जहां पांच पांडव भाइयों ने शरण ले रखी थी। वर्ष 1857 में पचमढ़ी की खोज और विकास कैप द्वारा किया गया। बाद में, यह एक अद्भुत यात्रा स्थल में बदल गया।

शांत सैर के लिए पचमढ़ी में वन समान उद्यान और वनमार्ग उपलब्ध है, जिनके छायादार रास्ते जंगलों के परिदृश्य दिखाते हुए गुजरते हैं और पठार के छोर पर स्नान के लिए नदियों और झरनों का शीतल बहाव और रॉक क्लाइम्बिंग के लिए चुनौती देनेवाली बीहड़ पहाड़ियों के लुभावने दृश्य दिखाई देते हैं। एक और खास आकर्षण है, लाल बलूआ पत्थर की सीधी ढाल का वैभव, जो शाम के वक्त चमकीले गुलाबी और बैंगनी जैसे शानदार रंगों में डूबा दिखाई देता है। इसके साथ, पचमढ़ी में कम खर्चीले आरामदेह पर्यटक आवास और गोल्फ कोर्स, स्केटिंग रिंग तथा प्राच्य संगीत के एक स्कूल के साथ मनोरंजन केंद्र जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं।

**पचमढ़ी में पर्यटकों के आकर्षण:** प्रियदर्शिनी प्वाइंट, झरने, तीर्थ, जटाशंकर, रॉक शेल्टर, धूपगढ़, पांडव गुफाएं

**कैसे पहुंचे:** निकटतम हवाई अड्डे भोपाल (210 किमी) और नागपुर (259 किमी) हैं। मुंबई-हावड़ा लाइन पर इटारसी के पास पिपरिया (53 किमी) सबसे सुविधाजनक रेलवे स्टेशन है। सड़क मार्ग से यह स्थान भोपाल, नागपुर, होशंगाबाद और पिपरिया के साथ जुड़ा हुआ है।

## पातालकोट

यह जगह प्रकृति का एक स्थलाकृतिक आश्चर्य है। यह 1700 फुट गहरी घाटी छिंदवाड़ा जिले में स्थित है और यह भरीयां जनजाति का निवास स्थान है। पातालकोट अपनी भौगोलिक और विशाल प्राकृतिक सुंदरता और अंदरूनी रहस्यवादी दुनिया की वजह से बाहर की दुनिया के लोगों के लिए अत्यधिक आकर्षक प्रतीत होता है। यहां के मूल निवासी अभी भी प्रकृति के बहुत करीब है और स्वयं के और बाहर की दुनिया के बीच एक सहज संतुलन बनाए रखे हुए हैं। यह स्थान छिंदवाड़ा से 78 किमी दूर है।



# इस खूबसूरत जगह पर पूरे साल होती है बारिश, पर नहीं आती बाढ़

इस बार मानसून में जहां दिल्ली-एनसीआर में बारिश के दौरान हुए जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरे प्रदेशों में भी बारिश का विकराल रूप देखने को मिला। केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित दक्षिण भारत में कई प्रदेशों बाढ़ के हालात रहे। सोचिए कि इन प्रदेशों में केवल मानसून की बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो जाते हैं, अगर यहां हमेशा बारिश होती रहे तो क्या होगा? यकीनन हालात काफी खराब हो जाएंगे, लेकिन भारत में एक ऐसी जगह है जहां रोज बारिश होती है।



> मेघालय में रेलमार्ग का एकमात्र मार्ग मेहंदीपत्थर तक है, जहां से गुवाहाटी तक नियमित रेल सेवा चलती है। दिल्ली से गुवाहाटी तक जाया जा सकता है। शिलांग से 103 किलोमीटर पर गुवाहाटी निकटतम रेलवे स्टेशन है।

### क्या है खास

**नोहकलिकाई वॉटरफॉल्स :** नोहकलिकाई वॉटरफॉल्स चेरापूंजी यानी कि सोहरा से केवल 8 किमी की दूरी पर है और ये झरना भारत का सबसे ऊंचे झरनों में से एक है। दूध की तरह पहाड़ी से गिरता पानी देख कर अकसर लोगों के मन में ये सवाल उठता हैं कि आखिर ये पानी कहां से आ रहा है? तो आपको बता दें की इस झरने के पानी का स्रोत कोई बड़ी नदी नहीं, बल्कि चेरापूंजी में होने वाली लगातार बारिश है। ये झरना काफी खूबसूरत है साथ ही झरने के पानी में मस्ती करने के लिए झरने के नीचे पर्यटकों के लिए खास व्यवस्था की गई है।

**कम बारिश का महीना:** साल के कुछ महीने ऐसे होते हैं, जिसमें चेरापूंजी में बारिश की संभावना कम होती है। दिसंबर से फरवरी के बीच यहां बारिश कम होती है। इन दो महीनों में मौसम साफ होता है, लेकिन बीच-बीच में बारिश हो सकती है। नोहकलिकाई वॉटरफॉल्स में भी बारिश न होने का असर पड़ता है और ये झरना दो महीने तक लगभग सूखा रहता है।

भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य मेघालय में बसा चेरापूंजी में पूरे साल बारिश होती है। साल में शायद ही ऐसा कोई दिन होता हो जब बारिश न हुई हो। ऐसे में भी वहां के लोग बहुत ही सामान्य जीवन जीते हैं। बारिश की वजह से इस जगह की रफ्तार कभी नहीं थमती। चेरापूंजी बारिश के लिए केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मशहूर है। हाल ही में इसका नाम चेरापूंजी से बदलकर सोहरा रख दिया गया है। वास्तव में स्थानीय लोग इसे सोहरा नाम से ही जानते हैं।

# सड़क मार्ग से यात्रा के दौरान रखनी होगी महत्वपूर्ण सावधानियां

**निरंकुश सड़क यात्रा अब एक अतीत की बात हो गई है। आज के समय में यात्रा करने के लिए आपको पहले की अपेक्षा अधिक सावधानी के साथ प्लानिंग और तैयारी करनी होगी। मसलन, सड़क पर निकलने से पहले नक्शे का अध्ययन करें।**



**क्या** आप कोरोना कारावास से बहुत अधिक ग्रसित हो गए हैं और अब कहीं बाहर निकलने के लिए सोच रहे हैं? आखिर क्यों न हों। कोरोना महामारी को भारत में पंख पसारे चार महीने से ज्यादा हो गए हैं, जिसने सभी लोगों को घर के अंदर कैद कर रखा है। जहां कुछ लोग घर से बाहर रहते हुए बहुत ज्यादा खिन्न (homesick) रहने लगे हैं, वहीं कुछ लोग भ्रमण की लालसा (wanderlust) से व्याकुल हुए जा रहे हैं। और अब अंततः कहीं किसी खूबसूरत शहर या स्थान की यात्रा के बारे में धीरे धीरे सोचना शुरू कर रहे हैं।

थोड़ी राहत की बात ये है कि चूंकि सरकार ने अब यात्रा प्रतिबंधों में काफी ढील दे दी है, तो आप इस बारे में अब सोच सकते हैं। हालांकि, सार्वजनिक परिवहन सेवाएं जैसे बस, टैक्सी और बहुत सारी ट्रेन देश के अधिकांश हिस्सों में सुचारु रूप से चलनी शुरू हो गई हैं, लेकिन सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए काफी संख्या में लोग सार्वजनिक वाहनों की अपेक्षा अपने निजी वाहनों से ही यात्रा करना पसंद रहे हैं, क्योंकि आज जब किसी को भी इस बात का अंदाजा नहीं है कि कोविड-19 महामारी का कब अंत होगा, लिहाजा निश्चित रूप से अपने निजी वाहन से ही यात्रा करना श्रेयस्कर होगा और यही एक सुरक्षित विकल्प भी है। तो अगर आप कहीं किसी छोटी दूरी की यात्रा पर अपने निजी वाहन से जाने का विचार बना रहे हैं तो आपको इन बातों की ध्यान अवश्य रखना होगा।

### सबसे पहले अपने मार्ग का निर्धारण करें

निरंकुश सड़क यात्रा अब एक अतीत की बात हो गई है। आज के समय में यात्रा करने के लिए आपको पहले की अपेक्षा अधिक सावधानी के साथ प्लानिंग और तैयारी करनी होगी। मसलन, सड़क पर निकलने से पहले नक्शे का अध्ययन करें, सही और सुरक्षित मार्ग निर्धारित करें जिस पर आवागमन थोड़ा कम हो और उस मार्ग के बारे में सभी आवश्यक जानकारी जैसे पेट्रोल पंप, खाने-पीने और आराम करने की सुविधा इत्यादि हासिल करें। ये भी ध्यान रखें कि कोविड-19 की निरंतर बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए और इसके प्रसार को नियंत्रित करने के लिए सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में से कुछ ने बाहर के लोगों के आवागमन पर सख्त दिशा-निर्देश लागू किए हैं। हालांकि, अधिकांश राज्यों ने यात्रा पास की आवश्यकता को खत्म करने की अपनी सहमति प्रदान की है, लेकिन फिर भी आपको उस राज्य के यात्रा निर्देशों को अच्छी तरह से जान लेना चाहिए जहां आप जा रहे हैं।

### कार को साफ-सुथरा रखें

दस्ताने पहनें और डैशबोर्ड, स्टीयरिंग व्हील, सीट बेल्ट और गियर शिफ्ट की सफाई के लिए अल्कोहल-आधारित वाइप्स का उपयोग करें, क्योंकि ये एक कार में सबसे अधिक स्पर्श वाली जगह हैं। यदि आपकी कार अच्छी तरह से साफ और सैनिटीजेड नहीं है, तो यह बहुत आसानी से रोगाणुओं का एक डिब्बा बन जाएगी। यात्रा पर निकलने से पहले अपनी कार की सर्विसिंग करना कभी न भूलें। और सबसे महत्वपूर्ण बात अपने फर्श मैट को जितनी बार संभव हो सके, धोते रहे ताकि आपके जूते की गंदगी अधिक समय तक कार में बंद न रहे। डिस्पोजेबल टिश्यू, अल्कोहल युक्त सैनिटाइजर और दस्ताने की पर्याप्त मात्रा रखें और पीने का पानी भी साथ अवश्य रखें।

### मास्क हमेशा लगा के रखें

चूंकि सड़क की यात्रा आपको कई यात्रियों और स्थानीय लोगों के साथ निकट संपर्क में लाती हैं, इसलिए मास्क को हमेशा पहन कर रखें और यात्रा के दौरान हर 10 घंटे में इसे जरूर बदलते रहें। इसके अलावा, निकटतम अस्पतालों, कोविड-19 परीक्षण केंद्रों और आपातकालीन नंबरों की जानकारी भी अपने पास रखें। अपने आसपास के किसी संक्रमित व्यक्ति को जानने लिए आरोग्य सेतु ऐप का उपयोग अवश्य करें। शारीरिक दूरी हमेशा बनाये रखिये।

### इसके अलावा आप इन बातों की भी ध्यान जरूर रखें

- अपनी नाक, आंख और मुंह को अंगुलियों से छूने से बचें। हालांकि कभी-कभी खुजली हो सकती है, लेकिन हाथ को अच्छी तरह से साफ करके ही खुजली करें।
- टिश्यू पेपर या फिर अपनी कुहनी के अंदर छींके। अपने साथ कुछ डिस्पोजेबल बैग ले जाएं, ताकि गंदगी को उसमें रख सकें।
- भुगतान के लिए डिजिटल मोड का उपयोग करें, क्योंकि डिजिटल भुगतान खरीदारों और विक्रेताओं के बीच शारीरिक संपर्क को कम करता है।
- घर से पर्याप्त मात्रा में भोजन पैक करें और जहां तक संभव हो सके, बाहर खाने से बचें, क्योंकि कभी कभी पता नहीं चलता की सड़क के किनारे रेस्तरां या होटल आवश्यक स्वच्छता का पालन कर भी रहे हैं या नहीं।
- हालांकि हम सभी जानते हैं कि यात्रा के शौकीन लोगों के लिए अभी यह एक मुश्किल समय हैं, लेकिन अगर हम सभी एक साथ मिलकर आपस में एक दूसरे की सुरक्षा का ध्यान रखें तो हम निश्चित रूप से अपनी यात्रा का भरपूर आनंद ले सकेंगे।

आईसीसी टी-20 रैंकिंग

# विराट चौथे, राहुल छठे स्थान पर बरकरार

## शीर्ष सात बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं

## इंग्लैंड के डेविड मलान बल्लेबाजी में शीर्ष पर



एजेंसी। दुबई

**भारतीय** कप्तान विराट कोहली और स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजी सूची में क्रमशः चौथा और छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि गेंदबाजी सूची में कोई भारतीय शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। इंग्लैंड के डेविड मलान बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे हैं। शीर्ष सात बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि वेस्टइंडीज के एविन लुईस एक स्थान के नुकसान से नौवें स्थान पर हैं। गेंदबाजों की सूची में तबरेज शम्सी शीर्ष पर कायम हैं, जबकि उनके बाद वानिंदु हसारंगा और राशिद खान का नंबर आता है। गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के शीर्ष गेंदबाज अनुभवी भुवनेश्वर कुमार हैं, जो 12वें स्थान पर चल रहे हैं। चोटिल आफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर 18वें स्थान के साथ शीर्ष 20 में शामिल एक अन्य भारतीय गेंदबाज हैं। युजवेंद्र चहल एकमात्र गेंदबाज हैं, जिनकी रैंकिंग में सुधार हुआ है। वह अब 25वें स्थान पर हैं। उन्हें हालांकि टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं दी गई है। आलराउंडरों की सूची में हार्दिक पंड्या शीर्ष 20 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। वह 98 अंक के साथ सूची में जगह बनाने में सफल रहे हैं। भारत ने पिछली टी-20 श्रृंखला श्रीलंका में खेली थी और इसके बाद से टीम ने सबसे छोटे प्रारूप में कोई मुकाबला नहीं खेला है।

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में आठ विकेट चटकाए। नासुम अहमद 25 स्थान के फायदे से 15वें जबकि मेहदी हसन चार स्थान के फायदे से 20 स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन ने हालांक आलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को गंवा दिया है। बल्लेबाजों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अमेरिका के जसकरण मल्होत्रा 169 स्थानों की लंबी छलांग के साथ 132वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जसकरण ने विश्वकप सुपर लीग 2 मैच में पपुआ न्यू गिनी के गोडी तोका के खिलाफ एक ओवर में छह छक्के जड़े थे। गेंदबाजों की सूची में नेपाल के लेग स्पिनर संदीप लामिचेन 91वें स्थान के साथ शीर्ष 100 में जगह बनाने में सफल रहे।



# आईपीएल 2021: 28 महीने बाद स्टेडियम में दर्शकों की वापसी

एजेंसी। दुबई

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल 2021) के 14वें सीजन के दूसरे चरण में दर्शकों को मैदान में एंट्री मिलेगी। बीसीसीआई ने बुधवार को इसके लिए अनुमति दे दी है। बता दें कि आईपीएल 2021 के दूसरे चरण का पहला मुकाबला 19 सितंबर को पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस और तीन बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच खेला जाएगा। आईपीएल की साइट पर टिकट बुकिंग को लेकर सारी जानकारी साझा की गई हैं। आईपीएल के मुताबिक, 16 सितंबर से फैन्स टिकट बुक करा सकते हैं। टिकट की बुकिंग आधिकारिक वेबसाइट www.ipltw.com के अलावा PlatinumList.net साइट से भी कराई जा सकती है। हालांकि लीग के आयोजकों ने यह नहीं बताया है कि स्टेडियम में कितने दर्शकों की मौजूदगी रहेगी। मगर सूत्रों ने कहा कि स्टेडियम के क्षमता के 50 प्रतिशत दर्शकों को मैदान में एंट्री दी जा जाएगी।

बीसीसीआई के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। 28 महीने बाद दर्शकों की स्टेडियम में वापसी हो रही है। पिछली बार मई 2019 में भारत में हुए आईपीएल के 12वें संस्करण में दर्शक मैदान पर पहुंचे थे। इसके बाद 2020 में यूएई और 2021 में भारत में हुए पहले चरण में दर्शकों को मैदान में आने की इजाजत नहीं मिली थी। कोरोना की वजह से यह फैसला लिया गया था। इस फैसले से बीसीसीआई पहले चरण में हुए नुकसान की भरपाई भी कर सकता है। आईपीएल के बाकी बचे 31 मुकाबले 27 दिन में दुबई, शारजाह और अबूधाबी में खेले जाएंगे। इनमें से दुबई में 13, शारजाह में 10 और अबूधाबी में 8 मैच होंगे। भारतीय क्रिकेटर कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल के लिए कड़े नियम बनाए हैं ताकि बायो-बबल का उल्लंघन न हो सके। बोर्ड ने 46 पन्नों की हेल्थ एडवाइजरी बनाई है, जिनका आईपीएल से जुड़े सभी लोगों को पालन करना होगा। गौरतलब है कि पहले चरण में के दौरान बायो-बबल को लेकर लापरवाही बरतने की खबरें आई थीं।



| 16 सितंबर से शुरू होगी टिकटों की बिक्री | 27 दिन में खेल जाएंगे बचे हुए 31 मुकाबले |
|---|---|
| मुंबई-चेन्नई के बीच खेला जाएगा दूसरे फेज का पहला मुकाबला | |

### कोरोना के कारण चार मई को स्थगित हो गया था आईपीएल

आईपीएल 2021 के पहले चरण को कोरोना महामारी के कारण चार मई को स्थगित कर दिया गया था। दो मई तक कुल 29 मुकाबले खेले गए थे। आईपीएल 2021 के स्थगित होने तक दिल्ली कैपिटल्स आठ मैचों में छह जीत के साथ पहले स्थान पर है जबकि चेन्नई सुपर किंग्स पांच मैचों में जीत के साथ दूसरे नंबर पर काबिज है। वहीं, विराट कोहली की कप्तानी वाली आरसीबी पांच मैचों में जीत के साथ तीसरे स्थान पर है।

### मोहम्मद कैफ ने कहा, पहले मैच के प्रदर्शन से ही लय बनेगी



**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच मोहम्मद कैफ ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे चरण में पहले मैच के प्रदर्शन से ही शीर्ष पर काबिज उनकी टीम की लय बनेगी। भारत में बढ़ते कोरोना मामलों के कारण मई में स्थगित आईपीएल का दूसरा चरण 19 सितंबर से यूएई में खेला जाएगा। दिल्ली इस समय आठ मैचों में 12 अंक लेकर शीर्ष पर है। कैफ ने एक विज्ञप्ति में कहा, आईपीएल के पहले चरण के बाद लंबा ब्रेक हो गया, लेकिन हम खुशकिस्मत हैं कि हमारे अधिकांश खिलाड़ी लगातार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमारे पास संतुलित टीम है क्योंकि इसमें अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट का अनुभव रखने वाले खिलाड़ी हैं। पहला मैच काफी अहम होगा। इससे हमारी लय बनेगी। कैफ ने कहा कि लीग यूएई में होने से कई खिलाड़ियों की भूमिका बदल सकती है। उन्होंने कहा, हमने भारत में अच्छा खेला और अब उस प्रदर्शन को यूएई में बरकरार रखना है। कुछ खिलाड़ियों की भूमिका बदल सकती है क्योंकि यहां हालात अलग हैं। हमें नए सिरे से शुरुआत करनी होगी और हालात के अनुकूल ढलना होगा। कंधे की चोट के कारण पहले चरण से बाहर रहे श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी हुई है। कैफ ने कहा, टीम में बहुत बदलाव नहीं हुए हैं, लेकिन सबसे अच्छी बात है कि श्रेयस की वापसी हुई है। वह शानदार खिलाड़ी है और उसका प्रदर्शन जबर्दस्त रहा है। दिल्ली का सामना 22 सितंबर को पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

# तीनों प्रारूपों में रोहित शर्मा की तरह प्रदर्शन करना चाहती हैं एलिसा हीली



एजेंसी। ब्रिसबेन

**आस्ट्रेलिया** की शीर्ष महिला क्रिकेटर एलिसा हीली ने कहा कि वह रोहित शर्मा से प्रेरणा लेकर इस भारतीय स्टार सलामी बल्लेबाज की तरह खेल के तीनों प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करना चाहती हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज हीली भारत के खिलाफ 21 सितंबर से शुरू हो रही श्रृंखला की तैयारियों में जुटी हैं। आस्ट्रेलियाई महिला टीम भारत के खिलाफ तीन वनडे, एक दिन रात्रि टेस्ट और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

हीली ने अभी तक केवल चार टेस्ट मैच खेले हैं और उनका कहना है कि वह गुलाबी गेंद के मुकाबले को वनडे की तरह ही खेलना चाहेंगी जो कैनबरा में 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक खेला जाएगा। हीली ने श्रृंखला के लांच फाक्स क्रिकेट कार्यक्रम में कहा, यह (गुलाबी गेंद का टेस्ट) पेचीदा होगा क्योंकि मैंने सिर्फ चार टेस्ट मैच ही खेले हैं इसलिए मैं यह नहीं कहूंगी कि मैं टेस्ट मैच में खेलने के लिए सहज हूं। उन्होंने कहा, जहां तक मेरी बात है तो इस टेस्ट में मेरी वनडे बल्लेबाजी से ज्यादा कुछ बदलाव नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि खुद को और ज्यादा समय देना (बल्लेबाजी के लिए) शानदार है। उन्होंने कहा, आधुनिक टेस्ट मैच को देखें तो यह काफी बदल गया है। मैं रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी से प्रेरणा लेती हूं जो दुनिया के सफेद गेंद के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक हैं, फिर भी वह टेस्ट क्रिकेट में वास्तव में सफल सलामी बल्लेबाज हैं।

सफेद गेंद के क्रिकेट में दबदबा बनाने के बाद भारतीय सीमित ओवर की टीम के उप कप्तान रोहित ने लाल गेंद के प्रारूप में भी अपनी काबिलियत साबित की है। बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए रोहित ने भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के दौरे के दौरान अहम भूमिका अदा की। हीली ने कहा, इसलिए मैं उनकी (रोहित) तरह खेलना चाहती हूं कि वह सभी प्रारूपों में किस तरह से अपने कौशल से शानदार बल्लेबाजी करते हैं तो मैं सोचती हूं कि मैं किस तरह उनकी तरह का प्रदर्शन कर सकती हूं? भारत के खिलाफ श्रृंखला के बारे में बात करते हुए हीली ने कहा, भारतीय टीम काफी खतरनाक है क्योंकि उनकी टीम के बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती और हम कुछ चीजें उनके बारे में नहीं जानते। उन्होंने ऐसी कुछ नई खिलाड़ियों को चुना है जिन्हें हमने इस दौरे से पहले कभी नहीं देखा है। उन्होंने कहा, इसलिए वे हमेशा हमारे सामने नई खिलाड़ी को उतारना पसंद करते हैं भले ही वह पूनम यादव हो जो हमारे खिलाफ हमेशा कुछ अलग गेंदबाजी करती है।

# पूर्व न्यायाधीश इंदु डीडीसीए की लोकपाल नियुक्त

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदु मल्होत्रा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की नई लोकपाल सह आचरण अधिकारी होंगी। अध्यक्ष रोहन जेटली की अगुआई में डीडीसीए की आम सभा ने 65 साल की न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदु की नियुक्ति पर फैसला किया। डीडीसीए के निदेशक दिनेश शर्मा ने बुधवार को एजेंसी को बताया, आम सभा की बैठक में कई फैसले किए गए और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदु मल्होत्रा की एक साल के लिए नियुक्ति की गई। वह जल्द ही प्रभार संभालेंगी।

पता चला है कि न्यायमूर्ति बदर दुरेज अहमद के जाने के बाद यह पद खाली था और डीडीसीए अध्यक्ष जेटली ने निजी तौर पर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदु से लोकपाल का पद स्वीकार करने के लिए संपर्क किया। वर्ष 2007 में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदु को उच्चतम न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता बनाया था और वह तीन दशक के अंतर के बाद नामित होने वाली सिर्फ दूसरी महिला थीं। कुछ मामलों में उच्चतम न्यायालय की विभिन्न पीठ ने उन्हें न्याय मित्र भी बनाया। उच्चतम न्यायालय में 30 साल तक अधिवक्ता की भूमिका निभाने के बाद उनके नाम की सिफारिश सर्वसम्मति से उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए की गई।

## तालिबान से बचकर पाकिस्तान पहुंची अफगान महिला फुटबॉलर

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की 32 महिला फुटबॉल खिलाड़ी अपने परिवारों के साथ पाकिस्तान पहुंच गई हैं, जिन्हें तालिबान से धमकियों का सामना करना पड़ रहा था। बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्हें निकालने के लिए सरकार द्वारा आपात मानवीय वीजा जारी किए जाने के बाद ये फुटबॉलर पाकिस्तान पहुंची। राष्ट्रीय जूनियर बालिका टीम की इन खिलाड़ियों को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कतर जाना था जहां अफगान शरणार्थियों को 2022 फीफा विश्वकप के एक स्टेडियम में रखा गया है, लेकिन काबुल हवाईअड्डे पर 26 अगस्त को हुए एक बम धमाके के कारण वे ऐसा नहीं कर सकीं, जिसमें 13 अमेरिकी और कम से कम 170 अफगान नागरिकों की मौत हो गई थी।

# 'यूएई में आईपीएल से टी-20 विश्वकप में मुकाबला थोड़ा बराबरी का हो जाएगा'

एजेंसी। दुबई



**आस्ट्रेलिया** के स्टार आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का मानना है कि यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आयोजन से इन्हीं स्थलों पर अगले महीने होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए मुकाबला थोड़ा बराबरी का हो जाएगा। आईपीएल 19 सितंबर से यूएई में बहाल होगा। भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण इसे मई में बीच में स्थगित कर दिया गया था। आईपीएल समाप्त होने के बाद 17 अक्टूबर से टी-20 विश्वकप का आयोजन भी यूएई में ही होगा।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की तरफ से खेलने वाले मैक्सवेल ने आईसीसी-क्रिकेट.कॉम से कहा, यूएई में टूर्नामेंट के आयोजन से मुकाबला थोड़ा बराबरी का हो गया है। उन्होंने कहा, शायद इससे चीजें थोड़ा आसान हो जाती हैं क्योंकि वहां घरेलू मैदान जैसा फायदा नहीं मिलेगा। आईपीएल वहां खेला जा रहा है जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे जो बाद में विश्वकप में भी खेलेंगे इसलिए मुझे लगता है कि परिस्थितियां सभी के लिए समान होंगी। आस्ट्रेलिया के शीर्ष खिलाड़ी जैसे स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर, पैट कमिन्स आदि पिछले कुछ समय से नहीं खेले हैं लेकिन वे आईपीएल में मैदान पर वापसी करेंगे। मैक्सवेल ने कहा कि आईपीएल में खेलने से आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को विश्वकप की तैयारियों में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमारे कई खिलाड़ी आईपीएल में खेलेंगे और उन्हें यहां तैयारी का अच्छा मौका मिलेगा। उन्हें इन परिस्थितियों में कुछ मैच खेलने को मिलेंगे। यह हमारे बल्लेबाजों के लिए बहुत अच्छा होगा। मैक्सवेल ने कहा, जब तक टूर्नामेंट शुरू होता है तब तक हमारे गेंदबाज पूरी लय में लौट आएंगे।

# जमीनीं स्तर पर हैंडबॉल को बढ़ावा देने के लिए 240 करोड़ रुपये निवेश का वादा

एजेंसी। नई दिल्ली




**आगामी** प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) के लाइसेंसधारक ब्लूस्पोर्ट एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने देश में खेल को बढ़ावा देने के लिए 240 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया और उनके इस प्रस्ताव का राष्ट्रीय महासंघ ने स्वागत किया है। कंपनी ने कहा कि वह अगले पांच वर्षों में भारत में पुरुष और महिलाओं दोनों के हैंडबॉल के विकास में तेजी लाने के लिए इस धन का उपयोग करेगी और उसका लक्ष्य न केवल अभिजात वर्ग के स्तर पर बल्कि जमीनी स्तर पर भी इस खेल को बढ़ावा देना होगा।

ब्लूस्पोर्ट एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सह संस्थापक मनु अग्रवाल ने कहा, एक पेशेवर हैंडबॉल लीग और उसके विपणन के अलावा हम विभिन्न रणनीतिक सहयोगों और विशेष रूप से खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ भारत में हैंडबॉल से जुड़े बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए तैयार किए गए कार्यक्रमों के माध्यम से जमीनी स्तर पर खेल को विकसित करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण पर भी विचार कर रहे हैं। भारतीय हैंडबॉल महासंघ ने उनके सहयोग का स्वागत किया। महासंघ के कार्यकारी निदेशक आनंदेश्वर पांडे ने कहा, हैंडबॉल पर वैश्विक स्तर पर काफी निवेश किया जाता है और यह खेल लोकप्रियता और व्यावसायिक रूप से काफी विकास कर चुका है। उन्होंने कहा, हम भारत में काफी वर्षों से इस खेल के विकास के लिए तेजी से काम कर रहे हैं और हमारा मानना है कि ब्लूस्पोर्ट एंटरटेनमेंट के इस निवेश से इस प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी। कंपनी ने अगले 10 वर्षों के लिए भारत में पुरुष और महिला लीग-पीएचएल दोनों के अधिकार पहले ही हासिल कर लिए हैं। पुरुषों और महिलाओं के खेलों के लिए 120 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, कंपनी ने देश में जमीनी स्तर पर विकास के लिए 35 करोड़ खर्च करने की योजना बनाई है।

## इस भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के कभी आदी नहीं हो सकते : मलान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मलान का मानना है कि भारतीय गेंदबाज एक दूसरे से इतने अलग है कि कोई बल्लेबाज उन्हें खेलने का अभ्यस्त नहीं हो सकता। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारतीय तेज गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

भारत 2-1 से आगे था जब पांचवां मैच भारतीय खेमे में कोरोना संक्रमण के मामले आने के बाद रद्द कर दिया गया। तीन साल बाद टेस्ट टीम में लौटे मलान ने कहा कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाज एक दूसरे से अलग हैं और जब वे साथ में गेंदबाजी करते हैं तो बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल हो जाती है।

# अपने साथी शमी के अलावा बुमराह और सिराज से सीख लेना चाहते हैं नाथन एलिस

एजेंसी। नई दिल्ली

**पिछले** 24 महीनों के दौरान क्लब क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सफर पूरा करने वाले आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण के लिए तैयार हैं जहां से वहां कुछ नई सीख हासिल करना चाहते हैं।

आस्ट्रेलिया के अपने साथी रिले मेरेडिच की जगह पंजाब किंग्स की टीम में चुने गए एलिस अपने साथी और पसंदीदा गेंदबाज मोहम्मद शमी से कुछ सीख लेना चाहते हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस दौरान वह यार्कर करने में माहिर जसप्रीत बुमराह और आक्रामक मोहम्मद सिराज से भी गेंदबाजी को लेकर बात करने में सफल रहेंगे। एलिस ने दुबई से एजेंसी से कहा, आस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाना सपना साकार होने जैसा था और हां मैंने इसका (आईपीएल में खेलने) भी सपना देखा था। एलिस ने बांग्लादेश में अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ही हैट्रिक बनाई जिसके बाद उन्हें आईपीएल के बाद यूएई में ही होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया टीम के रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया। उन्हें डेथ ओवरों का विशेषज्ञ माना जाता है। एलिस ने कहा, मैंने वास्तव में (आईपीएल में) खेलने की उम्मीद नहीं लगाई थी।

# संक्षिप्त समाचार

## वर्तमान पर फोकस करने से टोक्यो में मदद मिली: उदिता

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर उदिता का मानना है कि वर्तमान पर फोकस करने से उनकी टीम को टोक्यो ओलंपिक में शुरुआती नाकामियों से उबरकर इतिहास रचने में मदद मिली। भारतीय महिला हॉकी टीम टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही जिसने क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया। उदिता ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, मुझे लगता है कि पहले तीन मैचों में मिली हार के बाद वर्तमान पर फोकस करने से ही हम वापसी कर सके। इससे हमें आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराने में भी मदद मिली और हमने टोक्यो में इतिहास रच डाला। अपने ओलंपिक अनुभव के बारे में उन्होंने कहा, एक युवा खिलाड़ी के तौर पर हमने इस ऐतिहासिक अभियान से बहुत कुछ सीखा। हमने जाना कि दबाव का सामना कैसे किया जाता है और कैसे वर्तमान पर फोकस करने से मदद मिलती है। हिसार में जन्मी यह खिलाड़ी इस समय बेंगलुरू के भारतीय प्राधिकरण केंद्र में सीनियर महिला टीम की 25 संभावित खिलाड़ियों के शिविर में है।

## आईसीयू से बाहर निकले पेले

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले कोलोनल ट्यूमर के आपरेशन के बाद अब गहन चिकित्सा ईकाई (आईसीयू) से बाहर आ गए हैं। 80 वर्ष के पेले की हालत स्थिर है और अब वह अलबर्ट आइंस्टीन अस्पताल में अपने कमरे में उपचार कराएंगे। अस्पताल ने एक बयान में यह जानकारी दी। आईसीयू छोड़ने के बाद पेले ने कहा कि वह 90 मिनट और अतिरिक्त समय में खेलने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, एक पल को भी ऐसा मत सोचना कि मेरे पास आ रहे हजारों संदेश मैंने पढ़े नहीं हैं। हर किसी को शुक्रिया जिन्होंने मुझे सकारात्मक ऊर्जा देने के लिए अपना वक्त दिया। खूब सारा प्यार। तीन बार के विश्वकप विजेता अकेले पुरुष फुटबॉल खिलाड़ी पेले को ट्यूमर का पता तब चला था जब वह अगस्त में नियमित जांच के लिए गए थे। उनका ऑपरेशन चार सितंबर को हुआ और पिछले सप्ताह ही उन्हें आईसीयू से बाहर आना था।

## लुकाकू ने चेल्सी को दिलाई जीत

**लंदन।** स्टार स्ट्राइकर रोमेलू लुकाकू के चौथे मैच में चौथे गोल की मदद से चेल्सी ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल के मैच में जेनिट सेंट पीटर्सबर्ग को 1-0 से हराया। लुकाकू के गोल ने स्पष्ट कर दिया कि चेल्सी ने क्यों रिकॉर्ड 135 मिलियन डॉलर खर्च करके उन्हें इंटर मिलान से अगस्त में खरीदा। बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने 69वें मिनट में रूसी चैंपियन टीम के खिलाफ गोल दागा। इससे पहले उन्होंने एस्टोन विला के खिलाफ शनिवार को तीन गोल किए थे। एक अन्य मैच में युवेंटस ने माल्मो को 3-0 से हराया।

## मेस्सी के जाने के बाद पहले मैच में बायर्न से हारा बार्सीलोना

**बार्सीलोना।** लियोनेल मेस्सी के जाने के बाद पहले ही मैच में बार्सीलोना को करारा झटका लगा, जब चैंपियन्स लीग फुटबॉल का आगाज बायर्न म्युनिख के हाथों करारी हार से हुआ। थॉमस म्यूलर के एक और रॉबर्ट लेवांडोवस्की के दो गोल की मदद से बायर्न ने बार्सीलोना को 3-0 से हराया। म्यूलर ने 34वें मिनट में गोल दागा, जो बार्सीलोना के खिलाफ उनका सातवां गोल है। लेवांडोवस्की ने 56वें और 85वें मिनट में गोल किए। दोनों गोल पहला प्रयास नाकाम रहने के बाद रिबाउंड पर किए गए थे। पिछले तीन मैचों में से बार्सीलोना ने दो जीते और एक ड्रॉ खेला था। ग्रुप ई के अन्य मैच में बेनफिका ने डायनामो कीव से गोलरहित ड्रॉ खेला।

## सेविला ने पहले मैच में साल्जबर्ग से ड्रॉ खेला

**सेविले।** दो स्पॉट किक चूकने का खामियाजा साल्जबर्ग को भुगतना पड़ा और दस खिलाड़ियों तक सिमटी सेविला ने उसे चैंपियन्स लीग फुटबॉल के पहले मैच में 1-1 से ड्रॉ पर रोका। साल्जबर्ग को तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से एक पर ही लुका सुचिच ने गोल दागा। सेविला के लिए इवान राकिटिच ने 42वें मिनट में बराबरी का गोल किया। सेविला को 50वें मिनट के बाद दस खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा चूंकि स्ट्राइकर युसूफ अन नेसरी को दूसरा पीला कार्ड मिल गया था।

## विलारीयाल को अटलांटा ने ड्रॉ पर रोका

**विलारीयाल (स्पेन)।** अटलांटा ने दस साल बाद चैंपियन्स लीग फुटबॉल में वापसी करते हुए पहले ही मैच में विलारीयाल को 2-2 से ड्रॉ पर रोका। यूरोपा लीग चैंपियन विलारीयाल ने दूसरे हाफ में बढ़त बना ली लेकिन जल्दी ही गंवा भी दी। विलारीयाल के लिए मनु ट्रिग्यूरोस ने हाफटाइम से पहले गोल किया और दूसरे हाफ में अर्नाट ग्रोएनेवेल्ड ने गोल दागा। अटलांटा के लिए रोबिन गोसेंस और रेमो फ्रेयूलेर ने गोल किए। ग्रुप एफ के अन्य मैच में यंग ब्वायज ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 2-1 से हराकर अप्रत्याशित जीत दर्ज की। विलारीयाल का सामना अब मैनचेस्टर युनाइटेड से जबकि अटलांटा की टक्कर यंग ब्वायज से होगी।

## बेंगलुरू एफसी ने ईरान के मिडफील्डर इमान से किया करार

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू एफसी ने इंडियन सुपर लीग के आगामी सत्र के लिए मंगलवार को ईरान के मिडफील्डर इमान बसाफा से अनुबंध की घोषणा की। ईरान के 29 साल के मिडफील्डर का अनुबंध 2021-22 सत्र के अंत तक होगा। हाल में परशियन गल्फ प्रो लीग में मशीन साजी का प्रतिनिधित्व करने वाले बसाफा इन गर्मियों में 10वें खिलाड़ी हैं जिससे बेंगलुरू की टीम ने करार किया है। क्लब ने ट्वीट किया, इमान हमारे साथ है। टीम ने ईरान के मिडफील्डर इमान बसाफा से 2021-22 सत्र के अंत तक करार कर लिया है। बसाफा अंडर 17, अंडर 20 और अंडर 23 स्तर पर राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं लेकिन उन्हें कभी सीनियर स्तर पर ईरान की ओर से खेलने का मौका नहीं मिला।

## भारत में जल्द शुरू होगी नई वॉलीबॉल लीग पीवीएल

**हैदराबाद।** भारत में वॉलीबॉल को बढ़ावा देने की कवायद के तहत जल्द ही देश में छह टीमों का फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट प्रीमियर वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) शुरू किया जाएगा। एनबीए जैसी शीर्ष अंतरराष्ट्रीय लीग की तर्ज पर इस टूर्नामेंट का संचालन होगा जिसमें फ्रेंचाइजी मालिक भी लीग के आयोजन में हितधारक होंगे। पीवीएल के पहले टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी जिनके नाम कालीकट हीरोज, कोच्चि ब्ल्यू स्पाइकर्स, अहमदाबाद डिफेंडर्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, चेन्नई ब्लिट्ज और बेंगलुरू तारपीडोज हैं। इस लीग का सोनी पिक्चर्स नेटवर्क पर प्रसारण होगा और इसके विपणन के विशेष अधिकार बेसलाइन वेंचर्स के पास होंगे जो देश में खेल मार्केटिंग की प्रमुख कंपनी है। फंतासी लीग कंपनी ए23 ने टूर्नामेंट के प्रायोजक के रूप में कई साल का करार किया है। आयोजकों के बयान के अनुसार जल्द ही नीलामी की तारीख और आगामी सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

## राष्ट्रीय अंडर-23 कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेंगे 750 पहलवान

**अमेठी (यूपी)।** देश भर के लगभग 750 पहलवान 17 सितंबर से यहां होने वाली अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेंगे जिसका उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी करेंगी। कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन 19 सितंबर तक किया जाएगा। इस दौरान ईरानी के अलावा भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन सैनिक स्कूल कौहार गौरीगंज के परिसर में किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बुधवार को कहा कि यह अमेठी के लिए गौरव का विषय है कि उसे राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर मिल रहा है।